CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 14 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 188 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


shahtimes2015@gmail.com

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश : योगी पेज 2



जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया खेल टाइम्स




नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि सम्पादकीय



बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी, संयुक्त निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोर्स कोऑर्डिनेटर पदों की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या लापरवाही प्रमाणित होने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि में वे निदेशालय से संबद्ध रहेंगे तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करेंगे। चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की एक गोपनीय शिकायत विभागीय मंत्री असीम अरुण को प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर जांच कराई गई। जांच के दौरान संयुक्त निदेशक की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इतना ही नही जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का मूल अभिलेखों से समुचित सत्यापन नहीं किया गया।

### महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर घिरे दयानिधि मारन

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से (सदेह) उपस्थित होने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, हाल में दिए एक बयान में दयानिधि मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इस बयान के बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई।

### सरकार की 25 लाख टन गेहूं व चीनी निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं के निर्यात के साथ-साथ 5 लाख टन गेहूं उत्पादों और चीनी के निर्यात की अनुमति दी। यह कदम पर्याप्त स्टॉक की स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। यह फैसला घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए लिया गया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और कीमतों के आकलन के बाद यह निर्णय लिया गया है। अभी निजी संस्थाओं के पास 2025-26 के दौरान गेहूं का स्टॉक लगभग 75 लाख टन है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है, जो देश में पर्याप्त आपूर्ति स्थिति का संकेत देता है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में कुल गेहूं की उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्यात अनुमतियों से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में स्थिर गति से होगा सुधार!

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान को शुक्रवार सुबह बधाई देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के साथ भारत की असहजता जगजाहिर रही है। संबंध तब और निचले स्तर पर पहुंच गए थे जब यह संदेह जताया गया था कि वर्तमान शासन ने बांग्लादेश में भारतीय मिशनों के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे, जिनमें हमले की घटनाएं भी शामिल थीं। हालांकि, विश्लेषकों को तुरंत बहुत अधिक आत्मीयता बढ़ने की उम्मीद नहीं है, बल्कि वे एक नपे-तुले और व्यवस्थित दृष्टिकोण की आशा करते हैं।

- पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने को व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं पीएम मोदी



### मोदी ने तारिक रहमान से की बात, जीत पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के प्रमुख तारिक रहमान से बात कर उन्हें बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लोगों की शांति और प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री रहमान को बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके प्रयासों के लिए समर्थन और शुभकामनाएं दी। बाद में श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तारिक रहमान से बातचीत कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश के हाल के चुनावों में मिली उल्लेखनीय विजय पर बधाई दी। मैंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों वाले दो निकट पड़ोसी देशों के रूप में, भारत दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता दोहराता है।

**कहा: बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में भारत साथ**

वहीं श्री रहमान द्वारा भारत के साथ संबंधों को सुधारने में बहुत तेजी दिखाने की भी संभावना कम है। बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में भारत-विरोधी भावना लंबे समय से एक शक्तिशाली राजनीतिक हथियार रही है। भारत के साथ बहुत अधिक उत्सुकता दिखाने की किसी भी धारणा से उनके राजनीतिक विरोधियों को हथियार मिल सकता है, जो नई सरकार को राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता करने वाली सरकार के रूप में चित्रित करने की कोशिश करेंगे। नतीजतन, दो सबसे संवेदनशील द्विपक्षीय मुद्दों, व्यापार और नदी जल बंटवारे, पर स्थिर प्रगति होने की उम्मीद है। बांग्लादेश ने लगातार बाजार तक व्यापक पहुंच और लंबे समय से लंबित जल-बंटवारा समझौतों के समाधान की मांग की है। भारत अपनी ओर से सुरक्षा सहयोग और क्षेत्रीय रणनीतिक तालमेल के बारे में चिंतित रहता है। एक प्रमुख बांग्लादेशी बुद्धिजीवी और संपादक जफर शोभन का तर्क है कि आने वाली बीएनपी सरकार के सामने विदेश नीति के पुनर्गठन के अलावा भी कई चुनौतियां हैं। वह कहते हैं कि भारत के साथ संबंध निश्चित रूप से उनमें से एक है, लेकिन यह कई बड़ी परीक्षाओं में से केवल एक है। दूसरी बड़ी चुनौती अवामी लीग के राजनीतिक भविष्य को संभालना होगा। बीएनपी ने लंबे समय से अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पर प्रतिबंधों की मांग की है।

### उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश में फरवरी के दूसरे हफ्ते में मैदानी राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पारा 30 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है। इन राज्यों में कई जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है और सुबह-शाम सर्दी हो रही है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में पारा 31 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में तापमान ने 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के कर्नाटक में शुक्रवार को गर्मी का अलर्ट था। हिमालय के राज्यों में उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। गुरुवार को सबसे कम तापमान मुनस्यारी में माइनस 26 डिग्री रहा।

# मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अब मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें। साथ ही, सरकार को पीड़ितों के पुनर्वास के लिए बनी कमेटी की सिफारिशें जल्द लागू करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मणिपुर में 2023 में हुई जातीय हिंसा के मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि वह जातीय हिंसा से जुड़ी 11 एफआईआर की जांच पर दो हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बजाय मणिपुर हाई कोर्ट या गुवाहाटी हाईकोर्ट को इन मामलों के ट्रायल और जांच की निगरानी करनी चाहिए। बेंच के अनुसार, मणिपुर हाईकोर्ट में अब नए चीफ जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

**कहा: मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें**



### हिमाचल में पंचायत चुनाव की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पंचायत और नगर पालिका चुनावों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को स्वीकार कर लिया और चुनाव कराने की समय सीमा बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया 31 मई, 2026 तक या उससे पहले पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि आरक्षण सूची को 31 मार्च, 2026 तक अंतिम रूप देकर लागू कर दिया जाए। महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) अनूप रतन ने बताया कि शीर्ष न्यायालय ने एसएलपी स्वीकार कर ली है और राज्य में पंचायत चुनाव की समय सीमा बढ़ा दी है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने राज्य को 28 फरवरी तक आरक्षण सूची जारी करने और 30 अप्रैल, 2026 से पहले चुनाव कराने का निर्देश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की थी।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किसानों के हक में, राहुल उन्हें भड़का रहे: गोयल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को पूरी तरह देश के किसानों के हित में बताते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर इस समझौते को लेकर किसानों को गुमराह करने और उन्हें आपस में भिड़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

श्री गोयल ने कहा है कि अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा, खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उनके उत्पादों मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और किसानों की खुशहाली होगी। उन्होंने किसानों को समझौते को लेकर आश्वस्त किया है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों के साथ हमदर्दी रखते हैं तथा समझौते में देश के किसानों के हित को सबसे ऊपर रखा गया है। श्री गोयल ने शुक्रवार तड़के जारी एक बयान में कहा कि राहुल गांधी जी को मिथ्याचार की आदत है। उन्हें भारत मां या हमारे किसानों और युवाओं की भलाई की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने जारी एक वीडियो में, झूठ बोलने और बेबुनियाद आरोप लगाने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।



- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले: अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा

### लोकसभा में हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इधर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे।

**संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित, भाजपा ने कहा: सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे राहुल**

# साउथ ब्लॉक ब्रिटिश हुकूमत का प्रतीक: मोदी


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ से कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। साथ ही डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में कई अहम फैसले हुए और नीतियां बनीं लेकिन ये इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। इनका मकसद भारत को सदियों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था। इनसे निकलना जरूरी था।

- गुलामी की मानसिकता से निकलना जरूरी, पीएमओ की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब कोलकाता शहर देश की राजधानी हुआ करता था। 1905 के बंगाल विभाजन के दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था। इसलिए 1911 में अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को दिल्ली शिफ्ट किया। उसी के बाद अंग्रेजी हुकूमतों की जरूरतों और उसकी सोच को ध्यान में रखकर नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनी। मोदी ने कहा कि भवन ब्रिटेन के महाराज के सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। रायसीना हिल्स को इसलिए चुना गया ताकि ये इमारते अन्य इमारतों से ऊंची रहे। सौभाग्य से सेवा तीर्थ की इमारतें जमीन से जुड़ी हैं, पहाड़ पर नहीं हैं। पीएम ने एक्स पर लिखा- सेवा तीर्थ कर्तव्य, करुणा और भारत सर्वोपरि के सिद्धांत का प्रतीक है।




**नई दिल्ली: सेवा तीर्थ नागरिक देवो भव भवन का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी।**

### कंगना रनौत प्रकरण: अंतिम बहस अब छह मार्च को

**आगरा।** आगरा की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत से जुड़े प्रकरण में अंतिम बहस की अगली तारीख छह मार्च तय की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने फाइनल बहस के लिए यह तिथि निर्धारित की। अंतिम बहस के उपरांत अदालत यह निर्णय देगी कि कंगना रनौत के खिलाफ वाद चलाया जाएगा या नहीं। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा द्वारा 11 सितम्बर 2024 को स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया गया था।

# भारतीय पासपोर्ट मजबूत, रैंकिंग में पांच पायदान की उछाल

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। इस इंडेक्स में पाकिस्तानी पासपोर्ट 97वें नंबर है। उसकी पोजिशन फलस्तीन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे हैं। नई रैंकिंग में सुधार का मतलब है कि भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा पहले से आसान हुई है। छुट्टियों, कारोबार और सांस्कृतिक यात्राओं के लिए अब ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। एशिया, कैरेबियन, अफ्रीका और ओशिनिया के कई देश भारतीयों को आसान वीजा सुविधा दे रहे हैं। भारत की रैंकिंग पिछले दस साल में लगातार ऊपर-नीचे होती रही है। साल 2006 में भारत 71वें पायदान पर था, जो उसकी अब तक की सबसे अच्छा पोजिशन थी। इसके बाद रैंकिंग गिरती गई और पिछले साल तो 85वें स्थान पर पहुंच गई थी। 2026 की शुरुआत में भारत 80वें पायदान पर आया और अब 75वें स्थान पर पहुंच गया है। मजबूत पासपोर्ट का मतलब है कि उस देश के लोग ज्यादा देशों में बिना पहले से वीजा लिए जा सकते हैं। ऐसे पासपोर्ट पर वीजा-फ्री, वीजा-ऑन-अराइवल -शेष पृष्ठ दो पर

**56 देशों में वीजा फ्री एंट्री, पाकिस्तान की पोजिशन फलस्तीन और नॉर्थ-कोरिया से भी नीचे**




# राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की।

इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा।

- बोले: किसान हितों से समझौता नहीं
- भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर हुई बात

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता की हत्या

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को ज्ञात बदमाशों ने मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली नगर अंतर्गत असैनी मोड पर अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी लखनऊ से बाराबंकी की ओर अपनी कार से आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार असैनी मोड़ ब्रिज के पास पहुंची, पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिग शुरू कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय और अपर पुलिस अधीक्षक विकास त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पफॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि एडीजी जोन लखनऊ भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

### काशी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में शुक्रवार को जिला न्यायालय (कचहरी) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके बाद परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) प्रमोद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। कचहरी परिसर को तत्काल खाली कराया जा रहा है तथा सभी वकीलों को घर लौटने की अपील की जा रही है। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि जिला जज संजीव शुक्ला को ई मेल के माध्यम से खबर दी गई है। बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वायड के साथ कई थानों के फोर्स के साथ परिसर को खाली कराया गया।

## विधानसभा में योगी बोले-उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश

# अब न कर्फ्यू है, न दंगा, यूपी में अब सब चंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अब न कर्फ्यू है, न दंगा है, अब यूपी में सब चंगा है।

सीएम योगी ने दावा किया कि पिछले 9 सालों में कानून-व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, अपराधियों पर बुलडोजर चला, माफिया का सफाया हुआ और यूपी अब सुरक्षित राज्य बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग दंगा-कर्फ्यू की बात करते हैं, वे पुरानी यादें ताजा कर रहे हैं। आज यूपी के हर जिले में एक साइबर थाने हैं, हर थाने में साइबर डेस्क है, आज हजारों करोड़ रुपए ठगों से वापस दिलाने में सहयोग किया है। आज सेफ सिटी की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने पीएसी का पुर्नगठन किया है, तीन महिला पीएसी का गठन किया है, आगे हम तीन और करेंगे, पीएसी वाहिनियों से ही दंगाई डरते हैं।



■ 2017 से पहले राज्य में सत्ता के संरक्षण में गुंडे व माफिया पनप रहे थे, हमारी सरकार ने पहले ही दिन से जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई

वहीं उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र (वित्तीय वर्ष 2026-27) में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए कानून-व्यवस्था, विकास, महिला सुरक्षा और प्रदेश की बदली छवि पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा।

उन्होंने दोहराया कि यह कर्फ्यू से कानून तक, समस्या से समाधान तक और अव्यवस्था से सुशासन तक की यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे। अपराधी, अपराधी होता है। हमारी सरकार ने पहले दिन 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है। योगी ने कहा कि पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे। पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है। उन्होंने दावा किया कि 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है।

### महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है और वर्तमान में प्रदेश में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता को भी कई गुना बढ़ाया गया है। पफॉरेंसिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में दो-तीन फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब कार्यरत हैं। नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार पिछले आठ वर्षों में 6 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित किया जाएगा। राशन, स्वास्थ्य और अन्य सभी सुविधाएं यथावत मिलती रहेंगी।

## उप्र के बड़े करदाताओं को सरकार से बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 20 फरवरी से प्रदेश में व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से करेगा राज्य कर विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करदाताओं को बड़ी सहूलियत देते हुए राज्य कर विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के बड़े करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से की जाएगी। यह व्यवस्था 20 फरवरी से प्रभावी होगी। इस पहल का उद्देश्य टैक्स प्रणाली को सरल बनाना, तकनीकी का अधिकतम उपयोग करना और 'ईज आफ डूइंग' को बढ़ावा देना है।

शासन स्तर पर मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है, जिससे न्याय निर्णयन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और करदाता-हितैषी बन सके। यह व्यवस्था संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर लागू होगी। शुक्रवार को प्रमुख सचिव, राज्य कर, कामिनी रतन चौहान ने बताया कि प्रदेश के सभी संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर पंजीकृत करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई सामान्य परिस्थितियों में अनिवार्य रूप से वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के अनुरूप होगी। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

यदि कोई करदाता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि किसी विशेष कारण से वर्चुअल के बजाय भौतिक रूप से उपस्थित होकर सुनवाई कराना चाहता है, तो उसके प्रार्थना पत्र पर विचार कर अधिकारी द्वारा अवसर प्रदान किया जाएगा। आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश डा. नितिन बंसल ने बताया कि कारपोरेट सर्किल का गठन बड़े करदाताओं को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा उठा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अभी नियमितीकरण संभव नहीं: योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण और किशोरों को ड्राइविंग लाइसेंस दिए जाने का मामला सदन में उठाया गया।

सरकार ने दोनों ही मामले में सदन में जवाब दिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक संग्राम यादव ने आजमगढ़ राजकीय मेडिकल कॉलेज से जुड़े 100 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाए जाने का मामला उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से कार्यरत संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित क्यों नहीं किया जा रहा है और उन्हें सेवा सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही। जवाब में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की वर्तमान नीति के तहत आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक पृथक निगम का गठन किया गया है, जिससे वेतन भुगतान और सेवा शर्तों में मनमानी की शिकायतों को रोका जा सके। विपक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कंपनियों के माध्यम से वेतन वितरण में पारदर्शिता की कमी है तथा ईपीएफ की कटौती के बावजूद कई मामलों में राशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनकाउंटर व रोजगार पर विपक्ष ने घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने राज्य सरकार को कई अहम मुद्दों पर घेरते हुए भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे विषयों पर गंभीर सवाल उठाए।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे अधिक भ्रष्टाचार से ही परेशान है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं और कई अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन उनकी स्थिति की कोई स्पष्ट जानकारी सदन को नहीं दी गई। उनका कहना था कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशें सदन के पटल पर लाई जातीं, तो सदस्य भी उनकी समीक्षा कर सकते थे।



■ कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर पूछे सवाल

उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनका कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त आठ वर्षों से पद पर हैं, इस विषय पर सरकार को स्पष्टता लानी चाहिए। कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के मामलों में पुलिसकर्मियों का नाम आपराधिक घटनाओं में सामने आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि डीजीपी कार्यालय प्रभावी ढंग से काम करता नहीं दिख रहा है और राज्य में कार्यवाहक व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप स्थाई डीजीपी की नियुक्ति की जाए, ताकि अधिकारी बिना किसी दबाव के काम कर सकें। एनकाउंटर की घटनाओं पर भी माता प्रसाद पांडेय ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी का भविष्य बर्बाद करने वाली गलत परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। यदि आज गलत मिसाल कायम की जाएगी तो आने वाली सरकारें उससे भी आगे बढ़ सकती हैं। गैंगस्टर कानून में संशोधन की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के कार्यकाल में यह अधिनियम लाया गया था और तब भी उन्होंने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि केवल गोली से अपराध खत्म नहीं होगा, बल्कि व्यवस्था में भरोसा पैदा करना जरूरी है। साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि संगठित साइबर गिरोह आम लोगों को घर बैठे निशाना बना रहे हैं।

## विधानसभा में सपा सदस्य रागिनी सोनकर के सवाल को लेकर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में भर्तियों में आरक्षण के मुद्दे पर शुक्रवार को जोरदार हंगामा देखने को मिला। समाजवादी पार्टी विधायक रागिनी सोनकर ने राज्य स्तरीय भर्तियों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को दिए जा रहे आरक्षण को लेकर सरकार से सवाल पूछा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब देते हुए बताया कि अप्रैल 2017 से अब तक कुल 47 हजार पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इनमें 18 हजार सामान्य वर्ग, 2081 (ईडब्ल्यूएस), 9580 अनुसूचित जाति, 447 अनुसूचित जनजाति और 17,295 ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी दी गई है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट रागिनी सोनकर ने पूरक प्रश्न पूछते हुए आरक्षण के अनुपालन को लेकर दोबारा स्पष्टीकरण मांगा। इसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य भी खड़े होकर हंगामा करने लगे, जिससे सदन का माहौल गरमा गया। स्थिति को संभालते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्तापक्ष के सदस्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ष्जब हम विपक्ष से बात कर रहे हैं, तो आप लोग हंगामा क्यों कर रहे हैं। सदन हमें चलाना है या आपको। इसके बाद अध्यक्ष ने नाराजगी में अपना हेडफोन टेबल पर रख दिया और सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82626.76
निफ्टी 25471.10



सोना रु. 154000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250000
प्रति किलो




## शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स 1,048 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,048.16 अंक (1.25 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,626.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ।

प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन टूटे हैं। यह दोनों सूचकांकों का 2 फरवरी के बाद का निचला स्तर है।मझौली और छोटी कंपनियों पर और भी अधिक दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.79 फीसदी गिर गया। आईटी, एफएमसीजी, धातु, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।आईटी कंपनियों में सुबह तेज गिरावट थी, लेकिन बाद में उनमें काफी सुधार हुआ। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस (करीब ढाई प्रतिशत) और भारतीय स्टेट बैंक की तेजी को छोड़कर अन्य कंपनियों गिरावट में रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और इटरनल के शेयर चार प्रतिशत से अधिक गिर गए। टाटा स्टील, टाइटन, टीसीएस, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। बीईएल, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, इंफोसिस, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही।



## सोना और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड कीमतों के बाद पहली बार भारत में सोना डिस्काउंट रेट पर बिक रहा है, लेकिन खरीददार फिर भी दूरी बनाए हुए हैं। करीब एक महीने बाद इस हफ्ते भारतीय बाजार में सोना आधिकारिक कीमत से नीचे यानी डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहा है। एक ज्वैलर ने बताया कि मेकिंग चार्ज में छूट देने के बावजूद ज्वैलरी की मांग नहीं सुधरी है। मौजूदा ऊंची कीमतों पर रिटेल खरीदार सहज महसूस नहीं कर रहे। 13 फरवरी शुक्रवार को घरेलू बाजार में सोने का भाव करीब 1,54,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास रहा। हालांकि पिछले हफ्ते कीमत फिसलकर 1,33,687 रुपए प्रति 10 ग्राम तक आ गई थी। यानी रिकॉर्ड हाई से गिरावट आई है, लेकिन कीमत अब भी आम खरीदार की पहुंच से ऊपर मानी जा रही है। रॉकेट की रफ्तार से भागने के बाद अब चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर चांदी फिसलकर करीब ढाई लाख रुपये प्रति किलो के स्तर तक आ गई है। इससे पहले चांदी ने 4.20 लाख रुपये प्रति किलो का ऐतिहासिक उच्च स्तर छुआ था। उस रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद से लगातार मुनाफावसूली और वैश्विक दबाव के कारण कीमतों में गिरावट जारी है। फिलहाल यह 2.30 लाख रुपये से 2.70 लाख रुपये प्रति किलो के दायरे में कारोबार कर रही है। मुंबई के एक निजी बैंक से जुड़े बुलियन डीलर ने बताया कि ज्यादातर ज्वैलर्स और डीलर फिलहाल बैंकों से खरीदारी से बच रहे हैं।

## चावल, गेहूं और खाद्य तेल मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत सात रुपये चढ़कर 2,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। आटे की कीमत गत दिवस के स्तर पर रही।

दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल औसतन 34 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 22 रुपये और चना दाल की 16 रुपये बढ़ी। मूंग दाल पांच रुपये चढ़ गई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा तीन रिंगिट की बढ़त में 4,046 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.52 प्रतिशत टूटकर 57.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल और वनस्पति की औसत कीमत 101 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 75 रुपये और सरसों तेल में 51 रुपये महंगी हुई। मूंगफली तेल में 14 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सोया तेल के भाव लगभग गत दिवस से स्तर पर पड़े रहे। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी में टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785.08 रुपये, मसूर काली 8104.70 रुपये, मूंग दाल 10132.57 रुपये, उड़द दाल 10628.72 रुपये, तुअर दाल 11085.05 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.84 रुपये और चावल 3859.09 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3317.20 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मणिपुर हिंसा...** आ चुके हैं, इसलिए वे स्थानीय हालात को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वे जस्टिस गीता मित्तल कमेटी की सिफारिशों को हर हाल में लागू करें। यह कमेटी पीड़ितों के पुनर्वास और उनके कल्याण के लिए बनाई गई थी। इस कमेटी में तीन पूर्व महिला जज शामिल हैं, जो अब तक पीड़ितों की मदद के लिए कई रिपोर्ट सौंप चुकी हैं। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। हजारों लोग बेघर हुए हैं और कई घायल हुए हैं। यह हिंसा तब भड़की थी जब मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित की तरफ से पेश हुई वकील वृंदा ग्रोवर ने एक पीड़ित महिला का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि गैंगरेप की शिकार एक कुकी महिला की पिछले महीने सदमे और बीमारी से मौत हो गई। वकील ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने चार्जशीट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और मुख्य आरोपी भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा है। उन्होंने जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस पर सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मणिपुर में अब हालात पहले से बेहतर और शांतिपूर्ण हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि पीड़ितों को मुफ्त कानूनी मदद मिलनी चाहिए। अगर स्थानीय स्तर पर वकील उपलब्ध नहीं हैं, तो गुवाहाटी बार से वकील भेजे जा सकते हैं। वहीं, वकील कॉलिन गोंसाल्वेस ने शिकायत की कि उन्हें कमेटी की रिपोर्ट नहीं मिल रही है, जिससे पुनर्वास का काम धीमा पड़ा है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में कुछ संवेदनशील जानकारी हो सकती है, इसलिए उसे सावधानी से साझा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर 26 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जस्टिस गीता मित्तल कमेटी का कार्यकाल भी 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है ताकि राहत कार्य जारी रह सके।

**भारतीय पासपोर्ट...** या ई-वीजा की सुविधा मिलती है। वीजा के लिए कम कागजी काम और कम इंतजार करना पड़ता है। विदेश घूमने, पढ़ाई करने या बिजनेस ट्रिप पर जाना आसान हो जाता है। यह दिखाता है कि दूसरे देश उस देश के नागरिकों पर भरोसा करते हैं। 2026 की रैंकिंग में सिंगापुर पहले स्थान पर है। सिंगापुर के पासपोर्ट से 192 देशों में वीजा-फ्री यात्रा की जा सकती है। दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिनके नागरिक 187 देशों में बिना वीजा जा सकते हैं। तीसरे स्थान पर स्वीडन और यूएई हैं, जहां से 186 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। चौथे स्थान पर बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड्स और नार्वे हैं, जिनके पासपोर्ट से 185 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा संभव है। पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रिया, ग्रीस, माल्टा और पुर्तगाल हैं, जहां से 184 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। छठे से दसवें स्थान तक न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिका के पासपोर्ट से 179 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा की जा सकती है।

## मेरे भाषण से संसदीय कामकाज पर टिप्पणी और प्रधानमंत्री की नीतियों की आलोचना हटाई गई : खड़गे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सदन में कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा 'बिना किसी औचित्य के' कार्यवाही से हटा दिया गया, जिसमें उन्होंने संसदीय कामकाज पर टिप्पणियां और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की थी। शून्यकाल की समाप्ति के बाद खड़गे ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा में उन्होंने सामाजिक न्याय से लेकर संसदीय तथ्यों पर अपनी बातें रखी थीं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भाषण की समीक्षा करने पर मैंने पाया कि मेरे भाषण का बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के हटा दिया गया है। ए वे हिस्से हैं, जिनमें मैंने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संसदीय कामकाज पर तथ्यों के साथ टिप्पणियां की हैं और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की है, जो नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मेरा दायित्व भी है, क्योंकि मुझे लगता है कि वे नीतियां भारतीय जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। पांच दशक से अधिक के संसदीय जीवन में वह हमेशा भाषा की मर्यादा के प्रति सजग और सचेत रहे हैं। राज्यसभा के नियम एवं संचालन प्रक्रिया का नियम 261 केवल विशिष्ट और सीमित परिस्थितियों में ही लागू होता है। उन्होंने कहा कि जो टिप्पणियां हटाई गई हैं, उनमें कुछ भी असंसदीय नहीं है।

## आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य व नैतिक ढांचा प्रदान करती है: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां ब्रह्मा कुमारीज के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रपति ने गुरुग्राम स्थित ओम शांति 'रिट्रीट सेंटर' के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। मुर्मू ने कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का भौतिक प्रगति के साथ समन्वय आवश्यक है। आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता तथा प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। किन्तु नैतिकता के बिना आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, अनैतिक आर्थिक प्रगति से धन और संसाधनों का केंद्रीकरण, पर्यावरण को क्षति तथा समाज के कमजोर वर्गों का शोषण हो सकता है। नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो हमें कर्मयोग अर्थात निस्वार्थ सेवा का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करता है। आध्यात्मिकता सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और सेवा जैसे गुणों पर भी बल देती है। ये एक शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक सिद्धांत हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग की शिक्षा देता है। यह केवल एक स्थान पर बैठकर आत्मचितन करने तक सीमित नहीं है। कर्मयोग इसका एक मूलभूत अंग है। कर्मयोग का अर्थ है अपनी सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उच्च आध्यात्मिक सिद्धांतों का पालन करना। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि ब्रह्मा कुमारीज से जुड़े लाखों लोग नियमित रूप से कर्मयोग का अभ्यास कर सार्थक जीवन जी रहे हैं।



■ ओम शांति सेंटर के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया

# झारखंड के गैंगस्टर की दून में हत्या

## सिल्वर सिटी के बाहर दिनदहाड़े हमलावरों ने बरसाई गोलियां

- जिम से निकलते ही स्टोन क्रशर कारोबारी विक्रम शर्मा को बदमाशों ने उतारा मौत के घाट
- पिस्टल निकालने का भी नहीं मिला मौका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी का सबसे पॉश इलाका राजपुर रोड शुक्रवार सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। सिल्वर सिटी मॉल स्थित जिम से कसरत कर नीचे उतरे स्टोन क्रशर कारोबारी और झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर 45 वर्षीय विक्रम शर्मा की बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े हत्या कर दी।

हमलावर इस कदर बेखौफ थे कि उन्होंने मुख्य मार्ग पर बाइक 'स्टार्ट' मोड में रखी थी और वारदात को अंजाम देकर पलक झपकते ही फरार हो गए। प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे विक्रम शर्मा जिम से निकलकर अपनी कार की ओर बढ़ रहा था, तभी घात लगाए दो बदमाशों ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने बेहद करीब से तीन गोलियां दागीं। विक्रम लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हमलावर पूरी रेकी के साथ आए थे। तीसरा साथी बाइक स्टार्ट कर बैकअप के लिए खड़ा था। रायपुर थाना क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से रह रहे मृतक विक्रम शर्मा खुद भी सुरक्षा को लेकर चौकन्ना था। वह जिम भी अपनी लोडेड पिस्टल साथ लेकर पहुंचा था। वारदात के वक्त उसकी पिस्टल उसकी कमर में ही दबी रह गई। हमलावरों ने उसे संभलने या जवाबी फायरिंग करने का एक सेकंड का मौका भी नहीं दिया।

### खाकी पर उठे सवाल, क्या सो रही थी एलआईयू?

राजधानी के सबसे व्यस्त और वीवीआईपी मार्ग पर इस तरह की वारदात ने पुलिस की चौकसी की पोल खोल दी है। झारखंड का इतना बड़ा गैंगस्टर, जिस पर तीन से ज्यादा मर्डर केस व रंगदारी के अनेक मामले दर्ज लगी। वह दून में छिपा बैठा था और पुलिस को भनक तक नहीं लगी।दिनदहाड़े हुई इस हत्या ने शहरवासियों में दहशत भर दी है। पॉश इलाके में हथियारबंद बदमाश बेखौफ घूम रहे हैं। पुलिस की गतिविधियों को लेकर अब हर शहरी के दिमाग में यह बात दौड़ रही है कि आखिरकार पुलिस क्या कर रही है क्योंकि राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में पिछले दोनों कई मर्डर हुए हैं।

### कौन था विक्रम शर्मा?

एसएसपी अजय सिंह के अनुसार, विक्रम शर्मा कोई साधारण कारोबारी नहीं, बल्कि एक हार्डकोर गैंगस्टर था।झारखंड और उत्तराखंड में उस पर दर्जनों संगीन मुकदमे दर्ज हैं।अकेले विक्रम पर तीन से अधिक हत्याओं व अनेक रंगदारी के मामलों में शामिल होने का आरोप है। पुलिस का मानना है कि यह हत्या पुरानी रंजिश या झारखंड के किसी प्रतिद्वंद्वी गैंग द्वारा अंजाम दी गई श्कॉन्ट्रैक्ट किलिंगश हो सकती है। दून के एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि मृतक का आपराधिक इतिहास काफी बड़ा है। वह झारखंड का नामी गैंगस्टर रहा है। शुरुआती जांच में यह गैंगवार का मामला लग रहा है। शहर के एग्जिट पॉइंट्स सील कर दिए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# ... क्या अपराधियों के लिए 'सॉफ्ट टारगेट' बन गई है राजधानी?

- दिनदहाड़े हो रही हत्याओं से दहशत में दून, 17 दिनों में 5 हत्याएं

**इमरान चौधरी**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून, जिसे अपनी शांति और कानून-व्यवस्था के लिए जाना जाता था, आज रक्तचरित्र का केंद्र बनती जा रही है।

पिछले 17 दिनों के भीतर हुई 5 वीभत्स हत्याओं ने न केवल पुलिसिया इकबाल को चुनौती दी है, बल्कि आम नागरिकों के मन में गहरा डर पैदा कर दिया है।

शुक्रवार को सुबह राजपुर रोड जैसे पॉश और व्यस्त इलाके में स्थित सिल्वर सिटी मॉल में दिनदहाड़े हुई हत्या ने शहर को हिला कर रख दिया।

झारखंड के हिस्ट्रीशीटर विक्रम शर्मा को जिम से निकलते समय सीढ़ियों पर गोलियों से भून दिया गया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए, जो शहर की नाकाबंदी और सुरक्षा दावों की पोल खोलता है।

**खूनी सिलसिला, पिछले 15-17 दिनों का काला चिट्ठा:** देहरादून में अपराध का यह सिल. सिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को सेवर सिल्वर सिटी मॉल में दिनदहाड़े गोलीबारी मे विक्रम शर्मा हत्याकांड।

11 फरवरी तिब्बती मार्केट के पास गैस एजेंसी संचालक अर्जुन शर्मा की सुपारी देकर हत्या।यह बात अलग है कि उसकी मां ने ही सुपारी देकर उसे मौत के घाट उतरवाया है जिसका खुलासा कर पुलिस ने आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

31 जनवरी ऋषिकेशएक महिला की गोली मारकर हत्या।29 जनवरी विकासनगर मे 18 वर्षीय छात्रा की नृशंस हत्या। हाल ही में भरे बाजार में एक युवती पर चापड़ से हमला कर गर्दन रेत गर्दन हत्या कर दी थी।

### मित्र पुलिस को चैलेंज कर रहे हैं अपराधी

राजधानी में बैकअप अपराधी मित्र पुलिस को चौलेंज करने में जुटे हैं और दिनदहाड़े कहीं भी घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।क्या पुलिस का खुफिया तंत्र अपराधियों की आवाजाही को ट्रैक करने में नाकाम रहा है।मॉल और बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में हत्याएं होना यह दर्शाता है कि अपराधियों में कानून का डर खत्म हो चुका है।क्या देहरादून बाहरी राज्यों के गैंगस्टर्स के लिए सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है?राजधानी में बढ़ता अपराध केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह देवभूमि की छवि पर भी गहरा आघात है। यदि समय रहते पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए और श्प्रिवेंटिव पुलिसिंगश (निवारक पुलिस व्यवस्था) पर जोर नहीं दिया, तो दून की शांति केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगी। गढ़वाल आईजी का कहना है कि पुलिस को अलर्ट किया गया है और क्षेत्र में हो रही घटनाओं अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम में गठित की गई है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण, बीएलओ आउटरीच अभियान,बूथ लेवल एजेंट्स की शत प्रतिशत नियुक्ति के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि आगामी एसआईआर की तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश में बीएलओ द्वारा आउटरीच अभियान के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 79 प्रतिशत मैपिंग की जा चुकी है।

## दून के एसएसपी बने प्रमेन्द्र, नवनीत को हरिद्वार की कमान

- अजय सिंह को एसएसपी एसटीएफ बनाया गया
- कई आईपीएस सहित 20 अधिकारियों के तबादले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन ने शुक्रवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और प्रांतीय पुलिस सेवा के 20 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं।

गृह सचिव शैलेश बगौली द्वारा जारी आदेश के अनुसार, देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जैसे महत्वपूर्ण जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को बदला गया है। हरिद्वार के पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल को अब राजधानी देहरादून का नया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। नवनीत सिंह को हरिद्वार जिले की कमान सौंपी गई है।चम्पावत के एसपी अजय गणपति कुम्भार को पदोन्नत करते हुए ऊधमसिंहनगर का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। लंबे समय से राजधानी की पुलिस कप्तान रहे अजय सिंह को अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ के पद पर तैनात किया गया है।बागेश्वर के चन्द्रशेखर आर. घोड़के को अल्मोड़ा का नया एसएसपी बनाया गया है।निवेदिता कुकरेती को डीआईजी से पदोन्नत कर आईजी एसडीआरएफ बनाया गया है। प्रल्हाद नारायण मीणा को एसएसपी सतर्कता से पदोन्नत कर डीआईजी, सतर्कता मुख्यालय नियुक्त किया गया है।

रेखा यादव को पिथौरागढ़ से हटाकर एसपी चम्पावत बनाया गया है, जबकि अक्षय प्रहलाद कोण्डे अब पिथौरागढ़ के नए एसपी होंगे।ऊधमसिंहनगर के मणिकान्त मिश्रा को एसपी अभिसूचना के पद पर भेजा गया है।रुद्रप्रयाग की कमान निहारिका तोमर को दी गई है, जबकि जितेन्द्र कुमार मेहरा बागेश्वर के नए एसपी होंगे।

# मुखबिर तंत्र को मजबूत व अपराधियों में कानून का भय करें स्थापित : सीएम

- मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में हाल के दिनों में सामने आई आपराधिक घटनाओं को लेकर गंभीर रुख अपनाया,
- आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने पर दिया जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में हाल के दिनों में सामने आई आपराधिक घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीर रुख अपनाया है।

मुख्यमंत्री ने पहले भी कानून-व्यवस्था की लगातार समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे और स्पष्ट किया था कि अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

हाल की घटनाओं के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को समयबद्ध तरीके से गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपराध की रोकथाम के लिए केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई ही नहीं, बल्कि पूर्व-निवारक रणनीति भी मजबूत की जाए। इसी क्रम में पुलिस विभाग में प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तबादले किए गए हैं।

यह कदम पुलिस व्यवस्था को और अधिक सक्रिय, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से मुखबिर तंत्र को मजबूत करने, अपराधियों में कानून का भय स्थापित करने तथा आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने पर जोर दिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि आमजन बिना किसी भय के पुलिस के पास अपनी शिकायत लेकर जाएं और उन्हें त्वरित न्याय मिले। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति और अधिक मजबूत हो तथा अपराधियों के लिए कोई स्थान न बचे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री धामी पहले भी साफ कह चुके है कि पुलिस पूरी सक्रियता, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करे। थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। कानून हाथ में लेने वालों, असामाजिक तत्वों और प्रदेश की शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी

## अपराधियों के खिलाफ प्रदेश में जारी है जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी: भट्ट



- कहा, कानून व्यवस्था का सवाल उठाकर कांग्रेस कर रही डेमोग्राफी से ध्यान भटकाने की कोशिश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश मे चल रहे अवैध अतिक्रमण और डेमोग्राफी चेंज के खिलाफ कार्यवाही से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है और कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। सरकार ऐसे किसी भी मंसूबे को कामयाब नही होने देगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सखघ्त कार्यवाहियों से डेमोग्राफी बदलने वालों के मंसूबों पर फिर पानी फिर गया है। सखघ्त धर्मांतरण कानून

अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए गए अभियान से देवभूमि की छवि खघ्राब करने वालों को रोका गया तथा कांग्रेस का इरादा तो मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने का था, लेकिन मुख्यमंत्री धामी के सख्त रूख के चलते डेमोग्राफी बदलाव को रोकने के प्रयासों का प्रभाव धरारतल पर दिखने लगा है। जिसे कांग्रेस पचा नही पा रही है।उन्होंने कहा कि राज्य की संस्कघति के सरंक्षण और डेमोग्राफी की हिफाजत के लिए सरकार के द्वारा उठाये जा रहे कदम कांग्रेस को रास नही आ रहे है। इसी कारण कांग्रेस लगातार मुद्दे बदल रही है। धामी सरकार आम जन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी हाल मे राज्य वासियों के हितों से खिलवाड नही होने देगी।

भट्ट ने कहा कि डाकपत्थर में प्रस्तावित एजुकेशन सिटी को लेकर कांग्रेस का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण है।

लैंड जिहादियों के लिए कांग्रेस एजुकेशन सिटी का विरोध कर रही है। मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पैरोकारों को आधुनिक शिक्षा रास नहीं आ रही है। राज्य के विकास से अधिक उनकी चिंता लैंड जिहादियों की है।

महेंद्र भट्ट ने कहा कि डाकपत्थर में जिस जमीन पर उत्तराखंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड एजुकेशन सिटी विकसित करने जा रहा है, उसे लेकर कांग्रेस को परेशानी है। एजुकेशन सिटी के बावजूद वहां भविष्य की जल विद्युत परियोजनाओं से जुड़े कामों के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है।

## 16 दिनों में 5 हत्याएं सामान्य आंकड़ा नहीं: नेता प्रतिपक्ष



- प्रदेश के अंदर अपराधियों में कानून का भय समाप्तः यशपाल आर्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि जब प्रदेश की राजधानी ही असुरक्षित हो जाए, तो आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और शासन-प्रशासन मौन दर्शक बना हुआ है।

आर्य ने कहा कि हत्या जैसी जघन्य घटनाओं का लगातार सामने आना यह दर्शाता है कि पुलिस तंत्र पर दबाव या ढिलाई है, अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है, खुफिया और निगरानी व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजधानी में 16 दिन में 5 मर्डर होना किसी भी सरकार के लिए गंभीर चेतावनी है। यह सिर्फ आँकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर परिवार की सुरक्षा का सवाल है।

उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत इन सभी मामलों की उच्चस्तरीय समीक्षा करनी चाहिए। अपराध नियंत्रण को विशेष अभियान चलाना चाहिए। पुलिस गश्त और खुफिया तंत्र को मजबूत करना चाहिए। जनता को पारदर्शी जानकारी देनी चाहिए कि अब तक क्या कार्रवाई हुई।

## अपराध की घटनाएं दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण शीघ्र पकड़े जाएंगे हत्यारोपी : चमोली

**देहरादून (संवाददाता शाह टाइम्स)।** भाजपा ने राजधानी में हुई अपराध की घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कहा कि सरकार का रुख सख्त और स्पष्ट है कि अपराधी किसी कीमत पर नही बख्शे जायेंगे। आरोप प्रत्यारोप की राजनीति से बचते हुए सभी को धैर्य से पुलिस कार्रवाई का इंतजार करना चाहिए। पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस पूरी घटना को लेकर पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता क्षुब्ध और चिंतित हैं। हम सभी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परि. जनों के साथ है और उन्हें न्याय से लेकर सभी संभव मदद सरकार से दिलाने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध हैं। हमे विश्वास है, जो भी इस अमानवीय घटना के दोषी हैं, वे शीघ्र कानूनी शिकंजे में कसे जाएंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री धामी के भी स्पष्ट निर्देश हैं कि हत्यारे पाताल में भी छिप जाएं उन्हें ढूंढ कर कठोरतम सजा दिलवाई जाए।






### नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**देहरादून।** राजधानी के पटेलनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रबनी श्मशान घाट के पास शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव गंदे नाले में पड़ा हुआ था। शुक्रवार को कंट्रोल रूम के माध्यम से पटेलनगर पुलिस को सूचना मिली कि चंद्रबनी श्मशान घाट के पास स्थित एक नाले में एक शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुँचा। पुलिस ने फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव के निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर प्रथम दृष्टया किसी भी प्रकार के चोट या खरोच के निशान नहीं पाए। मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज या पहचान पत्र भी बरामद नहीं हुआ है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

# अपराधों से दहला उत्तराखंड, सरकार बेबस: कांग्रेस



- आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति को खनन का पट्टा किस आधार पर दिया?

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश में लगातार हो रही दिनदहाड़े हत्याओं, महिला अपराधों और बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने उत्तराखंड को झकझोर कर रख दिया है, जिसको लेकर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने धामी सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत में गोदियाल ने कहा प्रदेश की अस्थायी राजधानी देहरादून में जिस तरह से विकासनगर, ऋषिकेश, मच्छी बाजार, सिल्वर सिटी और तिब्बती मार्केट में एक के बाद एक हत्याएं हुई, वह बताती हैं कि कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। गोदियाल ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री का अब कोई कंट्रोल नहीं रहा, क्योंकि उनकी दिलचस्पी सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार करने में है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह कितनी हैरत की बात है कि तिब्बती मार्केट में एक नौजवान की हत्या कर दी जाती है उसके बावजूद

मुख्यमंत्री और उनकी पूरी कैबिनेट बगल की एक पिक्चर हॉल में 3 घंटे की पिक्चर देखते हैं जिसके परिणाम स्वरूप आज देहरादून में एक और हत्या को अंजाम दे दिया गया यह बताता है कि मुख्यमंत्री राज्य में हो रहे अपराधों के प्रति कितने गंभीर हैं।

आज प्रदेश में कानून का राज ध्वस्त हो चुका है, लेकिन मुख्यमंत्री को नफरत फैलाने से फुरसत नहीं है। मुख्यमंत्री का आज एक ही काम रह गया है खुद काले कारनामे करो और काले कपड़े विरोधी पार्टी को पहना दो। लेकिन ये अब नहीं चलेगा। गोदियाल ने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन के द्वारा बताया जा रहा है कि सिल्वर सिटी में जिस व्यक्ति की हत्या की गई है वह झारखंड का रहने वाला है और उसके ऊपर पहले से 50 मुकदमे चल रहे हैं ऐसे में मुख्यमंत्री बताएं कि आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को बिना जांच पड़ताल के उनकी सरकार ने यहां खनन का पट्टा किस आधार पर दिया?

### देवभूमि को चाहिए शांति, जंगलराज नही: माहरा

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा राज में देवभूमि उत्तराखंड की शांति और सुरक्षा पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदेश में बढ़ते अपराध और आए दिन हो रही हत्याएं साफ संकेत हैं कि कानून-व्यवस्था कमजोर पड़ी है। जिस सरकार ने सुरक्षित उत्तराखंड का वादा किया था, वही आज जवाब देने से बचती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री अभी भी खुद को 'धाकड' कहलाने में बिल्कुल नहीं शरमा रहे हैं और जमीन पर जनता डर और असुरक्षा का माहौल महसूस कर रही है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सत्ता की छत्रछाया उन्हें खुली छूट दे रही है। माहरा ने कहा कि देवभूमि को विकास और शांति चाहिए, ना कि जंगलराज।

# डीएम ने किया कलक्ट्रेट के पटलों का औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश, कहा-कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

- तीन माह से लंबित मामलों की मांगी रिपोर्ट नए स्टाफ को ट्रेनिंग देने की कही बात



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने और आम जनमानस की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने कलक्ट्रेट परिसर स्थित राजस्व विभाग के विभिन्न अनुभागों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली को परखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने न केवल फाइलों का रखरखाव देखा, बल्कि स्टाफ की दक्षता और कार्यालय की भौतिक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समाधान पोर्टल अनुभाग, शिकायत प्रकोष्ठ, सीआरए, नजारत सेक्शन, मुख्यमंत्री राहत कोष, जिला खनिज फाउंडेशन और अल्प बचत अनुभाग सहित कई महत्वपूर्ण पटलों पर जाकर वहां किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से नए नियुक्त हुए स्टाफ की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नए कार्मिकों को उनके कार्यों और दायित्वों के प्रति सजग करने के लिए उचित और प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि वे बिना किसी त्रुटि के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें और विभागीय कार्यों में गति आए।

जनशिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में प्राप्त होने वाली शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए, बल्कि उन्हें तत्काल संबंधित विभागों को स्थानांतरित कर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने प्रशासनिक कसावट लाते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी स्तर पर यदि कोई भी प्रकरण तीन माह से अधिक समय से लंबित है, तो उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए और विलंब के कारणों की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि न्याय और समाधान के लिए जनता को अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यालयीय व्यवस्थाओं का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, डाक प्रबंधन, नोटिस बोर्ड, टीए बिल और कर्मचारियों की सर्विस बुक की जांच की। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर की एक्सपायरी तिथि भी जांची। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मालखाने का निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गईं। अंत में उन्होंने राजस्व अभिलेखागार कक्ष में जाकर खाता खतौनी और अन्य पुराने राजस्व अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया और अभिलेखों को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# नशामुक्त देवभूमि और सुरक्षित डिजिटल भविष्य की ओर कदम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिले में पुलिस का शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को अपराधों के प्रति जागरुक करने का अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक गुप्तकाशी राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा जूनियर हाई स्कूल पाट्यूं ताल जामण और बड़ेथ में एक विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर हाइजीन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी साझा न करने और गेमिंग ऐप्स के जरिए होने वाली धोखाधड़ी के प्रति सतर्क किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा, यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है, तो बिना डरे



तत्काल 1930 पर कॉल करें या स्थानीय पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरुक किया गया।

पुलिस टीम ने बच्चों को बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और भविष्य को अंधकार में धकेल देता है। प्रभारी निरीक्षक ने बच्चों को ड्रग फ्री देवभूमि के संकल्प की याद दिलाते हुए उन्हें अपने आसपास हो रही संदिग्ध गति. विधियों की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, पोक्सो एक्ट और महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां भी दी गईं। बच्चों को आपातकालीन स्थिति में सहायता को लेकर 112 (पुलिस सहायता) और स्थानीय थाना गुप्तकाशी के सम्पर्क नंबर उपलब्ध कराए गए। अभियान के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक गण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे कानून के प्रति सजग होते हैं।

# मांगों को लेकर पाव अकरी के ग्रामीणों का क्रमिक अनशन



शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अकरी-बारजुला पट्टी के गांव में पेयजल व सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए पाव अकरी के ग्रामीणों का क्रमिक अनशन शुक्रवार को चौथा दिन भी जारी रहा।

चौथे दिन वर्षा देवी, पार्वती देवी, चौता देवी, सरिता देवी, गुड्डी देवी, रीना देवी, लाखीराम, पदम सिंह पंवार, लक्ष्मण सिंह गुसांई, सत्ये सिंह महर, कलम सिंह बुटोला क्रमिक अनशन पर रहें। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि लम्बे से वह न्यूली पेयजल योजना के पुनर्गठन करने, अकरी-बारजुला पंपिंग योजना कि उच्च स्तरीय जांच किए जाने व कोराखाल (सेल) तोक से मठुर गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग कर रहें है, लेकिन शासन प्रशासन के ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है।

कहा कि यदि जल्द से मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# केदारनाथ आस्था पथ पर स्थित ठेके पर शराब की लूट

- वीडियो वायरल, काकड़ागाड़ ठेके पर ओवररेटिंग का खेल बेनकाब, बीयर पर 15 से 20 तो बोतल पर 40 से 50 रुपए अतिरिक्त वसूली के आरोप, जांच में जुटा आबकारी विभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में सरकारी शराब की दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूलने के आरोप सामने आए हैं। केदारनाथ आस्था पथ पर काकड़ागाड़ स्थित एक शराब की दुकान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने का दावा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बीयर पर 15




से 20 रुपये तक और शराब की बोतल व हॉफ पर 40 से 50 रुपये तक अतिरिक्त रकम लिए जाने की शिकायत है। स्थानीय लोगां का आरोप है कि लंबे समय से ओवररेटिंग का यह खेल जारी है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामले को लेकर यह सवाल भी उठ रहे हैं कि अतिरिक्त वसूली की राशि आखिर किसके पास जा रही है। क्या संबंधित अधिकारी इस पर प्रभावी निगरानी कर पा रहे हैं या नहीं, इसको लेकर भी चर्चाएं तेज हैं।

बताया जा रहा है कि रुद्रप्रयाग मुख्यालय स्थित ठेके पर भी इसी प्रकार ओवररेटिंग की शिकायतें मिलती रही हैं। इसके अलावा तिलवाड़ा, नगरासू, मयाली, अगस्त्यमुनि और खेड़ाखाल क्षेत्र की दुकानों में भी निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। शराब उपभोक्ताओं ने इस संबंध में सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय निवासी अंकित ने बताया कि जब वे काकड़ागाड़ शराब की दुकान में गए तो उन्हें बीयर पर अतिरिक्त 20 रूपए, जबकि हॉफ बोतल पर 40 रूपए लिए गए। जब इसका विरोध किया गया तो कर्मचारी ने कहा, लेना है तो लो, वरना चले जाओ। उन्होंने कहा कि इस घटना का वीडियो मेरे साथी ने अपने फोन पर बना लिया। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों में बैठे कर्मचारी बदसलूखी करने पर उतारू हो जाते हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने सीएम पोर्टल में भी की है। इस संबंध में आबकारी अधिकारी रमेश बंगवाल ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में आई कई शिकायतों की जांच की गई है और जहां अनियमितता पाई गई, वहां कार्रवाई की गई है। आगे भी जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## एक नजर .......

### सरकार का लाखों करोड़ों का मुआवजा बांटा,, फिर होने दिया अवैध निर्माण



**रूद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे चौड़ीकरण से प्रभावित भवन स्वामियों और भूमिधरों को मुआवजा वितरित किया गया, लेकिन स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि राजनीतिक प्रभाव वाले लोगों को अनुपात से अधिक मुआवजा दिया गया। कुछ मामलों में पूरे भवन का मुआवजा स्वीकृत होने के बावजूद ढांचों को पूरी तरह नहीं हटाया गया है। यह स्थिति हाईवे के तिलवाड़ा में देखने को मिल रही है। यहां नेशनल हाईवे चौड़ीकरण में अभियंता और कर्मचारियों की मिलीभगत से मुआवजे की बंदरबांट की जा रही है। परिणामस्वरूप, उन्हीं भूखंडों पर दोबारा निर्माण और अतिक्रमण बढ़ने की शिकायतें सामने आई हैं। तिलवाड़ा में सरकार ने लाखों-करोड़ों का मुआवजा बांटा, मगर एनएच विभाग के अभियंता और कर्मचारियों की कारस्तानी से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसमें जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली में सवालों के घेरे में है। जिससे साफ है कि एनएच विभाग के अभियंता, कर्मचारियों ने सरक. ारी धन की बंदरबांट की। व्यस्त बाजार क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों के अनुरूप चौड़ाई और सुरक्षा प्रावधान लागू नहीं किए जाने से यातायात दबाव और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी है।

### स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के संबंध में बैठक आयोजित

**कोटद्वार।** नगर निगम प्रेक्षागृह में शुक्रवार को मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत कोटद्वार नगर क्षेत्र में प्रथम चरण वार्ड नंबर 4 से 26 तक प्रस्तावित स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर शैलेंद्र रावत ने सम्मानित पार्षदगण, क्षेत्रीय जनता एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में विशेषज्ञ संस्था द्वारा तैयार की गई डीपीआर एवं प्रथम चरण में प्रस्तावित कार्यों की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति के माध्यम से शहर में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु प्रस्तावित व्यवस्थाओं, तकनीकी पहलुओं एवं कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी साझा की गई। महापौर ने बैठक के दौरान उपस्थित पार्षदों एवं नागरिकों से सुझाव प्राप्त किए तथा सभी के सहयोग से योजना को प्रभावी एवं जनहितकारी रूप में क्रियान्वित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए, ताकि कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित हो सके।महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन के सामूहिक प्रयास से कोटद्वार को जलभराव मुक्त, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित नगर बनाने की दिशा में यह योजना मील का पत्थर सिद्ध होगी

# बरवाल गांव में जल अर्पण दिवस पर ग्रामीणों को सौंपी गई पेयजल योजना की चाबी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की मुहिम अब रंग लाने लगी है। इसी क्रम में विकासखंड थौलधार की ग्राम पंचायत बरवाल गांव में शुक्रवार को एक भव्य समारोह के रूप में जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल एक योजना के लोकार्पण का था, बल्कि ग्राम स्वराज्य और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम भी था। गांव के लिए नवनिर्मित पेयजल योजना का कार्य पूर्ण होने के पश्चात अब इसके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी आधिकारिक रूप से ग्राम पंचायत को सौंप दी गई है। उत्तराखंड पेयजल निगम चंबा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को योजना के सफल संच. ालन के लिए प्रेरित करना और उनमें



जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाना था।

समारोह की शुरुआत विधि-विधान के साथ जल पूजन और जल शपथ ग्रहण करके की गई। उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पानी की एक-एक बूंद को सहेजने और उसका सदुपयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ग्राम समाज को पेयजल योजना के तकनीकी पहलुओं, स्वच्छता बनाए रखने के तरीकों, पानी की गुणवत्ता की टेस्टिंग और जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया कि अब यह योजना उनकी अपनी है, इसलिए इसकी देखरेख और सुचारू संचालन में हर ग्रामीण की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। यह पहल सरकार के उस विजन को दर्शाती है जिसमें विकास कार्यों में जनसहभागिता को सर्वोपरि रखा गया है। इस अवसर पर भविष्य की पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों के बीच जल संरक्षण विषय पर भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और प्रभावशाली वक्तव्य के माध्यम से पानी बचाने का ऐसा संदेश दिया कि उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह रांगड़ और ज्येष्ठ प्रमुख सुनीता राणा ने योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान ग्राम प्रधान जगमोहन सिंह चौहान, ओम प्रकाश भट्ट, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम संदीप कश्यप, अधिशासी अभियंता जल संस्थान केएन सेमवाल, सहायक अभियंता राजवीर राणा, सुबोध थपलियाल, एएई अनिल पंवार, शुभम शर्मा, आशीष पंवार और प्रधानाध्यापक अमित चमोली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गढ़वाल विवि में छात्रों को मिलेगी विधिक जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की जूनियर डिवीजन कह सिविल जज अल्का ने विधिवत विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसांई ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में स्थापित यह केन्द्र छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। कहा कि केन्द्र समय-समय पर विधिक जागरूकता से सम्बिन्धित कार्यक्रमों का संचालन करता रहेगा। सिविल जज अलका ने साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों, साइबर कानूनों की जानकारी तथा डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड एवं सोशल मीडिया दुरुपयोग से सतर्क रहने का संदेश दिया साथ ही लोक अदालतों के महत्व के बारे में भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य नियन्ता प्रो. दीपक कुमार ने विद्यार्थियों से डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में साइबर सेल से संपर्क करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रमेश चंद्र जोशी ने साइबर सेल के माध्यम से विद्यार्थियों को मिलने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता, परामर्श एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। नोडल अधिकारी डॉ. अनु राही ने विद्यार्थियों को साइबर सेल के उद्देश्य, उपयोग एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# पुलिस जनता के द्वार अभियान से बढ़ेगी सुरक्षा और संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम करने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 'पुलिस जनता के द्वार' अभियान के तहत जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस क्रम में पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुण्डीर की अध्यक्षता में थाना गुप्तकाशी क्षेत्र के नव-सम्मिलित गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई।

इस दौरान हाल ही में नियमित पुलिस व्यवस्था के दायरे में आए ग्राम जोला, बड़ेथ, पाट्यूं, डूंगर और भटवाड़ी के ग्रामीणों को पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस उपाधीक्षक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने स्थानीय समस्याओं को सुनकर



उनके जल्द निस्तारण का भरोसा भी दिलाया। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पुलिस ने अपील की कि किसी भी अनजान कॉल या मैसेज के झांसे में न आएं।

इसके साथ ही नशामुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए ग्रामीणों से सहयोग मांगा गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि कड़ी कार्रवाई की जा सके। आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता के लिए पुलिस ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को थाना गुप्तकाशी के संपर्क नंबर उपलब्ध कराए। वहीं, पुलिस ने भी भविष्य में त्वरित कार्रवाई के लिए ग्राम प्रधानों और सम्मानित व्यक्तियों के मोबाइल नंबर संकलित किए।

# भाजपा ने ऋतु खंडूड़ी भूषण का किया जोरदार स्वागत

**कोटद्वार** । जनपद पौड़ी गढ़वाल की कोटद्वार चिल्लरखाल लालढांग मोटर मार्ग पर उच्चतम न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय आने के बाद शुक्रवार को कोटद्वार भाबर में क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उसके बाद पार्टी के कार्यकर्ता जुलूस के रूप में कोटद्वार मुख्य बाजार पहुंचे । कैम्प कार्यालय में ऋतु खंडूड़ी भूषण द्वारा प्रेस वार्ता की गई । इस अवसर पर उन्होंने खुशी जताते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस मार्ग की मांग लम्बे समय से चली आ रही थी । क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए कोटद्वार लालढांग मोटर मार्ग अति आवश्यक था । इसके निर्माण से व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य के विकास में तेजी आएगी ।

# बाल आयोग ने जगाई सड़क सुरक्षा की अलख

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते ग्राफ को नीचे लाने और सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अब दूरस्थ क्षेत्रों में भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जनपद के थत्यूड़ स्थित ब्लॉक सभागार में आयोग के तत्वावधान में आयोजित एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यशाला में सड़क सुरक्षा का मुद्दा छाया रहा। कार्यशाला में परिवहन विभाग और विधि क्षेत्र के विशेषज्ञों ने शिरकत की और उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के प्रति संजीदा रहने की सलाह दी। एआरटीओ सत्येंद्र राज ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मोटर व्हीकल एक्ट के कड़े प्रावधानों और उनके अनुपालन की अनिवार्यता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

एआरटीओ ने कहा कि सड़क हाद. सों का सबसे बड़ा कारण मानवीय



भूल और नियमों की अनदेखी है। उन्होंने प्रतिभागियों को दुर्घटनाओं से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। विशेष रूप से राहवीर योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को अब पुलिसिया कार्रवाई का डर नहीं होना चाहिए, बल्कि सरकार ऐसे मददगारों को प्रोत्साहित करती है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए उपलब्ध कैशलेस ट्रीटमेंट सुविधा के बारे में भी विस्तार से समझाया गया, ताकि संकट के समय सही जानकारी के अभाव में किसी की जान न जाए। कार्यशाला का मुख्य ध्येय यही था कि आम जनमानस में जागरूकता आए और वे स्वयं एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।


इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में बाल संरक्षण और कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग के सचिव एसके बरनवाल, जज एवं डीएलएसए सचिव आलोक राम त्रिपाठी और आयोग के अनुसचिव सतीश कुमार सिंह ने अपने विचार रखे। प्रशास. निक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गंभीरता को और बढ़ा दिया। इस मौके पर एसडीएम धनौलती नीलू चावला, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय गौरव और साइबर क्राइम निरीक्षक गोपाल दत्त भट्ट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल परिवहन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है।

# एमडीडीए का ऋषिकेश-मसूरी में सीलिंग व ध्वस्तीकरण अभियान तेज

## अवैध बहुमंजिला भवन का ध्वस्तीकरण, नियम विरुद्ध व्यवसायिक निर्माणों पर शिकंजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ऋषिकेश एवं मसूरी क्षेत्रों में सीलिंग और ध्वस्तीकरण की प्रभावी कार्रवाई की गई।



**मसूरी क्षेत्र में अवैध व्यवसायिक निर्माण सील**

मसूरी क्षेत्र के किमाड़ी मोटर मार्ग पर रोहित पुंडीर द्वारा किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण के विरुद्ध प्राधिकरण ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र के व्यवसायिक उपयोग के लिए किया जा रहा था, जो भवन निर्माण उपविधियों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह कार्रवाई सहायक अभियंता अजय मलिक, अवर अभियंता अनुराग नौटियाल, सुप. रवाइजर तथा पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न की गई।

**ऋषिकेश में अवैध निर्माणों पर सीलिंग अभियान**

ऋषिकेश क्षेत्र में भी प्रवर्तन दल द्वारा अवैध व्यवसायिक निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। गली नंबर 5, वीरपुर खुर्द, सीमा डेंटल कॉलेज के निकट रीतु गुप्ता पत्नी अनिल गुप्ता द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक निर्माण को नियम विरुद्ध पाए जाने पर सील किया गया। इसी प्रकार गली नंबर 10, निर्मल बाग ब्लॉक-बी, पशुलोक में करमवीर सिंह द्वारा किए जा रहे निर्माण को भी बिना वैध स्वीकृति के पाया गया, जिसके चलते प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई की। निरीक्षण में स्पष्ट हुआ कि निर्माण कार्य बिना मानचित्र स्वीकृति के किया जा रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है।

**अवैध बहुमंजिला भवन पर ध्वस्तीकरण**

वीरभद्र रोड, शिव मंदिर के निकट ऋषिकेश में भावेश जोशी द्वारा निर्मित अवैध बहुमंजिला भवन के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूर्ण की गई। संबंधित निर्माण को पूर्व में नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था, किंतु निर्धारित समयावधि में वैध स्वीकृति प्रस्तुत नहीं की गई। इसके बाद नियमानुसार ध्वस्तीकरण अमल में लाया गया। यह कार्रवाई सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता पूनम सकलानी, अमित भारद्वाज, सुपरवाइजर एवं पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न की गई।

**अवैध निर्माण स्वीकार्य नहीं : तिवारी**

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुनियोजित शहरी विकास और नागरिक सुविधाओं की सुरक्षा के लिए भवन निर्माण नियमों का कड़ाई से पालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना मानचित्र स्वीकृति एवं वैधानिक अनुमति के किए गए निर्माण न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि यातायात, पर्यावरण और आधारभूत संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, वहां सीलिंग, ध्वस्तीकरण और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करें।

**नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी : बर्निया**

प्राधिकरण के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी प्रवर्तन कार्रवाइयां नियमानुसार और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत पुलिस बल की उपस्थिति में की जा रही हैं। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे भवन निर्माण उपविधियों का पालन करें तथा किसी भी निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से विधिवत स्वीकृति प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# 21 दिन व 3 सोमवार के साथ बुलाया जाए बजट सत्र: आर्य

- कम अवधि के चलते जनप्रतिनिधियों को समस्याएं उठाने का नही मिलता समय
- नेता प्रतिपक्ष आर्य ने सीएम धामी को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार विधानसभा के माध्यम से जनता के प्रति जवाबदेह होती है। प्रश्नकाल और संसदीय नियमों के तहत विधायक अपने-अपने क्षेत्रों और राज्य से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगते हैं। ऐसे में विधानसभा का नियमित और पर्याप्त अवधि तक संचालन बेहद आवश्यक है।

वर्तमान पंचम विधानसभा, जो 29 मार्च 2022 से प्रारंभ हुई, अब तक 9 सत्रों के साथ केवल 32 कार्य दिवस ही संचालित कर सकी है। अन्य राज्यों की तुलना में यह संख्या काफी कम मानी जा रही है। खास बात यह है कि इन 32 उपवेशनों में एक भी सोमवार प्रश्नकाल सहित निर्धारित नहीं हुआ, जबकि चतुर्थ और पंचम विधानसभा की परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री से जुड़े विभागों के प्रश्नों के लिए सोमवार तय रहता है।

मुख्यमंत्री के पास राज्य के लगभग 75 विभागों में से करीब 40 महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी है।

इनमें गृह, पेयजल, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, औद्योगिक विकास, शहरी विकास, भ्रष्टाचार उन्मूलन और संसदीय कार्य जैसे अहम विभाग शामिल हैं। सोमवार को प्रश्नकाल न होने के कारण कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, आपदा तैयारियों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व बिजली आपूर्ति जैसे गंभीर मुद्दों पर समुचित चर्चा और जवाब नहीं मिल पाए हैं। अधिकांश सत्र केवल दो या तीन दिन ही चले, जिससे अन्य मंत्रियों के विभागों से जुड़े निर्धारित प्रश्न दिवस भी नहीं आ सके। इससे जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याएं प्रभावी ढंग से उठाने का अवसर सीमित रहा।

इसी बीच राज्य का बजट सत्र शीघ्र प्रस्तावित है। इस सत्र में बजट भाषण, सामान्य चर्चा, विभागवार अनुदान मांगों पर विचार और वित्त विधेयक जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होने हैं। ऐसे में सत्र की अवधि पर्याप्त होना और भी जरूरी हो जाता है।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए वरिष्ठ नेता यशपाल आर्य ने आगामी बजट सत्र को न्यूनतम 21 दिनों तक और कम से कम तीन सोमवारों सहित बुलाने की मांग की है, ताकि प्रश्नकाल के माध्यम से सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिल सके।

# बढ़ते अपराधों पर फूटा एनएसयूआई का गुस्सा

- पुलिस मुख्यालय घेरा, सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में जुटे छात्र
- कहा, नशे व अपराधियों के खौफ के साये में देवभूमि, सरकार मौन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून सहित पूरे प्रदेश में बेलगाम होते अपराधों के खिलाफ शुक्रवार को एनसयूई के कार्यकर्ताओं ने बिगुल फूंक दिया। डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय का घेराव किया और धरने पर बैठ गए।

प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कानून-व्यवस्था नहीं सुधरी, तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।कार्यकर्ताओं का कहना है कि हत्या, लूट और नशा तस्करी की बढ़ती घटनाओं ने आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं की सुरक्षा को दांव पर लगा दिया है। सिद्धार्थ अग्रवाल ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन और सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह श्फेलश साबित हो रहे हैं। एनसयूई ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई राजनीतिक नहीं, बल्कि देवभूमि को श्भयमुक्तश बनाने के लिए है।राजधानी में अपराधी बेखौफ हैं और जनता डरी हुई है। हमें ठोस योजना चाहिए, खोखले आश्वासन नहीं। यदि जल्द कार्रवाई न हुई तो पूरे प्रदेश में चक्का जाम होगा।प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हिमांशु रावत, प्रदेश सचिव मुकेश बसेड़ा, नितिन नेगी, डी.बी.एस. कॉलेज अध्यक्ष हर्ष राणा, बकुल मखीजा, सौरभ सेमवाल, मयंक रावत, स्वयं रावत, दक्ष रावत, आर्यन भंडारी और हिमेश नेगी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शेख-उल-हिंद एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट धौलास जमीन घोटाला

# भाजपा सरकार ने बदला लैंड्यूज, हुआ बड़ा खेल: डॉ. हरक

- पूरे प्रकरण की हो उच्चस्तरीय जांच, जिम्मेदार अधिकारियों पर हो सख्त कार्रवाई



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने धौलास जमीन मामले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजधानी देहरादून के धौलास में शैक्षणिक संस्थान के नाम पर आवंटित जमीन का भू-उपयोग भाजपा सरकार के कार्यकाल में बदलकर बड़ा खेल किया गया है।

हरक सिंह रावत ने दावा किया कि धौलास में शेख उल हिंद एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट को आवंटित जमीन का लैंडयूज बदलने के दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि तथाकथित सनातनी मुस्लिम यूनिवर्सिटी का मुद्दा उठाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस का इस पूरे प्रकरण से कोई लेना-देना नहीं है।

**2004 में मिली थी जमीन खरीदने की अनुमति:** रावत ने बताया कि 15 मार्च 2004 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण तिवारी की सरकार के दौरान ट्रस्ट को 13.94 एकड़ जमीन खरीदने की अनुमति का शासनादेश जारी हुआ था। बाद में सुरक्षा संबंधी आईएमए की रिपोर्ट आने के बाद 15 नवंबर 2006 को सरकार ने जमीन को अपने अधीन करने का आदेश जारी किया। ट्रस्ट इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट गया, जहां से उसे स्थगन आदेश मिल गया। इसके बाद सरकार ने साफ शर्त रखी कि जमीन का भू-उपयोग नहीं बदला जाएगा। किसानों से खरीदी गई यह भूमि कृषि भूमि ही रहेगी और यदि बेची जाएगी तो कृषि भूमि के रूप में ही बेची जाएगी।

**धामी सरकार में बदला खेल:** हरक सिंह रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में ट्रस्ट ने रईस अहमद को जमीन बिक्री का प्रति. निधि बनाया।

कानूनी पेचीदगियों से बचने के लिए पहले जमीन रिश्तेदारों के नाम बेनामा की गई और बाद में उन्हीं के माध्यम से हिंदू खरीदारों को बेच दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान धौलास की भूमि का भू-उपयोग बदलकर धारा 143 के तहत आवासीय घोषित कर दिया गया, जो गंभीर अनियमितता है। रावत ने इसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने नियमों को ताक पर रखकर जमीन का खेल किया है।

हरक सिंह रावत ने मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों पर सख्त कार्रवाई हो

**सेंट्रल बैंक का राज्य स्तरीय कृषि ऋण शिविर आयोजित**

**देहरादून।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से राज्य स्तरीय कृषि ऋण शिविर प्रदेश की सभी 42 शाखाओं में वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को सशक्त बनाने के तहत आयोजित किया गया। विशेष कार्यक्रम काशीपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तकरीबन 40 कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों, किसानों व ग्राहकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर विकास अग्रवाल, निदेशक, बीपी एग्रोके. मिकल, महाप्रबंधक विवेक कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख रामप्रमोद आनंद व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**डॉ. पाल बने राज्य आंदोलनकारी समिति कुमाऊँ मंडल के अध्यक्ष**

**देहरादून।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति के मुख्य संरक्षक धीरेन्द्र प्रताप ने डॉ. हरीश पाल को चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति का कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभावी हो गई है उन्होंने हरीश पाल से कहा कि वह अगले 15 दिनों में पूरे कुमाऊं मंडल का संगठन तैयार करके उन्हें भेजें। प्रताप ने आंदोलनकारियों की पेंशन के वादे को पूरा करने की सरकार से मांग की हैं।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 120 **निविदा सूचना** Dated : 13/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) एसएचपी, यूजेवीएन लि0, मध्यमहेश्वर गुप्तकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा सं0 : 12/अ0अ0(वि0/या0-एसएचपी)/मध्यमहेश्वर/2025.26
मध्यमहेश्वर एसएचपी, तहसील उखीमठ जिला रूद्रप्रयाग में सी सी टी वी एवं सहायक उपकरण की आपूर्ति, इंस्टालेशन परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य।
अनुमानित लागत : रू0 24,80,050.00 जीएसटी अतिरिक्त।
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 13.02.2026 18:00 बजे
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 10.03.2026, 15:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 12.03.2026, 15:00 बजे
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट www.ujvnl.com देखें।
**अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0-एसएचपी) मध्यमहेश्वर**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 124 **निविदा सूचना** दि0:13.02.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (I&P-II), यूजेवीएन लिमिटेड,"उज्जवल", महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून, इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है-
**निविदा सं0- 09/UJVNL/EE (I&P-II)/2025-26**
**कार्य का नाम** - अधिशासी अभियंता (I&P-II), देहरादून के कार्यालय के अंतर्गत परियोजना से संबंधित विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु 12 माह की अवधि के लिए एक (01) कवर बॉडी हल्के वाहन (महिंद्रा बोलेरो या समकक्ष, नवीनतम BS-6, फेज-2 मॉडल) को चालक सहित पूल वाहन के रूप में किराये पर लिए जाने के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण।
**अनुमानित लागत**- रू 4,49,000/- (जी.एस.टी. अतिरिक्त)
**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि**-16.02.2026 को 17.00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि-09.03.2026 को 17.00 बजे तक
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
**अधिशासी अभियन्ता (I&P-II)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# जोशी ने किया भारत रंग महोत्सव में रंगकर्मियों को सम्मानित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित 25वें भारत रंग महोत्सव 2026 में प्रतिभाग किया। यह चार दिवसीय कार्यक्रम 12 से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली एवं संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने कोशा आर्टस थिएटर, नेपाल के कलाकार निर्देशक उमेश तमांग की भी सम्मानित किया।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि यह सांस्कृतिक केन्द्र हमारी गौरवशाली परम्पराओं एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संवर्द्धन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत रंग महोत्सव में लोक सांस्कृतिक आयामों के साथ-साथ देश-विदेश में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाले ख्यातिलब्ध नाट्यकर्मी प्रतिभाग कर रहे हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित यह केन्द्र राज्य की समृद्ध संस्कृति एवं परम्पराओं का प्रमाण है, जो हमारी ऐतिहासिक धरोहर और लुप्त होती विधाओं को भावी पीढ़ी के लिए संजोए रखने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के राज्य स्तरीय सांस्कृतिक आयोजनों से प्रदेश की लोक संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने में सफलता मिल रही है और देश के ख्यातिलब्ध कलाकारों की प्रतिभा को देखने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। कैबिनेट मंत्री जोशी ने महोत्सव में प्रतिभाग कर रहे सभी रंगकर्मियों, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को बधाई देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर दर्जाधारी कैलाश पंत, विष्णु प्रसाद गुप्ता, वाई.बी. थापा, प्रभा थापा, अपर सचिव प्रदीप जोशी, उप निदेशक संस्कृति आशीष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग**
'विद्युत नियामक भवन' निकट आई.एस.बी.टी., पो0ऑ0-माजरा, देहरादून

**राज्य में प्रस्तावित विद्युत दरों पर जन सुनवाई**

आयोग के समक्ष उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0 (UPCL), पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 (PTCUL), यूजेवीएन लि0 (UJVN Ltd.) तथा एस0एल0डी0सी0 (SLDC) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सहीकरण (Truing up), वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक अनुपालन समीक्षा (APR) तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए दायर ए०आर०आर० (APR) एवं टैरिफ याचिकाओं पर उपभोक्ताओं व अन्य सम्बन्धित संस्थाओं, व्यक्तियों से सुझावों/मतों को जानने हेतु उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग द्वारा निम्न कार्यक्रम के अनुसार जन सुनवाई आयोजित की जा रही है:-

| जन सुनवाई की तिथि | स्थान |
|---|---|
| **18 फरवरी 2026** (प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक) | **कर्णप्रयाग** : सभागार, क्षेत्र पंचायत विकास खण्ड, कर्णप्रयाग |
| **20 फरवरी 2026** (प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक) | **मुनस्यारी** : विकास खण्ड सभागार, मुनस्यारी |
| **23 फरवरी 2026** (प्रातः 10:30 बजे से 1:30 बजे तक) | **रूद्रपुर** : सभागार, विकास भवन, नैनीताल रोड़, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)। |
| **27 फरवरी 2026** (प्रातः 10:30 बजे से 01:30 बजे तक) | **देहरादून** : सुनवाई कक्ष, उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग विद्युत नियामक भवन, निकट ISBT, माजरा, देहरादून। |

यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था इस सम्बन्ध में अपने मत आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं तो वे कृपया जन सुनवाई में उपस्थित होकर अपने मत माननीय आयोग के समक्ष लिखित या मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त प्रस्तावित समस्त टैरिफ याचिकाओं का अवलोकन आयोग की वैबसाईट **www.uerc.gov.in** पर किया जा सकता है।

वि0सं0- 31/2025-26 **सचिव**

### मानवता और संवेदना की मिसाल

# सेनि. ब्रिगेडियर ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 10 लाख का चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने और समाज के प्रति दायित्व निभाने वालों की आज भी कोई कमी नहीं है। इसी भावना का परिचय देते हुए सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरीश चंद्र जोशी, निवासी वसंत विहार, देहरादून एवं मूल निवासी जहरिखाल, पौड़ी गढ़वाल, ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपये की धनराशि दान की।



- आपदा पीड़ितों और वंचित बच्चों के लिए पूर्व सैनिक का अनुकरणीय सहयोग

ब्रिगेडियर जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर चेक सौंपा। यह सहयोग पूर्व में आई दैवीय आपदाओं के दौरान राहत-बचाव कार्यों तथा आपदा से प्रभावित गरीब एवं वंचित बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका में सहायता के उद्देश्य से दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अनुभवी सैन्य अधिकारी होने के नाते ब्रिगेडियर जोशी की यह पहल राज्य और समाज के समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा समाज के अन्य लोगों को भी सेवा और सहयोग के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर ब्रिगेडियर एच. के. जोशी की पुत्री शानू जोशी भी उपस्थित थीं।

# सीएम धामी ने बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय महिला बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को बॉडीबिल्डिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं गमला भेंट कर सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभा थपलियाल की उपलब्धियों को उत्तराखंड की मातृशक्ति के गौरव तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा की सफलता से प्रदेश, विशेषकर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाली बेटियों को खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मातृशक्ति अब खेलों के साथ-साथ अन्य विविध क्षेत्रों में भी अपने कैरियर की संभावनाएं तलाश रही हैं, जो प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उत्तराखंड की भूमि मातृप्रधान रही है तथा पहाड़ की महिलाएं कृषि, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन की धुरी रही हैं। समय-समय पर उत्तराखंड की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा, खेल और सुशासन के क्षेत्र में देश-दुनिया का मार्गदर्शन किया है। हमें अपनी मातृशक्ति पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐसी प्रतिभाशाली महिलाएं जो विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर रही हैं, उन्हें राजकीय सेवा में अवसर प्रदान करने का भी प्रयास किया जाएगा। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी रविंद्र जुगरान भी उपस्थित थे।



- मातृशक्ति के उत्कर्ष और महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बनीं प्रतिभा

### कुम्भ मेला को लेकर शासन-प्रशासन के स्तर पर तैयारियां हुई तेज

# सचिव शहरी विकास विभाग ने मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आगामी कुम्भ मेला-2027 को लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में शहरी विकास तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव नितेश कुमार झा ने शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचकर कुम्भ मेला क्षेत्र में प्रस्तावित व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कुम्भ मेला-2027 को सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कुंभ क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि साध-संतों एवं श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही सभी संबंधित विभागों को सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सचिव श्री झा ने पंतद्वीप चमगादड़ टापू सेक्टर में 172.01 लाख की लागत से निर्माणाधीन अंत:स्रोत कूप का निरीक्षण किया तथा कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल निगम के अभियंताओं को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कूप से होने वाली जलापूर्ति हेतु स्थायी पाइपलाइन बिछाई जाए, ताकि भविष्य के मेलों में भी इसका उपयोग हो सके। उन्होंने पंतद्वीप क्षेत्र में कुम्भ के अतिरिक्त अन्य अवसरों पर भी गतिविधियां आयोजित करने की कार्ययोजना बनाने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बैरागी कैंप में छ526.81 लाख की लागत से 1500 के.एल. क्षमता के ओवरहेड टैंक एवं नलकूप निर्माण कार्य, दक्षद्वीप क्षेत्र में 172.01 लाख की लागत से निर्माणाधीन अंत:स्रोत कूप, शिवालिक नगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य तथा पथरी रौ नदी पर छ966.61 लाख की लागत से निर्माणाधीन पुल की प्रगति का भी स्थलीय निरीक्षण किया। बैरागी कैंप, दक्षद्वीप, धीरवाली पार्किंग स्थल सहित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर उन्होंने प्रस्तावित अस्थायी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

हरकीपैड़ी को जोड़ने वाले मार्गों एवं पुलों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने समुचित मरम्मत, सौंदर्यीकरण तथा सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खुले स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं के लिए उपयुक्त स्थानों पर सुव्यवस्थित शौचालय स्थापित करने पर भी जोर दिया। मेला नियंत्रण भवन स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करते हुए सचिव ने इसे और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश दिए।

डामकोठी में आयोजित समीक्षा बैठक में मेला प्रशासन, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ मेले से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थायी प्रकृति के सभी कार्य अविलंब प्रारंभ कर निधारित समय पर पूर्ण किए जाएं तथा अस्थायी कार्यों से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किए जाएं। आईटीडीए, पुलिस विभाग एवं टीसीआईएल के प्रतिनिधियों के साथ कुम्भ क्षेत्र में सीसीटीवी एवं ड्रोन सर्विलांस की प्रस्तावित कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करते हुए उन्होंने पूर्व में स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता का ऑडिट कराने तथा कुम्भ क्षेत्र के प्रमुख स्थलों को निगरानी के दायरे में लाने हेतु संशोधित तकनीकी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सचिव श्री झा ने हरिद्वार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर कुम्भ मेला को लेकर प्रस्तावित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्टेशन पर दूसरी ओर से भी यात्रियों के आवागमन हेतु ओवरब्रिज निर्माण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एकीकृत योजना तैयार करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, आईटीडीए के अपर निदेशक तीर्थपाल सिंह, एएसपी कुंभ विपिन कुमार, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, उप मेलाधिकारी आकाश जोशी व मंजीत सिंह गिल तथा हरिद्वार रेलवे स्टेशन के अधीक्षक दिनेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने चौराहे पर शव रखकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पथरी।** थाना क्षेत्र के एक्कड़ कलां डंपिंग जोन के पास गुरुवार देर रात सड़क हादसे में फैक्ट्री से ड्यूटी कर लौट रहे एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया और प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। रोशनाबाद की एक फैक्ट्री से ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे सोनू (40) पुत्र नेकीराम को देर रात करीब एक बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सोनू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने एक्कड़ कलां चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। मौके पर अनुपमा रावत (हरिद्वार ग्रामीण विधायक), अरविंद कुमार (जिला पंचायत सदस्य, भाजपा) और जयंत चौहान (जिला पंचायत सदस्य, बसपा) भी पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने अज्ञात वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी और परिवार को सरकारी मुआवजा देने की मांग की। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और आश्वासन दिया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन और चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# 11 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

## इंस्पेक्टर सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहादराबाद।** मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार के निर्देशों पर बहादराबाद पुलिस नशा तस्करों पर शिकंजा कसा हुआ है। गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान बहादराबाद पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने नहर पटरी संस्कृत विद्यालय के पीछे घेराबंदी करते हुए अकरम पुत्र मोहब्बत निवासी मस्जिद वाली गली बहादराबाद को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। आरोपी युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 11 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। बहादराबाद थाना प्रभारी विजय सिंह ने नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाते हुए टीम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में नशे का कारोबार नहीं होने दिया जाएगा। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अकरम एक शातिर नशा तस्कर है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वह पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन बार जेल जा चुका है। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अमित नौटियाल, कां. मुकेश नेगी शामिल रहे।

# कांग्रेसियों ने कानून व्यवस्था को लेकर फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** प्रदेश में बिगड़ रही कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मालवीय चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। इस दावरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी, मनोज सैनी के संयोजन और यूथ कांग्रेस के कार्यकारी महानगर अध्यक्ष विशाल प्रधान और रानीपुर विधान सभा अध्यक्ष गौरव चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मालवीय चौक पर धामी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी और मनोज सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। बदमाशों में पुलिस का खौफ समाप्त हो चुका है। प्रदेश की राजधानी देहरादून सहित हरिद्वार, नैनीताल और उधमसिंह नगर जनपद में बढ़ती अपराधिक घटनाओं से स्पष्ट है कि सरकार का प्रदेश की कानून व्यवस्था पर ध्यान नहीं है और सिर्फ समाज में नफरत की राजनीति कर प्रदेश का माहौल बिगाड़ रही है। यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रवीश भटीजा एवं ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि प्रदेश की राजधानी देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधम सिंह नगर जिलों में लगातार घट रही आपराधिक घटनाओं से आमजन में भय का माहौल है। यूथ कांग्रेस के कार्यकारी महानगर अध्यक्ष विशाल प्रधान और रानीपुर विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष गौरव चौहान ने कहा कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी, अपराध रोकने और महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द प्रदेश की कानून व्यवस्था नहीं सुधरी तो यूथ कांग्रेस सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करेगी। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैश खुराना, दीपक टंडन और अनिल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में दिन दहाड़े हत्याएं और महिलाओं के साथ लूट हो रही लूट से स्पष्ट है कि सरकार केवल जुमलेबाजी में व्यस्त है। समर्थ ठाकुर और समर्थ अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में युवा, महिला, कर्मचारी, व्यापारी हर वर्ग त्रस्त है। आमजन और व्यापारियों में बदमाशों का खौफ है। प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र भारद्वाज, सरिता शर्मा, सौरभ सैनी, अंकुर सैनी, उदित विद्याकुल, संजय सैनी, राजू चित्कारा, हरजीत सिंह, अंकित चौधरी, जवाहर चावला, सोमपाल सैनी, जावेद आलम, हेमंत चंचल, ऋषभ वाल्मीकि, कार्तिक शर्मा, रजत कुमार, गौरव ठाकुर, शुभम् जागरिया, पिंटू सैनी, राजबीर सिंह आदि शामिल रहे

# उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 18 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 18 से 27 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा हरिद्वार डा.वाजश्रवा आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 10 (पूर्व मध्यमा) और कक्षा 12 (उत्तर मध्यमा) की बोर्ड परीक्षा में 477 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। गुरुकुल संस्कृत विद्यालय, जगदेव संस्कृत विद्यालय सप्तसरोवर और ऋषिकुल विद्यापीठ में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षाएं प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेंगी। डा.वाजश्रवा आर्य ने बताया कि परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी है। परीक्षा में निष्पक्षता, सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# समाज के सभी वर्गों के हित में है यूजीसी कानून : विजयपाल


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** अखिल भारतीय ओबीसी वर्ग संयुक्त मंच के संयोजक विजयपाल सिंह ने यूजीसी कानून को समाज के सभी वर्गों के हित में बताया है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विजयपाल सिंह ने कहा कि विश्व विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रा का उत्पीड़न रोकने के लिए 1956 में पहली बार यूजीसी कानून लागू किया गया था। लेकिन तब इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। 2012 में उत्पीड़न के चलते रोहित वेमुला की आत्महत्या के बाद विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में उत्पीड़न की घटनाओं की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया और सिफारिशें लागू की गयी। लेकिन किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की गयी। जिससे उत्पीड़न की घटनाएं लगातार सामने आती रही। जिनकी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने जांच और कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए यूजीसी कानून बनाया और 13 जनवरी 2026 को इसे लागू किया गया। विजयपाल सिंह ने कहा कि कुछ लोग कानून का अध्ययन किए बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए सामाजिक न्याय की अवधारणा पर समावेशी कानून लागू किया है। कानून में रंग, भाषा, क्षेत्रीयता के आधार पर भेदभाव करने पर भी कार्रवाई का प्रावधान किया गया। महिलाओं, दिव्यांगों, इडब्लयूएस को भी कानून का लाभ मिलेगा। विविऔर उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के उत्पीड़न पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि कानून के समर्थन में राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भी भेजा गया है। इस दौरान धर्मपाल ठेकेदार सुनील प्रजापति ने भी विचार रखे।

# प्रो. सत्यदेव निगमालंकार ने कुलसचिव पद का कार्यभार किया ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के वैदिक विद्वान प्रो सत्यदेव निगमालंकार ने शुक्रवार को कुलसचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय का देश दुनिया में अपना गौरवशाली विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि वह सभी शिक्षकों व कर्मचारियों के सहयोग से विश्वविद्यालय को शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में आगे ले जाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह पूर्ण निष्ठा से पूरा करने की दिशा में कार्य करते हुए विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करेंगे। प्रो सत्यदेव निगमालंकार ने प्रो नवनीत से कुलसचिव कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# नशे में युवक ने 112 पर दी लूट की सूचना, गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शराब के नशे में पुलिस को लूट की झूठी सूचना देना युवक को भारी पड़ गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने नशे में कार चलाते मिले युवक का मेडिकल कराने के बाद एमवी एक्ट में गिरफतार करने के साथ कार को भी सीज कर दिया। घटना थाना श्यामपुर क्षेत्र की है। बीती रात एक युवक ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उससे 10,000 रुपये और दो मोबाइल फोन लूट लिए हैं। सूचना पर रात्रि अधिकारी अपर उपनिरीक्षक रविन्द्र गौड तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो कॉल करने वाला युवक जयंत मंमगई निवासी श्यामपुर शराब के नशे में कार चलाता मिला। पूछताछ करने पर वह घटना के संबंध में विरोधाभासी बयान देने लगा। स्थानीय लोगों से पूछताछ और सख्ती से जांच करने पर पता चला कि लूट की कोई घटना हुई ही नहीं थी। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने नशे की हालत में पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी सूचना दी थी। झूठी सूचना देने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया व घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार को भी सीज कर दिया। पुलिस टीम में कांस्टेबल मनोज रतूड़ी, कांस्टेबल चालक मोहन सिंह रावत, होमगार्ड नितिन कुमार शामिल रहे।

# कांग्रेस विधायकों ने की बजट सत्र की अवधि तीन सप्ताह रखने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हरिद्वार।** कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर बजट सत्र की अवधि तीन सप्ताह रखने की मांग की है। विधायकों ने मांग की है कि बजट सत्र की कार्यवाही इस प्रकार निर्धारित की जाए कि प्रश्नकाल और विधायी कार्यों के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो। उनका कहना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदन में खुली और विस्तृत चर्चा आवश्यक है। ज्ञापन में विधायकों ने राज्य की मौजूदा परिस्थितियों को गंभीर बताते हुए कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, वन्य जीवों के हमलों से हो रही जनहानि, पेयजल संकट और आपदा पीड़ितों के पुनर्वास जैसे मुद्दों पर तत्काल चर्चा की मांग की है। विधायकों ने आरोप लगाया कि हर घर नल जैसी योजनाओं के बावजूद कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या बनी हुई है। पिछले वर्ष आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवार अब भी मुआवजे और पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ज्ञापन में विधायकों ने यह भी कहा कि राज्य में अब भी कई कानून और नियमावली उत्तर प्रदेश काल के लागू हैं, जिन्हें उत्तराखण्ड की परिस्थितियों के अनुसार संशोधित किया जाना चाहिए। राज्य निर्माण के 25 वर्ष बाद भी कई विधायी सुधार लंबित हैं। ज्ञापन में विधायकों ने सुझाव दिया कि बजट सत्र के दौरान आवश्यक संशोधन विधेयक लाकर राज्य की प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाए। ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि उत्तराखंड में विधानसभा सत्र अन्य राज्यों की तुलना में कम समय के लिए आयोजित होता है। जिससे जनता की समस्याएं सदन में पूरी तरह से नहीं उठ पातीं। प्रदेश के 70 विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े प्रश्न सदन में रखने और सरकार से स्पष्ट जवाब लेने का अवसर मिलना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में विधायक हाजी फुरकान अहमद, विधायक ममता राकेश, विधायक अनुपमा रावत, हारून चौधरी, सागर बेनीवाल, महरूफ सलमानी, तबरेज आलम आदि शामिल रहे।

# फाल्गुन संक्रांत पर गुरुद्वारों में सजे विशेष दीवान, संगत ने टेका माथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** फाल्गुन महीने की संक्रांत के अवसर पर शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजाए गए, जहां सैकड़ों श्रद्धालु संगत ने पहुंचकर माथा टेका और गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु नानक दरबार भेल, निर्मल संतपुरा गुरुद्वारा, निर्मल विरक्त कुटिया डेरा कार सेवा गुरुद्वारा एवं गोल गुरुद्वारा में संक्रांत के उपलक्ष्य में रहरास साहिब पाठ, सुखमनी साहिब पाठ, शब्द कीर्तन एवं कथा का आयोजन किया गया। कथावाचकों ने फाल्गुन संक्रांत के महत्व और गुरुओं की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। अमृत कौर, सरबजीत कौर, फतेह सिंह और सिमरन कौर ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रभु सिमरन में मन लगाना चाहिए। गुरुओं की वाणी सुनने से जीवन सफल होता है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी सिख समुदाय के लिए अत्यंत पवित्र स्थान है और सरकार को शीघ्र भूमि आवंटित करनी चाहिए।

बाबा पंडत ने कहा कि गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष जारी है। शासन-प्रशासन भले ही इसे भूल गया हो, लेकिन समाज इसे नहीं भूला है। इस अवसर पर संत बलजिंदर सिंह शास्त्री, ज्ञानी पंकज सिंह, परमजीत सिंह, सुरजीत सिंह, सूबा सिंह ढिल्लो, सतपाल सिंह चौहान, सुदीप सिंह सलूजा, सुखदेव सिंह, उज्जल सिंह सेठी, हरभजन सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरपेज सिंह, अनूप सिंह सिद्धू, अपनिंदर कौर, सतविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, मंजीत सिंह, गुरचरण सिंह, मोहन सिंह, इंदरजीत सिंह बिट्टू, हरजीत सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से

# आदर्श सदन इंटर कॉलेज में जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पथरी।** क्षेत्र के आदर्श सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जागरूकता सिविल में पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला, विकलांग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, असहाय व्यक्तियों के लिए नि:शुल्क अधिवक्ता प्रदान किए जाते हैं। जिससे कि निर्दोष व्यक्ति को सजा से बचाया जा सके और समय-समय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्य हुए के बारे में बताया जाता है। और सरकार के द्वारा बनाए गए नए कानून की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का हमारे समाज में महत्वपूर्ण योगदान है। और उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए जिससे कि उन्हें शोषण से बचाया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह चौहान के सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से हमें कानून, यातायात के नियम, महिलाओं के अधिकार और कर्तव्य के बारे में जानकारी मिलती है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर जितेंद्र कुमार, विकास यादव, सुरेंद्र सिंह, सुदेश चौहान, अरुणा यादव, वीर सिंह सहित अध्यापक और अध्यापिकाएं और छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांक:- 1366/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक- 13.02.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में सम्बन्धित उपसंस्थान के अन्तर्गत विद्युत लाईन चार्ज करने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाड़ा। | 11 के0वी0 सीतापुर | 16.02.2026 /सोमवार | 11:00 बजे से 15:00 बजे तक | सीतापुर एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 पीठ बाजार | | | दुर्गा चौक, कस्सावान, पीठ बाजार, सोनिया बस्ती एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

**अधिशासी अभियन्ता**
''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''



**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार ( उत्तराखण्ड )।**
शिकायत सं० - 117/2024
श्री अश्विन प्रहलाज वनवरिया
**बनाम**
दिव्या आर्शीवाद प्रोपट्रीज प्रा0लि0 व अन्य।

विपक्षी - महेश यादव पुत्र बच्चू यादव, प्रशासनिक अधिकारी, दिव्या आर्शीवाद प्रोपट्रीज प्रा0लि0, निवासी कमरा नं०-7-8, ग्राउंड फ्लोर, शांति भवन, सामने बंगाली हॉस्पिटल पोस्ट कनखल, तहसील व जिला हरिद्वार।

उपरोक्त शिकायत में विपक्षी पर पंजीकृत नोटिस भेजा गया परंतु तामील पर्याप्त नहीं हो सकी। अत: इस नोटिस का प्रकाशन इस आशय से कराया जा रहा है कि विपक्षी उपरोक्त शिकायत सं०-117/2024 में जवाब/सुनवाई हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 10:30 बजे दिनांक 30-03-2026 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार में उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि आप नियत तिथि को न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं और न ही जवाब दाखिल करते हैं, तो उपरोक्त शिकायत में आपकी अनुपस्थिति अंकित करते हुए सुनवाई उपरांत एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 13-02-2026 को उक्त नोटिस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से - अध्यक्ष**
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार।



**आज्ञा से तनुजा कश्यप सिविल जज ( जे.डी. ), हरिद्वार न्यायालय सिविल जज ( जे.डी. ) हरिद्वार**
मूलवाद सं० 54 सन 2026
रुद्रानंद शिष्य स्व. श्यामल गिरी निवासी : गोहरी माफी, रायवाला, जनपद देहरादून, उत्तराखंड।
...... वादी
**बनाम**
1. आम जनता
.......प्रतिवादीगण

चूंकि उपरी नामांकित वाद में आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्वारा सूचना दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु प्रदर्शित करने के लिये दिनांक 27.02.2026, समय 10.00 बजे पूर्वाह्न में या समरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा एवं अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित आज 13/02/2026 दिवस को निकाली गयी।

ह0 /- प्रबंधक
वाद लिपिक
न्यायालय सिविल जज (जे.डी.)
हरिद्वार



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# औली में गूंजा शीत उत्सव का शंखनाद

■ पर्यटन मंत्री महाराज ने किया राष्ट्रीय हिमक्रीड़ा स्कीइंग शीतकालीन महोत्सव 2026 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**चमोली।** देवभूमि के विश्वप्रसिद्ध पर्वतीय पर्यटन स्थल औली में शुक्रवार को राष्ट्रीय हिमक्रीड़ा स्कीइंग शीतकालीन महोत्सवख्र2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने दीप प्रज्वलित कर चार दिवसीय महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया।औली की पावन एवं मनोहारी धरती पर आयोजित इस आयोजन में मंत्री ने कहा कि यहां उपस्थित होना उनके लिए गर्व और हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और स्पष्ट संकल्प के परिणामस्वरूप उत्तराखंड को विश्वस्तरीय शीतकालीन पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल संभव हो सकी है।

### औली बना भारत का प्रमुख शीतकालीन पर्यटन केंद्र

मंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक चेतना और साहसिक संभावनाओं का अद्वितीय संगम है। समुद्र तल से लगभग 2500 से 3050 मीटर की ऊंचाई पर स्थित औली अपने विस्तृत प्राकृतिक ढलानों, ओक और देवदार के घने वनों तथा नंदा देवी, कामेत और माना क्षेत्र के हिमालयी शिखरों के दिव्य दृश्यों के कारण देश का प्रमुख शीतकालीन गंतव्य बन चुका है। यहां की भौगोलिक संरचना और अनुकूल जलवायु इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए आदर्श स्थल बनाती है।

### 13 से 16 फरवरी तक विविध आयोजन

13 से 16 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस शीतकालीन महोत्सव में स्कीइंग प्रतियोगिताएं, साहसिक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्थानीय लोककलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। मंत्री ने कहा कि यह



आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा, गृह-आवास योजना और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा।

### प्रमुख घोषणाएं: हर वर्ष होगा शीत महोत्सव

मंत्री ने घोषणा की कि औली में शीतकालीन पर्यटन और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए यह महोत्सव प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा।अप्रैल 2026 में भारतीय सेना के साथ "सूर्य देवभूमि चुनौती" का आयोजन प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत हेलंग से उर्गम, रुद्रनाथ, मंडल होते हुए ऊखीमठ तक लगभग 91 किलोमीटर लंबी पगडंडी दौड़ आयोजित की जाएगी।

नीति घाटी में 31 मई को "नीति अत्यंत अल्ट्रा दौड़" का आयोजन प्रस्तावित है। इसमें रिमखिम से नीति होकर मलारी तक 75 किलोमीटर अल्ट्रा मैराथन तथा मलारी से नीति होकर मलारी तक 42 किलोमीटर मैराथन आयोजित होगी। विदेशी प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।जून 2026 में भारतीय सेना के सहयोग से बदरीनाथ और माणा क्षेत्र में देवभूमि सांस्कृतिक उत्सव का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। 80 के दशक में कुमाऊं और गढ़वाल के मध्य होने वाली प्रसिद्ध हिमालयन मोटर रैली का वर्ष 2026 में पुनः आयोजन प्रस्तावित है।

पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक्रो उत्सव को प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले कैलेंडर कार्यक्रम के रूप में शामिल किया जाएगा।

### पर्वतमाला परियोजना के तहत रोपवे निर्माण

मंत्री ने बताया कि पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत केदारनाथ और हेमकुंड रोपवे निर्माण कार्य इसी वर्ष प्रारंभ किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, जोशीमठ नगर पालिका अध्यक्ष देवेश्वरी, जिलाधिकारी गौरव कुमार, जीएमवीएन के प्रबंध निद. ेशक विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने ली चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं की वर्चुअल बैठक

■ यात्रा शुरू होने से पहले दुरुस्त करें सभी व्यवस्थाएं : प्रशांत आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:**उत्तरकाशी 13 फरवरी : चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने शुक्रवार को यात्रा से जुड़े विभागों के अधिकारियों की वर्चुअल माध्यम से बैठक लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग,वाहन पार्किंग,सुरक्षा व्यवस्था,पेयजल,विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं और स्वच्छता प्रबंधन,घोड़ा खच्चर संचालन,घोड़ा पड़ाव आदि को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग के सुधारीकरण पर जोर देते हुए ईई लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि पैदल मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों का मरम्मत कार्य,रेलिंग,साइन बोर्ड और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रा मार्ग पर क्षतिग्रस्त शौचालयों और यात्री शेडों की मरम्मत एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के लिए निर्धारित स्थानों पर गर्म पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशु चिकित्सा टीम की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही जल संस्थान और विद्युत विभाग को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य विभाग को यात्रा अवधि के दौरान आवश्यक औषधि,अतिरिक्त चिकित्सा दल और एंबुलेंस तैनात रखने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को यातायात प्रबंधन की ठोस कार्य योजना तैयार करने और भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त बल तैनात करने को कहा गया। पैदल यात्रा मार्ग पर भीड़ नियंत्रण के साथ ही घोड़े खच्चरों के संचालन की मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए मार्ग की रेखी कराने के निर्देश आपदा प्रबंधन अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने गंगोत्री धाम की यात्रा तैयारियों की समीक्षा करते हुए ईओ नगर पंचायत,बीआरओ एवं सम्बंधित अधिकारियों को समय रहते सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दोनों धाम में ऐसे निर्माण कार्य जिसमें समय ज्यादा लगने की संभावना है,ऐसे कार्यों की टेंडर प्रक्रिया यथा समय पूरी की जाए। वर्चुअल बैठक में एडीएम मुक्ता मिश्र,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मो. निका भंडारी,सीवीओ एचएस बिष्ट,जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी,ईई विद्युत मनोज गुसाईं,ईई जल संस्थान विनोद पांडेय,ईई सिंचाई सचिन सिंघल,ईई पीडब्ल्यूडी तरुण काम्बोज,आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दूल गुसाईं,ईओ उमेश सुयाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चकराता के न्याय पंचायत दसऊ में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' प्रशासन चला गांव की ओर, कार्यक्रम के तहत चकराता ब्लाक के न्याय पंचायत दसऊ में शुक्रवार को बहुदेशीय शि. विर का आयोजन किया गया। बहुद. ेशीय शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए जिसमें शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सभी विभागों की जानकारी दी गई। अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने की। बहुदेशीय शिविर में 45 शिकायतें दर्ज की गई, दर्ज शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित की जाएगी। शिविर में कृषि विभाग के स्टॉल पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानो की भीड़ लगी रही ', पाँच कृषकों को कृषि यंत्र जैसे पॉवर वीडर, ब्रश कटर, चौफ कटर, आटा चक्की 80 फीसदी सब्सिडी पर उपलब्ध कराई। बहुद. ेशीय शिविर में मुख्य कृषि अधिकारी देवेन्द्र सिंह राणा, कृषि एंव भूमि संरक्षण अधिकारी राम नरेश गुलेरिया,सीएमओ देहरादून मनोज कुमार शर्मा, एसीएमओ देहरादून दिनेश चौहान, एनआरएलएम ब्लॉक मिशन प्रबंधक चकराता डॉ पूजा गौड सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिस्सू त्योहार की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

■ पारंपरिक चौड़ा परिधान धारण कर डंगरा और तलवार के साथ निकाली नृत्य झांकी कलाकारों ने "पागलों तेरे प्यार में घुमा चकराता बाजारों मां" जैसे गीतों से माहौल को उत्साह से भर दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** छावनी बाजार में आयोजित प्रथम शीतकालीन महोत्सव के दूसरे दिन जनजातीय लोक संस्कृति की रंगीन छटा पूरे शबाब पर नजर आई। चार खत कंडमाण के सदर स्याणा शमशेर सिंह चौहान एवं मोहन खत के सदर स्याणा जयपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में बिस्सू त्यौहार पर आधारित पारंपरिक 'मौण' की शुरुआत चुंगी बाजा के साथ की गई। सदर बाजार से चौक बाजार तक पारंपरिक चौड़ा परिधान धारण कर डंगरा और तलवार के साथ निकाली गई नृत्य झांकी ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आकर्षित किया। पारंपरिक वेशभूषा और लोक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच निकली झांकी महोत्सव का मुख्य आकर्षण बनी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ लोक कलाकार सीता राम शर्मा ने महासू महाराज के जयकारों के साथ किया, इसके बाद सचिन वर्मा ने वंदना प्रस्तुति देते हुए "पहाड़ों की रानी मसूरी और पहाड़ों का राजा चकराता" गीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजेंद्र बिष्ट ने "घासों काटो नियरा" गीत से श्रोताओं का मन मोह लिया, जबकि वीरेंद्र पंवार ने भी शानदार प्रस्तुति दी। जीत सिंह चौहान ने "भोंदू मामा" गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मोनिका आर्य ने "अहो तो लादी जौगो" और परवीन जोशी ने "ताऊ के तो माहसू चालदिया" जैसे गीतों से समां बांध दिया।लोक गायक अज्जू तोमर की प्रस्तुति का दर्शकों को विशेष इंतजार था। मंच पर आते ही तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत हुआ। उन्होंने "पागलों तेरे प्यार में घुमा चकराता बाजारों मा" और "नाटी रा चसका बुरा" जैसे लोक. प्रिय गीतों से माहौल को उत्साह से भर दिया। अनूप चांगटा ने "मेरो पहाड़ा", "मेरा लागा मुजरा", "मामा मेरे मोहर सिंहा" और "पंद्रह गोते" जैसे गीतों से दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं विंटर कार्निवाल के उपलक्ष्य में चकराता में रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शरण नौटियाल, पूर्व राज्य मंत्री मूरत राम शर्मा, भारत चौहान तथा आरएसएस के प्रांत प्रचारक शैलेंद्र कुमार भी महोत्सव में उपस्थित रहे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## एक नजर .......

### विधायक ने किया स्व. राज भट्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**विकासनगर।** महेंद्र चौक न्यू महादेव चौक में आयोजित "स्वर्गीय राज भट्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2" के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया तथा युवाओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार एवं युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में अजय पैन्यूली (ग्राम प्रधान, ईस्ट होप टाउन), रुचि भट्ट, किरण गुसाईं, अर्चना चेत्री, अरुण भट्ट, ज्योति सखलानी, विजय गुसाईं एवं संजय कुमार सहित अनेक जनप्रति. निधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### टेक्नो ने पोवा कर्व 2 किया लॉन्च

**देहरादून :** पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है। जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिव एस्थेटिक्स से नया ट्रेंड शुरू किया, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है। स्पेसक्राफ्ट इंजीनियरिंग की शानदार सटीकता से प्रेरित होकर, यह श्कूलश फैक्टर को कुछ ज्यादा शार्प और सोफिस्टिकेटेड बनाता है, एक लॉन्चपैड-रेडी डिजाइन जो भीड़ में सबसे अलग दिखने के लिए बनाया गया है। लॉन्च पर बोलते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, मिस्टर अरिजीत तलपात्रा ने कहा, पोवा एक सीरीज के तौर पर हमेशा लिमिट्स को आगे बढ़ाने और यूजर की असली दिक्कतों को हल करने के लिए जानी जाती है। पोवा कर्व 2 के साथ, हमने फिर से सोचा है कि रोजाना की पावर कैसी दिखनी और महसूस होनी चाहिए। लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और इंटेलिजेंट एआई जो सच में रोजाना की जिंदगी को सपोर्ट करता है, से लेकर मुश्किल हालात में भी भरोसेमंद कनेक्टिविटी तक - हर चीज को सोच-समझकर बनाया गया है।

### गढ़वाल विवि में जवाबदेह समानता तंत्र स्थापित करने की मांग

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित तथा अन्य संरचनात्मक भेदभाव को कानूनी रूप से मान्यता देने और स्वतंत्र, स्वायत्त तथा जवाबदेह समानता तंत्र स्थापित करने की मांग की है। शुक्रवार को इस संदर्भ में आइसा छात्र संगठन ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से राज्यपाल महोदय को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में गढ़वाल विवि के छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल, पूर्व छात्रा प्रति. निधि प्रियंका खत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल प्रशासनिक इकाइयाँ नहीं, बल्कि संविधान द्वारा संचालित सार्वजनिक संस्थान हैं। जहाँ अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 के तहत समानता, गरिमा और जीवन के अधिकार की गारंटी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि जब भेदभाव संबंधी शिकायतों की जांच वही प्रशासनिक ढाँचा करता है जिसके विरुद्ध शिकायत होती है, तो न्याय की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न उठना स्वाभाविक है। उन्होने उच्च शिक्षा में जाति आधारित भेदभाव को स्पष्ट रूप से एक अलग तथा कानूनी रूप से कार्रवाई योग्य संस्थागत उल्लंघन के रूप में मान्यता दिए जाने, साथ ही धर्म, लिंग, जेंडर पहचान, यौनिकता, विकलांगता तथा सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर होने वाले भेदभाव को भी संरचनात्मक समस्या मानते हुए उसके लिए स्पष्ट कानूनी जवाबदेही तय किए जाने की मांग की है।

# महाशिव जयंती धूमधाम से मनाई

**विकासनगर।** प्रजापति ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विद्यालय शिवपूरी डाकपत्थर की शाखा में महाशिव जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डा. आचार्य सुनील पेन्यूली ने कहा कि आत्मा से परमात्मा से मिलन का साधन अपने मन को प्रमात्मा में समर्पित करना ही है। मुख्य वक्ता श्रृषिकेश से आयी दीदी आरती ने कहा क शिवरात्री के महापर्व में सभा को व्रत रखने के साथ साथ एक वृत लेने की भी आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिवपुरी सेंटर की संचालिका सविता दीदी द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम भी संपंन करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन एकता वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंशुल शर्मा, मनोज सक्सेना, एडवोकेट गुरमेल सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

# साहिया में हिंदू सम्मेलन: डॉ. शैलेंद्र का एकजुट समाज का आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** वीर नन्तराम राम नेगी और शहीद केसरी चंद की जन्मस्थली जौनसार बावर के केंद्रीय स्थल साहिया में आज हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने समाज के सामने चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि इनका सामना एकजुट हिंदू समाज ही कर सकता है।

डॉ. शैलेंद्र ने जोर देकर कहा कि आज समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं। उन चुनौतियों का सामना एकजुट हिंदू समाज होकर ही किया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन जैसी गतिविधियों पर बल दिया। प्रांत प्रचारक ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए उल्लेख किया कि एक समय जौनसार बावर में ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण का कार्य चल रहा था, जबकि आज भी मुस्लिम गतिविधियां सक्रिय हैं। इन विचारधाराओं को समाप्त कर हिंदुत्व के जागरण के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।

जौनसार बावर जनजाति क्षेत्र अपनी विशिष्ट संस्कृति के लिए विख्यात है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह रविंद्र चौहान, सह विभाग प्रचारक सौरभ, स्याणा राजेंद्र सिंह राय, सुशील अग्रवाल, मूरत राम शर्मा, रामशरण नौटियाल, मधु चौहान, अर्जुन सिंह चौहान, खजान सिंह नेगी, रेखा नेगी, अक्षय नेगी, डा नीलम चौहान, कमलेश भट्ट, गजेंद्र जोशी, प्रवीण चौहान, संजय वर्मा, प्रशान्त नेगी, लोक गायक सनी दयाल, दिनेश तोमर, रणवीर सिंह तोमर नरेश चौहान, संजय तोमर, भारत चौहान, विकास तोमर, विरेंद्र, गजेंद्र तोमर, आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में सैकडोंअध्येता हुए शामिल



■ विकासनगर से रेखा खत्री रौथाण ने शोध समागम में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के द्वारा मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में उत्तराखंड राज्य के जनपद देहरादून विकासनगर से रेखा खत्री रौथाण ने शोध समागम में लिया भाग।


समागम में देशभर से 300 से अधिक अध्येता शामिल हुए हैं। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नेहरू नगर भोपाल में संपन्न हो रहा है। इस रिसचर्स मीट की विशेषता ये है कि इसमें पेपर प्रेजेंटेशन के बजाय संवादात्मक तरीके को वरीयता दी गई है, इससे सभी अध्येताओं की सभी उप विषयों में सहभागिता हो रही है और सार्थक परिणाम व सुझाव निकलकर के सामने आ रहे हैं।

इस रिसर्च मीट में यह बात आ रही है कि शोध, पेपर पब्लिश होने तक सीमित न होकर समाज के उत्थान में सहभागी हो। इस रिसर्च मीट का मुख्य आयोजक दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान है। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉक्टर मुकेश मिश्रा ने कहा है कि शोध समाज के लिए उपयोगी हो उसमें सबकी सहभागिता हो, यही इस राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का उद्देश्य है। इस नेशनल रिसचर्स मीट में उत्तराखंड राज्य के जनपद देहरादून विकासनगर से रेखा खत्री रौथान ने सहभागिता की है। इस मौके पर रेखा खत्री रौथाण ने कहा कि इस शोध समागम में प्रतिभाग करके उन्हें पता चला कि किस प्रकार से हम शोध को समाज उपयोगी बना सकते हैं।

# केंद्रीय बजट आम जनता के हित के लिए : डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि पीएम मोदी के द्वारा देश की बागडोर संभालते ही गरीब कल्याण पर जोर दिया गया। जिसके फलस्वरूप 11वर्षों में लगभग 20 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं। शुक्रवार को अदिति स्मृति न्यास में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पहली बार देश में हर गरीब को मकान देने का निर्णय पीएम मोदी की सरकार ने किया है। कहा कि पूरे देश में सभी राज्य सरक. ारों को निर्देश हुए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाये जाएँ। हर गरीब को शौचालय, राशन, उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किये जाने को भाजपा सरकार काम कर रही है। राज्य सरकार ने उत्तराखंड




में 4 लाख महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने का टारगेट रखा है। भारत सरकार ने नए बजट में उत्तराखंड में महिला शिक्षा के लिए हर जिले में एक हॉस्टल बनाने की बात कही है।पीएम मोदी के नेतृत्व में 1100 विश्वविद्यालय हमारे देश में संचालित हैं। शिक्षा के साथ कौशल को जोड़ने का काम केंद्र सरकार कर रही है, जिसमें छात्र -छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा की ओर जोड़ने पर भी विचार किया गया है। कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत सरकार छात्र -छात्राओं को नौकरी और आर्थिक मदद करने के लिए प्रेरित कर रही है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए बजट में आम जनता के हित को रखा गया है। सड़क, हवाई सेवा, मेडिकल, शिक्षा के साथ गरीब कल्याण को मजबूत करने का केंद्र सरकार ने काम किया है। वार्ता में जिलाध्यक्ष पौड़ी कमल किशोर रावत,जिला महामंत्री गणेश भट्ट, मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल आदि मौजूद रहे।

# सूबे के कई मुद्दों को लेकर कांग्रेसियों ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

■ विधानसभा का बजट सत्र तीन सप्ताह के लिए किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय किशोर के नेतृत्व में कांग्रे. सियों ने राज्य में भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बढ़त हुए अपराध आदि मुद्दों को लेकर एसडीएम विक. ासनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन प्रेषित किया।संजय किशोर सीएम को भेजे ज्ञापन में कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बढ़ते हुए अपराध, वन्य जीवो के कारण मानव हानि, सरकारी जमीनों की चहेतों को बंदरबाट आदि अनेक ज्वलंत मुद्दे है जिन पर विधानसभा सत्र में चर्चा होना बहुत जरूरी है।

कहा इस सभी प्रश्नों के उत्तर के लिए राज्य विधानसभा का बजट सत्र कम से कम 3 सप्ताह के लिए आयोजित किया जाना आवश्यक है। कहा कि प्रदेश में 70 विधायकों को अपनी अपनी विधानसभा से जुड़े प्रश्नों का उत्तर भी लेना होता है। परंतु विगत वर्षो से राज्य सरकार बजट सत्र को अति सुक्ष्म अवधि का आयोजित करा रही है जिससे कि विधायी कार्य तो प्रभावित होता ही है लेकिन जनमानस से जुड़ी समस्याओं का निराकरण भी नहीं हो पाता है। इसलिए बजट सत्र कम से कम 3 सप्ताह का आयोजित किया जाए।ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, आशीष पुंडीर, फुरकान, शम्मी प्रकाश, अनस मुनीर, राजीव शर्मा, दिनेश भारद्वाज, भुवन पंत, हर्षुल शर्मा, प्रेम प्रकाश अग्रवाल आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# केदारपीठ को मिलेगा नया उत्तराधिकारी महाशिवरात्रि पर होगी औपचारिक घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग ।** महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित भीमाशंकर मठ में हिमवत केदार बैराग्यपीठ के 324वें जगद्गुरु भीमाशंकर लिंग महाराज के पट्टाभिषेक रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित आठ दिवसीय विश्वशांति यज्ञ का समापन दिव्य और भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। देशभर से पहुंचे संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और शिष्यों की उपस्थिति में यज्ञ पूर्णाहुति के साथ समारोह का समापन हुआ।

समापन अवसर पर केदार जगद्गुरु रावल भीमाशंकर लिंग शिवाचार्य महाराज ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से विराम लेने की घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि परंपरा की निरंतरता और पीठ की गरिमा बनाए रखना सर्वोपरि है, इसलिए समय रहते उत्तराधिकारी का चयन आवश्यक है।इसी क्रम में उन्होंने केदार लिंग



महाराज को केदारपीठ का नया जगद्गुरु रावल नामित किया।इस पावन क्षण पर उन्हें माला एवं शाल ओढ़ाकर विधिवत दीक्षा प्रदान की गई। उपस्थित संतों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे परंपरा व मर्यादा के अनुरूप बताया।इस निर्णय की औपचारिक पुष्टि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पंचकेदारों की गद्दीस्थली ओंकारेश्वर मंदिर में स्थानीय हक-हकूकधारियों एवं परंपरागत प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में की जाएगी। इसके उपरांत श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद वीरशैव सम्प्रदाय के पांच पीठों के पंचाचार्यों द्वारा सर्वसम्मति से समर्थन प्रदान कर 325वें केदार जगद्गुरु के रूप में उनकापट्टाभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा।

# रोजगार मेला पूर्व सैनिकों के जीवन को सहज बनाने का प्रयास: जोशी

## सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने किया रक्षा मंत्रालय के आयोजित पूर्व सैनिक रोजगार मेले का किया शुभारंभ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड में रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित पूर्व सैनिक (ईएसएम) रोजगार मेले का रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया। रोजगार मेले में 40 से अधिक निजी कंपनियों ने भाग लेकर पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के विविध अवसर उपलब्ध कराए।




इस अवसर पर सैनिक मंत्री जोशी ने भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग एवं महानिदेशालय पुनर्वास की इस सार्थक पहल में सहयोग देने के लिए कॉर्पोरेट जगत का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चारों ओर उपस्थित वे जांबाज सैनिक हैं, जिन्होंने अपने जीवन का स्वर्णिम काल मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया। उनकी वीरता और त्याग की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला उन पूर्व सैनिकों के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव को सहज बनाने का प्रयास है, जब वे वर्दी छोड़ने के बाद अपने और अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए नागरिक जीवन में नए अवसर तलाशते हैं। उन्होंने कहा कि अपेक्षाकृत कम आयु में सेवानिवृत्त होने वाले पूर्व सैनिकों को दूसरा करियर विकल्प उपलब्ध कराना इस मेले का मुख्य उद्देश्य है। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत', 'मेक इन इंडिया' और स्वरोजगार के संकल्प से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्दीधारी जीवन से नागरिक समाज तक की यात्रा चुनौतीपूर्ण होती है, और इस परिवर्तन में पूर्व सैनिकों का सहयोग करना केवल सरकार ही नहीं बल्कि समाज एवं कॉर्पोरेट जगत की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उपनल के माध्यम से राज्य के पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और युवाओं को शीघ्र ही विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने रोजगार मेले में सक्रिय भागीदारी के लिए कॉर्पोरेट जगत का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि पूर्व सैनिकों के योगदान को न केवल याद रखा गया है, बल्कि उसका सम्मान और उपयोग भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि आज स्वरोजगार के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक नौकरी लेने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें, और स्वरोजगार के क्षेत्र में सक्रिय हों। मंत्री ने उदाहरण देते हुए बताया कि सितारगंज में एक पूर्व सैनिक ने स्टार्टअप शुरू कर दस लोगों को रोजगार दिया, जिसका कारोबार दो करोड़ रुपए का है। आतिथ्य, पर्यटन और बागवानी जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने विशेष रूप से चारधाम यात्रा, डेस्टिनेशन वेडिंग, सेब उत्पादन व मिलेटस से जुड़े अवसरों का उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि सरकार तकनीकी उपकरण, प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता के माध्यम से पूर्व सैनिकों को सक्षम बना रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं और समाज एवं राज्य में योगदान दे सकते हैं।

इस अवसर पर महानिदेशक पुनर्वास मेजर जनरल एसबीके सिंह, एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड से मेजर जनरल समीर भल्ला, निदेशक सीआईआई उत्तराखंड गौरव लांबा, ब्रिगेडियर सुधीर मलिक, एडीजी (पश्चिम) सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# सीडी रेशियो बढ़ाने और डिजिटल फ्रॉड पर सख्ती के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सचिवालय सभागार में सचिव दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 95वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30.09.2025 तक की प्रगति की समीक्षा की गई।



■ सचिव दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 95वीं बैठक

सचिव ने जिन जनपदों का सीडी (क्रेडिट-डिपॉजिट) रेशियो कम है, उन्हें तत्काल सुधार कर अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड एवं साइबर सुरक्षा के मामलों पर गंभीरता से कार्रवाई करने को कहा तथा संबंधित एनफोर्समेंट एजेंसियों के समन्वय से लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाने एवं जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए आरसेटी, एसएलआरएम, पीएमकेवीवाई एवं एनजीओ के माध्यम से जागरूकता कैंप चलाएं।बैठक में अपर सचिव डॉ. आनंद श्रीवास्तव, हिमांशु खुराना, अभिषेक रोहेला, प्रकाश चंद्र, झरना कमठान, आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार, एजीएम दीपक मंमगाई, पंकज यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**31 मार्च तक 100 फीसदी डिजिटलीकरण का लक्ष्य**

सचिव ने निर्देशित किया कि जिन 9 जनपदों में अभी तक शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण नहीं हुआ है, वहां 31 मार्च 2026 तक पूर्ण डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में अल्मोड़ा, चमोली, पिथौरागढ़ एवं पौड़ी जनपदों में पूर्ण डिजिटलीकरण हो चुका है। राज्य में 5,77,073 किसानों को सितंबर 2025 तक किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। पशुपालन हेतु 1,08,514 पशुपालकों तथा मत्स्य पालन हेतु 2,947 मत्स्य पालकों को भी केसीसी जारी किए गए हैं। सितंबर 2025 तक 40,23,448 पीएमजेडीवाई खाते तथा 9,30,058 एपीवाई खाते खोले गए हैं।

**बाजार उन्मुख प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने के निर्देश**

सचिव ने बैंकों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ट्रांसजेंडर समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष ऋण योजनाएं तैयार की जाएं। आर-सेटी के माध्यम से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भविष्य की बाजार एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# दादियों-नानियों को समर्पित होगा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : रेखा आर्या

■ कहा- हमारी दादियां और नानियां हमारे परिवार और समाज की धरोहर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** इस बार प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वृद्ध महिलाओं को समर्पित किया जाएगा। कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार महिला दिवस हमारी दादियों और नानियों को समर्पित होगा, जिन्होंने अपने त्याग, परिश्रम और संस्कारों से समाज की नींव मजबूत की है। रेखा आर्या ने कहा, कि "हमारी दादियां और नानियां हमारे परिवार और समाज की धरोहर हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हें आमंत्रित कर सम्मानित करना हमारे लिए गौरव का विषय होगा। साथ ही, उनके कल्याण के लिए एक ठोस योजना को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है।" मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद से वृद्ध महिलाओं को इस आयोजन में ससम्मान आमंत्रित किया जाए। इसके साथ ही दूरदराज के गांवों में सर्वे कर यह आकलन किया जाए कि वृद्ध महिलाओं को किस प्रकार की सहायता की आवश्यकता है।



सर्वे रिपोर्ट के आधार पर एक कल्याणकारी योजना का प्रारूप तैयार किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद महिलाओं तक वास्तविक लाभ पहुंच सके।

बैठक में विभागीय निदेशक बंशीलाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह, मोहित चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएनबी आरसेटी का वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), शंकरपुर की ओर से बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में "एक ग्राम पंचायत-एक बैंक मित्र" मिशन तथा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर प्रशिक्षित बैंक मित्र सखी को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग व्यवस्था, विभिन्न वित्तीय सेवाओं एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) की अनिवार्यता, पुन: केवाईसी की प्रक्रिया, केंद्रीय केवाईसी पंजीकरण, सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार, त्वरित भुगतान अंतरफलक तथा अन्य डिजिटल भुगतान माध्यमों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई।

## वनाग्नि नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन

**बागेश्वर।** वन प्रभाग ने आगामी वनाग्नि काल को देखते हुए जौलकाण्डे में एक दिवसीय मॉक ड्रिल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। उप प्रभागीय वनाधिकारी तनुजा परिहार की अध्यक्षता में हुए इस अभ्यास में वन विभाग, अग्निशमन विभाग और पुलिस ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल में दो स्थानों पर काल्पनिक वनाग्नि घटनाएं बनाई गई, जिसमें चार मुख्य टीमों और दो रिजर्व टीमों का गठन कर घटनास्थल पर त्वरित कार्रवाई की गई। अभ्यास के दौरान घास और पिरूल की क्षति दिखाई गई।

## रेडक्रॉस का चिकित्सा शिविर दूसरे दिन भी जारी

**काशीपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई के तत्वावधान में ढेला नदी पार बैल्जूडी चौराहे पर कांवड़ियों के उपचार हेतु लगाए गए स्वास्थ्य सेवा और मैत्री भाव से नि:शुल्क रेडक्रॉस चिकित्सा शिविर में दूसरे दिन दो सौ से अधिक कांवड़ियों समेत सेवादारों ने तैनात चिकित्सकों द्वारा उपचार कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। वहीं उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में ज्यादातर मरीज पेट दर्द, सर्दी जुखाम बुखार तथा लूज मोशन के आ रहे है।

# राज्य में किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण आवास सरकार की प्राथमिकता : डॉ. राजेश

■ सचिव आवास ने किया आमवाला तरला आवासीय योजना का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार सुनियोजित, किफायती और नागरिक-अनुकूल आवासीय विकास को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में आज आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने प्राधिकरण की आमवाला तरला आवासीय योजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं।



सचिव आवास ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) भवनों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने आवासों की संरचनात्मक गुणवत्ता, पेयजल, विद्युत, सीवरेज, स्वच्छता एवं आंतरिक सड़कों की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां निवास कर रहे लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। लाभार्थियों ने योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने पर सरकार का आभार व्यक्त किया। सचिव महोदय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधार शीघ्र सुनिश्चित किए जाएं।

अधिकारियों को समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के अधिशासी अभियन्ता सुनील कुमार, अवर अभियन्ता सुनील उप्रेती, मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव रितिका सिंह तथा निर्माणदायी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सचिव डॉ राजेश ने सभी अधिकारियों को टीम भावना और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि योजना को एक आदर्श आवासीय मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके।

**निर्माणाधीन अन्य वर्गों के भवनों की प्रगति की समीक्षा**

निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन एलआईजी, एमआईजी एवं एचआईजी वर्ग के भवनों का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने योजना की प्रगति, बुकिंग स्थिति और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सचिव महोदय को अवगत कराया गया कि एचआईजी वर्ग के लगभग सभी फ्लैट बुक किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि पर सचिव ने प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की और अन्य वर्गों के फ्लैटों के विक्रय की प्रक्रिया को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर सख्त निर्देश**

सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माणदायी संस्था को निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग, चरणबद्ध समीक्षा और तकनीकी मानकों के अनुपालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आवासीय योजनाएं केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनमें सुरक्षित वातावरण, हरित क्षेत्र, सामुदायिक सुविधाएं और समुचित पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।


### खोया-पाया सूचना

सामान्य जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सुनील हंसरकृष्ण खन्ना पुत्र हंसरकृष्ण ज्ञान चंद खन्ना, निवासी फ्लैट नं. A3/28/F8/1202, 12वीं मंज़िल, बिल्डिंग नं. 28, सीवुड्स एस्टेट, नेरुल, नवी मुंबई-400706, उक्त आवासीय संपत्ति/मकान के स्वामी हैं, जो कि खाता-खतौनी नं. 29 (फसली वर्ष 1423 से 1428), खसरा नं. 190 मिन, भूमि क्षेत्रफल 0.0810 हेक्टेयर (अर्थात 810 वर्ग मीटर) तथा निर्मित क्षेत्रफल 58 वर्ग मीटर पर अवस्थित है, और जो मौजा खुरनवा, परगना परवाडून, तहसील व जनपद देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है। उपरोक्त संपत्ति से संबंधित उनके दो पूर्व मूल विक्रय विलेख (Original Sale Deeds) निम्नानुसार खो गए हैं:-

1. मूल विक्रय विलेख, जो दीपक घनसाल पुत्र महेंद्र पाल सिंह द्वारा अपने पावर ऑफ अटॉर्नी धारक यशपाल सिंह पुत्र स्व. किशन सिंह के माध्यम से राजवीर सिंह ढाका, अधिवक्ता पुत्र राम सिंह ढाका के पक्ष में निष्पादित किया गया था, जो उप-पंजीयक, देहरादून के कार्यालय में बुक नं. 01, जिल्द 498, पृष्ठ 112; ADF नं. 01, जिल्द 865, पृष्ठ 805 से 822, क्रमांक 3861, दिनांक 05.08.2000 को पंजीकृत है।
2. मूल विक्रय विलेख, जो दीपक घनसाल पुत्र महेंद्र पाल सिंह द्वारा अपने पावर ऑफ अटॉर्नी धारक यशपाल सिंह पुत्र स्व. किशन सिंह के माध्यम से यशपाल सिंह पुत्र सदा राम सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया था, जो उप-पंजीयक, देहरादून के कार्यालय में बुक नं. 01, जिल्द 498, पृष्ठ 113; ADF नं. 01, जिल्द 813, पृष्ठ 729 से 740, क्रमांक 4277, दिनांक 23.08.2000 को पंजीकृत है।

उक्त दस्तावेज़ों के खो जाने के संबंध में दिनांक 21.11.2023 को थाना नेहरू कॉलोनी, देहरादून में विधिवत पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त खोए हुए दस्तावेज़ मिलें अथवा किसी व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/पूर्व अधिकार/हित हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना की तिथि से 14 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर अपनी आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकता/सकती है ।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



### सार्वजनिक सूचना

मेरे व्यवहारी मोहम्मद एजाज पुत्र मोहम्मद हारून निवासी शक्ति विहार कालोनी रूड़की परगना व तहसील रूड़की जिला हरिद्वार ने द्वारा मुख्तयारेआम बिरम सिंह पुत्र बनवारी लाल ने किशन कुमार पुत्र टोपन दास को विक्रय किया था, जिसकी बही नं0 4 जिल्द नं0 231 से 248 के पृष्ठ 133/136 व दस्तावेज सं0 55 पर दिनांकित 21.02.2002 उप निबंधक रूड़की में हुई है तथा द्वितीय बैनामा कृष्ण कुमार पुत्र स्व0 टोपन आदि ने बिरम सिंह पुत्र बनवारी लाल को विक्रय किया था जिसकी बही नं0 1 जिल्द 2504 के पृष्ठ 67/70 में दस्तावेज नं0 7 पर दिनांक 01.01.1999 ई0 को सब रजिस्ट्रार रूड़की में हुई तथा तृतीय बैनामा कृष्ण कुमार पुत्र श्री टोपन दास ने बाला देवी पत्नी तिलक राम को विक्रय किया था जिसकी रजिस्टरी बही नं0 1 जिल्द 2720 के पृष्ठ 13 से 18 में दस्तावेज नं0 4168 पर दिनांक 24.07.2002 ई0 को सब रजिस्ट्रार रूड़की में पंजीकृत हुआ जो कि कहीं खो गये है यदि किसी को ये दस्तावेज मिलते हैं तो कृपया 15 दिन के अंदर संपर्क करे, उसके बाद इसका प्रयोग अमान्य होगा।

**दीपक राव एडवोकेट**
चै0नं0 337, सिविल कोर्ट रामनगर रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
मो-9012196488.



### कार्यालय अधिशासी अभियनता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग

UTTARAKHAND

**Office of the Executive Engineer, Prov. Div PWD, Rudraprayag**

Website-http://pwd.uk.gov.in | Fax:01364-233204, E-mail ID: eepwd_rpg@rediffmail.com

पत्र संख्या 254 /8ए0 — **अल्पकालीन निविदा सूचना** — दिनांक 06/02/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग द्वारा निम्न कार्य की सील्ड निविदा दिनांक 23.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2026 से दिनांक 21.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वान्ह से 5.00 बजे सायं तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 23.02.2026 की अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नं कार्यालय में डाले जा सकते हैं।

1. अधीक्षण अभियन्ता, सातवां वृत्त वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर।
2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग।
3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ(रूद्रप्रयाग)।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद रूद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड जखोली में उत्तरकाशी टिहरी घनसाली तिलावाडा मोटर मार्ग (एस.एच.-15) के किमी0 136 दुगड्डा में पूर्व निर्मित सिंगल लेन क्लास बी लोडिंग सेतु के स्थान पर डबल लेन क्लास ए लोडिग सेतु का निर्माण कार्य (प्रथम चरण) स्पान 18 मीटर हेतु स्थल चयन, डिजाइन, ड्राइंग वैटिंग एवं सर्वेक्षण इत्यादि कार्य। | 8000.00 | 500.00 +18% GST | 3 माह | 15 दिन | प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष के कार्यालय में सेतु कार्य हेतु Empanneled फर्मो |

निविदा दिनांक 24.02.2026 को 11.00 बजे प्रातः उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0, लो0नि0वि0
रूद्रप्रयाग।



### टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
CIN नंबर. L65990MH1991PLC060670

**मांग सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अंतर्गत, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित।

यह कि अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (TCHFL)** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा नियमों के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित तिथि के अनुसार विस्तृत मांग नोटिस पूर्व में जारी कर चुका है, जिसके द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/जमानतकर्ता (सभी को पृथक-पृथक अथवा संयुक्त रूप से "दायित्वकर्ता" कहा गया है) / नीचे सूचीबद्ध कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, संबंधित मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए आह्वान किया गया था। उक्त नोटिसों की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा प्रेषित की जा चुकी हैं तथा अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि यदि चाहें तो किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित नोटिस की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त के संबंध में, उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को पुनः यह सूचना दी जाती है कि वे संबंधित नोटिसों की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उनके संबंधित नामों के सामने उल्लिखित राशि का भुगतान TCHFL को करें, साथ ही नीचे स्तंभ (d) में उल्लिखित संबंधित तिथियों से भुगतान की तिथि और/अथवा वसूली तक, ऋण अनुबंध तथा अन्य किसी भी निष्पादित दस्तावेज/लिखत के अनुसार देय अतिरिक्त ब्याज का भी भुगतान करें। ऋण की विधिवत पुनर्भुगतान की सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्तियां संबंधित दायित्वकर्ता/दायित्वकर्ताओं द्वारा TCHFL के पक्ष में बंधक रखी गई हैं।

| ऋण खाता संख्या | देनदार(ओं) / विधिक उत्तराधिकारी (यों) / विधिक प्रतिनिधि(यों) का नाम | नीचे उल्लिखित तिथियों के अनुसार कुल बकाया देय राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि एवं एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHL07180001003 95367 & TCHHF071800010039 9946 & TCHIN071800010039 5911 | श्री सोनू सरकार (उधारकर्ता) एवं श्रीमती माया (सह-उधारकर्ता) | दिनांक 04/02/2026 तक, ऋण खाता संख्या TCHHL0718000100395367 के अंतर्गत ₹ 27,06,051/- (रुपये सत्ताईस लाख छह हजार इक्यावन मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं तथा ऋण खाता संख्या TCHHF0718000100399946 के अंतर्गत ₹ 11,69,641/- (रुपये ग्यारह लाख उनहत्तर हजार छह सौ इकतालीस मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं और ऋण खाता संख्या TCHIN0718000100395911 के अंतर्गत ₹ 80,556/- (रुपये अस्सी हजार पांच सौ छप्पन मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं, अर्थात कुल ₹ 39,56,248/- (रुपये उनतालीस लाख छप्पन हजार दो सौ अड़तालीस मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं। | 04-02-2026 & 01.02.2026 |
| **सुरक्षित परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण:** आवासीय मकान संख्या 48 अथवा 48/बी के भाग का समस्त टुकड़ा एवं पार्सल, क्षेत्रफल 15X40 अर्थात 55.76 वर्ग मीटर, खाता संख्या 91, खेत संख्या 41/2 मिन. में सम्मिलित भूमि पर निर्मित मकान, जो वार्ड संख्या 16, कौशल्या एन्क्लेव फेज-1, ग्राम बिगवाड़ा, तहसील रुद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, पिन-263153 में स्थित है, विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। **सीमाएँ:- पूर्व** – 7.62 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम** – मकान संख्या 53, **उत्तर** – गिरीश चंद का मकान संख्या 49, **दक्षिण** – कमलेश गोयल के मकान संख्या 48 का आधा भाग। | | | |
| TCHHL037400010029 8849 & TCHIN037400010030 0331 | श्री मोहम्मद आलम (उधारकर्ता) एवं श्रीमती लुबना (सह-उधारकर्ता) | दिनांक 10/02/2026 तक, ऋण खाता संख्या TCHHL0374000100298849 के अंतर्गत ₹ 18,67,632/- (रुपये अठारह लाख सड़सठ हजार छह सौ बत्तीस मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं तथा ऋण खाता संख्या TCHIN0374000100300331 के अंतर्गत ₹ 70,369/- (रुपये सत्तर हजार तीन सौ उनहत्तर मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं, अर्थात कुल ₹ 19,38,001/- (रुपये उन्नीस लाख अड़तीस हजार एक मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं। | 10-02-2026 & 03.02.2026 |
| **सुरक्षित परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण:** खाता खतौनी संख्या 1313 (फसली वर्ष 1420-1425), खसरा संख्या 509 के मिन. में सम्मिलित, 75 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली पूर्णतः निर्मित आवासीय संपत्ति का समस्त टुकड़ा एवं पार्सल, जो मौजा करगी ग्रांट, परगना पछवादून, तहसील एवं जिला देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है, विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। **सीमाएँ: पूर्व** – 20 फीट चौड़ी सड़क, साइड माप 25 फीट; **पश्चिम** – श्रीमती नीलम पंत की भूमि, साइड माप 25 फीट; **उत्तर** – अन्य की भूमि, साइड माप 28 फीट; **दक्षिण** – अन्य की भूमि, साइड माप 26.6 फीट। | | | |
| TCHHL073100010029 9446 & TCHIN073100010030 2938 | श्री अय्यूब उर्फ अय्यूब (उधारकर्ता) एवं श्रीमती हसन जहाँ तथा श्री फरमान (सह-उधारकर्ता) | दिनांक 10/02/2026 तक, ऋण खाता संख्या TCHHL0731000100299446 के अंतर्गत ₹ 13,36,789/- (रुपये तेरह लाख छत्तीस हजार सात सौ नवासी मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं तथा ऋण खाता संख्या TCHIN0731000100302938 के अंतर्गत ₹ 88,244/- (रुपये अठासी हजार दो सौ चवालीस मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं, अर्थात कुल ₹ 14,25,033/- (रुपये चौदह लाख पच्चीस हजार तैंतीस मात्र) देय एवं भुगतानयोग्य हैं। | 10-02-2026 & 03.02.2026 |
| **सुरक्षित परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण:** कुल 819 वर्ग फीट अर्थात 76.12 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले आवासीय भू-खण्ड का समस्त टुकड़ा एवं पार्सल (पूर्व 30.4 फीट, पश्चिम 32.6 फीट, उत्तर 26 फीट, दक्षिण 26 फीट), जो खसरा संख्या 27एम में सम्मिलित है तथा ग्राम अत्मलपुर, बोंगला, परगना ज्वालापुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखंड में स्थित है, विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। **सीमाएँ:- पूर्व** – अन्य की भूमि, **पश्चिम** – धीरज की भूमि, **उत्तर** – 14 फीट चौड़ा मार्ग, **दक्षिण** – अन्य की भूमि। | | | |

*उपर्युक्त उल्लिखित संबंधित मांग नोटिसों में विशेष रूप से उल्लिखित दर के अनुसार देय आगे का ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, भुगतान और/अथवा वसूली की तिथि तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि सहित। यदि उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि उपर्युक्तानुसार TCHFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो TCHFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के अंतर्गत उपर्युक्त सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्ति(यों) के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसके समस्त खर्च एवं परिणामों का जोखिम पूर्णतः उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों का होगा।

उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को उक्त अधिनियम के अंतर्गत, TCHFL की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपर्युक्त सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्ति(यों) को बिक्री, पट्टे अथवा किसी अन्य प्रकार से हस्तांतरित करने से निषिद्ध किया जाता है। अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने या उल्लंघन में सहायता करने वाला कोई भी व्यक्ति अधिनियम में प्रावधानित कारावास एवं/अथवा दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक : 14-02-2026
स्थान : देहरादून

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,
कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराया

# जिम्बाब्वे ने किया बड़ा उलटफेर




● दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर किया

**कोलम्बो, वार्ता।** ब्लेसिंग मुजारबानी (17 रन पर चार विकेट) और ब्रेड इवांस (23 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को शुक्रवार को 23 रन से हराकर टी 20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। उन्होंने 2007 टी-20 विश्व कप में ताकतवर ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया था और अब 2026 में उन्हें एक बार फिर हराया है। ब्लेसिग मुजारबानी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम जिम्बाब्वे के खुश चेहरों से भरा हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलियाई सपोर्टर्स समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी टीम यह गेम कैसे हार गई। उन्हें बैटिंग करने के लिए कहा गया, उन्होंने 2 विकेट पर 169 रन बनाए और यह स्कोर उन्हें 23 रन से जीतने के लिए काफी था। ब्लेसिग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने नई बॉल से शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया के टॉप-ऑर्डर को चकनाचूर कर दिया। इंगलिस डीप में कैच आउट हुए, ग्रीन और टिम डेविस डक आउट हुए और ट्रैविस हेड बोल्ड हुए, जिससे टीम का स्कोर 29 रन पर 4 विकेट रह गया। ग्लेन मैक्सवेल (31) और मैट रेनशॉ (65) ने 5वें विकेट के लिए 77 रन जोड़कर अपनी टीम को गेम में वापस ला दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा क्रैम्प्स के कारण आउट हो गए और ऐसा लगा कि यह पल हाथ से निकल गया। लेकिन रयान बर्ल एक ओवर करने आए और उन्होंने मैक्सवेल को आउट किया, स्टोइनिस - जो दिन में पहले चोटिल हो गए थे - सस्ते में आउट हो गए और लोअर-ऑर्डर बिखर गया, जबकि जरूरी रन रेट बढ़ गया था। रेनशॉ लड़ते रहे, लेकिन इवांस और मुजारबानी ने वापसी करके मैच को फिनिशिग टच दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के इतिहास में यह एक मशहूर दिन था, उन्होंने हालात को बेहतर ढंग से समझा, उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और दो पॉइंट्स लेकर चले गए। इससे पहले जिम्बाब्वे की पारी में ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक नाबाद 64 रन बनाए।

# आईसीसी ने आयरलैंड, जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दी




● आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम ऑपिंग को शामिल किया जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड और जिम्बाब्वे टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को शामिल किया गया, जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया गया। 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर करन को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है। विश्व कप की इवेंट टेक्निकल कमिटी में वसीम खान (चेयर, आईसीसी जनरल मैनेजर - क्रिकेट), गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर - इवेंट्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, आईबीसी रिप्रेजेंटेटिव), हेमांग अमीन (टूर्नामेंट डायरेक्टर, होस्ट रिप्रेजेंटेटिव) और शॉन पोलक (इंडिपेंडेंट नॉमिनी) शामिल हैं।

## टॉपिंग टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आयरलैंड टीम में स्टर्लिंग की जगह लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिग को शामिल करने की मंजूरी दे दी। 11 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड के मैच के दौरान फील्डिंग करते समय घुटने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण स्टर्लिंग के बाहर होने के बाद टॉपिग को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आई-लीग का नाम बदलकर इंडियन फुटबॉल लीग किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) के तौर पर रीब्रांड किया गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक घोषणा में कहा कि एआईएफएफ एग्जीक्यूटिव कमेटी ने 12 फरवरी, 2026 को हुई अपनी मीटिंग में, 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग के तौर पर रीब्रांड करने को मंजूरी दे दी है। बयान में आगे कहा गया कि कमेटी ने इंडियन सुपर लीग और इंडियन फुटबॉल लीग की गवर्निंग काउंसिल के चार्टर को और मंजूरी दी। यह कदम जनवरी में हुई चर्चा के बाद उठाया गया है।

### मेरी व धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी: हर्ष ठाकर


**नई दिल्ली, वार्ता।** कनाडा के मध्यम क्रम के बल्लेबाज हर्ष ठाकर ने शुक्रवार को कहा कि मेरी और नवनीत धालीवाल की योजना 10 ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का भी यहीं मैसेज था। कनाडा के बल्लेबाज ठाकर ने पहली पारी के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हमारा स्कोर बराबर है, यहां 150 बुरा नहीं है। जब आप बैक ऑफ लेंथ गेंदबाजी करते हैं, तो गेंद थोड़ी रुकती है और थोड़ी टू-पेस खेलती है। मेरी और धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का यही मैसेज था। जाहिर है, एक टी-20 मैच में, आपको पॉजिटिव रहना होता है। मैंने अपनी पहली कुछ गेंदों पर थोड़ा समय लिया, लेकिन एक बार जब मैं जम गया, तो मैं और अधिक आक्रामक तरीके से खेल पाया। उन्होंने कहा कि जब आप पर दबाव में होते है तो आपको शांत बनाए रखना होता हैं।

# हनी बैसोया ने जीता डीपी विश्व प्लेयर्स चैंपियनशिप का खिताब



**नई दिल्ली, वार्ता।** हनी बैसोया ने नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1.5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आखिरी दिन शुक्रवार को पांच-अंडर 65 के स्कोर के साथ तीन शॉट की जीत दर्ज करते हुए हफ्ता शानदार तरीके से खत्म किया। हनी बैसोया (63-65-64-65), जो रात भर पांच शॉट से आगे चल रहे थे, ने चौथे राउंड में एक बोगी के मुक. ाबले छह बर्डी बनाकर बढ़त हासिल की और हफ्ते का कुल स्कोर 23-अंडर 257 कर लिया और इस तरह टाइटल के लिए उनका पांच साल का इंतजार खत्म हो गया। यह 29 साल के हनी की आठवीं प्रोफेशनल जीत थी। बैसोया ने 22,50,000 रुपये का विनिग चेक जीता, और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गए। क्षितिज नवीद कौल (62-71-65-62), जो रात भर तीसरे स्थान पर थे और लीड से छह शॉट पीछे थे, ने इस हफ्ते दूसरी बार 62 का स्कोर किया, जो पिछले दिन का सबसे कम स्कोर था, जिससे वे एक स्थान ऊपर उठे और टूर्नामेंट का अंत 20-अंडर 260 के साथ रनर-अप के तौर पर किया। वीर अहलावत (65-67-66-65) ने अपने चौथे राउंड में 65 के स्कोर के बाद 17-अंडर 263 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हनी ने जीत के बाद कहा, ष्इतने लंबे समय के बाद विनर सर्कल में वापस आकर मैं बहुत खुश हूं। आज कोर्स पर मेरा दिन बहुत अच्छा रहा। भले ही, मैंने ओवरनाइट पांच शॉट की लीड ली थी, मुझे पता था कि मुझे फाइनल राउंड में बहुत अच्छा खेलना होगा, क्योंकि वीर और क्षितिज, जो मेरा पीछा कर रहे थे, अपने दिन बहुत कम स्कोर करने में सक्षम हैं और उन्हें कभी भी कम नहीं आंका जा सकता।

# पाक के खिलाफ खेल सकते हैं अभिषेक: वरुण



पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के महत्वपूर्ण मैच में अभिषेक शर्मा वापसी कर सकते हैं। पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खलिाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। इससे पहले दिल्ली पहुंचने पर जांच के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ा था। हालांकि बाद में वह डिस्चार्ज भी हो गए और नामीबिया के खलिाफ मैच से पहले मैदान में भी थे। वहीं विश्व कप में उनका डेब्यू कुछ खास नहीं था था और वह अमेरिका के खलिाफ पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए थे। वरुण ने कहा कि मुझे लगता है वह अगला मैच खेलेंगे।

मैं पक्का नहीं कह सकता, लेकिन जितनी मेरी उनसे बात हुई है, वह ठीक लग रहे हैं। उन्होंने आज थोड़ा अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि वह वापसी की राह पर हैं। यह भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव के टॉस के समय दिए गए बयान से ज्यादा सकारात्मक संकेत था। उन्होंने कहा था। उन्हें एक-दो मैच लग सकते हैं, मुझे नहीं पता। मैच के बाद अर्शदीप सिंह के एक सोशल मीडिया वीडियो में भी अभिषेक दिखे, जिसमें उन्हें कहते सुना गया कि वह ठीक हैं, लेकिन उनका वजन थोड़ा कम हो गया है।

अभिषेक की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की और आठ गेंदों पर 22 रन बनाते हुए तीन छक्के जड़े। हालांकि, दूसरे ओपनर इशान किशन ने विकेटकीपिग की जिम्मेदारी संभाली, जिससे संकेत मिलता है कि फिलहाल सैमसन बैक-अप ओपनर ही हैं। किशन ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए अपनी जगह मजबूती से पक्की कर ली है।

# नामीबिया के खिलाफ भारत के ऑलराउंड प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए सूर्यकुमार यादव



● कहा: शिवम-हार्दिक पांड्या के बीच पार्टनरशिप काबिल-ए-तारीफ

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को टी-20 वर्ल्ड कप ग्रुप ए मुकाबले में नामीबिया पर 93 रन की जीत के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और गेंदबाजी की गहराई की तारीफ की। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि सभी के लिए काफी अच्छा खेल था। मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था, लेकिन जिस तरह से ईशान और संजू ने शुरुआत की, ऐसा लग रहा था कि यह एक आसान विकेट है।

उन्होंने आगे कहा कि फिर शिवम और हार्दिक के बीच पार्टनरशिप, जिस तरह से उन्होंने दो या तीन जल्दी विकेट खोने के बाद बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि यह बहुत तारीफ के काबिल था। गेंद थोड़ी रुक रही थी, लेकिन मैं नामीबिया के गेंदबाजों से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, जोश के साथ मैदान में उतरे और अपने प्लान को पूरा किया। भारत ने इशान के 24 गेंदों में 61 रन और हार्दिक पांड्या के 28 गेंदों में 52 रन की मदद से नौ विकेट पर 209 रन बनाए, जबकि नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने चार विकेट लिए। नामीबिया ने पावरप्ले में अच्छा जवाब दिया और एक विकेट पर 57 रन बना लिए। हालांकि, भारत के स्पिनरों और सीमरों ने मिलकर कंट्रोल वापस पा लिया।

वरुण चक्रवर्ती (दो ओवर में 3/7), अक्षर पटेल (तीन ओवर में 2/20) और हार्दिक (चार ओवर में 2/21) ने नामीबिया को 18-2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया। सूर्यकुमार ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को अपने पूरे चार ओवर फेंकते देखना एक बड़ा प्लस पॉइंट था। उनका टीम में वापस आना अच्छा है। वह अगले मैच के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने स्पिन कॉम्बिनेशन की भी तारीफ की। जिस तरह से वरुण अक्षर के साथ पार्टनरशिप में बॉलिंग करते हैं, मुझे लगता है कि यह कॉम्बिनेशन खेलना मुश्किल है। टीम के अब तक के कैंपेन पर बात करते हुए, कप्तान ने कहा कि ठीक वही जो आप आगे बढ़ने के लिए देख रहे हैं। हर गेम जरूरी है। हमने थोड़ी खराब शुरुआत की, लेकिन मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं। दो मैचों में दो जीत के साथ, भारत ग्रुप ए में टॉप पर है, नेट रन रेट पर पाकिस्तान से आगे।

# डी मिनौर ने फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की




**रोटर्डम, वार्ता।** टॉप-सीडेड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने गुरुवार को इनडोर हार्ड-कोर्ट इवेंट में 2015 के चैंपियन स्टेन वावरिका को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार पांचवें साल क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई और तीन बार के चैंपियन रोजर फेडरर के उस स्टेज पर लगातार पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी 500 के पिछले दो एडिशन के फाइनलिस्ट, डी मिनौर ने इस साल के फील्ड में किसी से भी ज्यादा जीत (15) हासिल की हैं। स्विस वाइल्ड कार्ड वावरिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए, एटीपी रैंकिग में नंबर 8 खिलाड़ी ने अपनी लगातार बॉलस्ट्राइकिग से 40 साल के खिलाड़ी को गलतियां करने पर मजबूर किया, जिससे दोनों की हेड2हेड सीरीज में स्कोर 2-0 हो गया। डी मिनौर ने 2023 की शुरुआत से अब तक एटीपी 500 इवेंट्स में 50 जीत दर्ज की हैं, जिसमें अकापुल्को (2023, 2024) और वाशिगटन (2025) में उस लेवल पर ट्रॉफी जीती हैं। रोटर्डम में अपना टाइटल जीतने का मौका खत्म करने के मकसद से, वह अगला मैच बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से खेलेंगे। डचमैन वैन डे जैंड्सचुल्प ने 2022 के फाइनलिस्ट सितसिपास को 6-4, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोटर्डम में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी 500 में आखिरी आठ में पहुंचने वाले चौथे एक्टिव डचमैन हैं।

दूसरे सीड और वर्ल्ड नंबर 6 फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे अपने साथी टॉप 10 स्टार डी मिनौर के साथ रोटर्डम में आखिरी आठ में शामिल हुए, उन्होंने हमाद मेडजेडोविच के खिलाफ एक मुश्किल दूसरे राउंड को पार किया। ऑगर-अलियासिमे, जिन्होंने रविवार को मोंटपेलियर में एक इनडोर एटीपी 250 ट्रॉफी जीती थी, ने 6-4, 6-4 से जीत हासिल की व अपनी जीत का सिलसिला छह मैचों तक बढ़ाया।

## शेल्टन क्वार्टरफाइनल में, डिफेंडिग चैंपियन शापोवालोव भी आगे बढ़े

**डलास, वार्ता।** बेन शेल्टन ने गुरुवार को नेक्सो डलास ओपन में फ्रेंच लेफ्टी एड्रियन मानेरिनो के कड़े मुकाबले का सामना किया और जीत हासिल कर अपने 25वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। एटीपी रैंकिंग में नंबर 9 के खिलाड़ी शेल्टन ने शानदार शॉटमेकिग से भरे एक उतार-चढ़ाव वाले मुकाबले में मानेरिनो को 7-6(2), 6-7(4), 6-3 से हराया। पिछले हफ्ते मोंटपेलियर में फाइनलिस्ट मानेरिनो ने शेल्टन की फायरपावर को अच्छे से झेला, जिसका सबसे अच्छा प्रदर्शन पहले सेट के टाई-ब्रेक के शुरुआती पॉइंट पर 29-शॉट की रैली के दौरान हुआ, लेकिन दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने दो घंटे और 40 मिनट के बाद आगे बढ़ने के लिए जरूरी मौकों पर अपना लेवल बढ़ाया। शेल्टन का अगला मुकाबला सर्बिया के मिओमिर केकमानोविच से होगा, जिन्होंने दिन के आखिरी मैच में पांचवीं सीड टॉमी पॉल को हराया था। केकमनोविच ने पॉल के खिलाफ 5-7, 6-4, 6-4 से जीत के साथ सीरीज में 4-2 की बढ़त बना ली।

# न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका मैच में होगी दिग्गजों की टक्कर

ग्रुप डी के इस मुकाबले में दोनों टीमें बिना हारे पहुंची है, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं




**अहमदाबाद, वार्ता।** रिकॉर्ड दांव पर लगे हैं, लेकिन न हारने वाली बड़ी टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर होगी, और बैटिंग के स्वर्ग में ओस के नीचे लक्ष्य का पीछा करने का ड्रामा होगा।

शनिवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फैंस को यही इंतजार रहेगा, जब न्यूजीलैंड विश्व कप के ग्रुप डी के एक बड़े मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दोनों टीमें बिना हारे पहुंची हैं, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं, जिससे टॉप स्पॉट की रेस में यह एक अहम मुकाबला बन गया है। न्यूजीलैंड इस मैच में जबरदस्त फॉर्म में है, फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच ऐतिहासिक ओपनिग पार्टनरशिप की बदौलत। यूएई के खिलाफ, दोनों ने नाबाद 175 रन की पार्टनरशिप की, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है, और टीम ने सिर्फ 15-2 ओवर में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। एलन, जो बिग बैश लीग 2025-26 के रन चार्ट में 11 मैचों में 466 रन बनाकर टॉप पर थे, ने 168 के स्ट्राइक रेट से 50 गेंदों में 84 रन बनाकर अपनी खतरनाक फॉर्म जारी रखी है, जबकि सीफर्ट ने 211-9 की स्ट्राइक रेट से 42 गेंदों में 89 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिशेल की लीडरशिप में मिडिल ऑर्डर में गहराई और अग्रेसन है, जो मोमेंटम बनाए रखने और गेम को अधिकार के साथ खत्म करने में सक्षम है।

न्यूजीलैंड का बॉलिंग अटैक एक बैलेंस्ड यूनिट है, जिसमें मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन और जैकब डफी पेस की अगुआई करते हैं, जबकि स्पिनर मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र बीच के ओवरों में ब्रेकथ्रू दिलाते हैं। कीवी टीम टॉप पर विस्फोटक बैटिंग के साथ भरोसेमंद बॉलिंग को जोड़ती है, जो उन्हें इस टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार बनाती है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ड्रामे से अनजान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ एक रोमांचक मुक. ाबले में, प्रोटियाज ने दबाव में जबरदस्त धैर्य दिखाते हुए डबल सुपर ओवर में भी जीत हासिल की। क्विटन डी कॉक ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों में 149 रन बनाकर टॉप पर लीड किया है, जबकि रयान रिकेल्टन अफगानिस्तान के खलिाफ 28 गें. दों पर 61 रन बनाकर अग्रेसिव और फॉर्म में रहे हैं। एडेन मार्करम और डेविड मिलर बीच में स्टेबिलिटी देते हैं, लेकिन प्रोटियाज का मिडिल ऑर्डर अभी भी कमजोर नजर आता है।

बॉलिंग की कमान लुंगी एनगिडी के हाथ में है, जिन्होंने दो मैचों में सात विकेट लिए हैं, उनका साथ मार्को यानसन और कगिसो रबाडा दे रहे हैं। स्पिन ऑप्शन केशव महाराज और जॉर्ज लिडे का पिच पर कम असर पड़ा है, जिससे टर्न बहुत कम मिलता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बैटिंग के लिए स्वर्ग है, जो फ्लैट है, जिसमें सही बाउंस और तेज आउटफील्ड है। 200 से ज्यादा के हाई स्कोर आम हैं, खासकर लाइट्स में, जबकि शाम को ओस चेज करने वाली टीम के लिए फायदेमंद होती है, जिससे टॉस एक जरूरी फैक्टर बन जाता है। साफ आसमान, 22 सेल्सियस और 33 सेल्सियस के बीच टेम्परेचर और हल्की हवाओं के साथ, हाई-ऑक्टेन मुकाबले के लिए कंडीशन आइडियल हैं। इस मैच में धमाकेदार ओपनर, मजबूत मिडिल ऑर्डर और स्ट्राइक बॉलर लाइट्स में भिड़ेंगे। रिकॉर्ड टूट सकते हैं, टेंशन बढ़ सकती है, और एक टीम टूर्नामेंट में शुरू में ही साइकोलॉजिकल बढ़त हासिल कर लेगी। स्ट्रोक बनाने के लिए बनी पिच पर और ओस के साथ जो टीम बाद में बैटिंग करती है, न्यूजीलैंड की फायरपावर उन्हें दो अजेय हैवीवेट टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले में थोड़ी बढ़त दिलाती है।

### 72 द लीग के लिए 170 प्रोफेशनल गोल्फर नीलाम होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के टॉप 170 प्रोफेशनल गोल्फर भारत में प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी तरह के पहले ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, पीजीटीआई की 72 द लीग ने आज यह घोषणा की। 11 अलग-अलग देशों के जाने-माने प्रोफेशनल सोमवार, 16 फरवरी को राजधानी में नीलाम होंगे, जिसमें 72 द लीग के पहले एडिशन के लिए जबरदस्त एक्शन होने की उम्मीद है। लीग में गोल्फर्स के लिए कुल 60 जगहें होंगी, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10-10 गोल्फर्स चुनेंगी, जिससे कुल 6 करोड़ रुपये की नीलामी होगी। भारत की पहली एक्सक्लूसिव नेशनल प्रोफेशनल गोल्फ लीग - 72 द लीग - 21 फरवरी 2026 को शुरू होगी। इस लीग को पीजीटीआई ने गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्सके साथ पार्टनरशिप में लॉन्च किया है, जिसका फाइनल 6 मार्च 2026 को होगा।

# रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बने



**जयपुर, वार्ता।** रियान पराग को आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया है, जो संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स में जाने के बाद फ्रेंचाइजी के लिए एक नए युग की शुरुआत है। पराग, जिन्होंने 2019 में आईपीएल में डेब्यू किया था, ने अपने सभी सात सीजन रॉयल्स के साथ बिताए हैं। पिछले साल जब सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तो उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी, जिसमें दो जीत और छह हार मिली थीं, जिससे टीम नौवें स्थान पर रही थी। हालांकि यह समय मुश्किल साबित हुआ, पराग ने बल्ले से प्रभावित किया, उन मैचों में 38-57 का औसत बनाया, जिसमें ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करियर की सबसे अच्छी 95 रन की पारी भी शामिल है। कुल मिलाकर, पराग ने 84 आईपीएल मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 141-84 के स्ट्राइक रेट से 1566 रन बनाए हैं। उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2024 में आया, जब उन्होंने 149-21 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए। हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने और भी तेज 166-52 की औसत से रन बनाए थे, लेकिन उनका कुल स्कोर घटकर 393 रह गया, जिसमें सिर्फ एक हाफ-सेंचुरी शामिल थी। 2025 सीजन के बाद राहुल द्रविड़ के भी हेड कोच के तौर पर जाने के साथ, रॉयल्स आईपीएल 2026 में एक नई लीडरशिप जोड़ी के साथ उतरेगी, क्योंकि कुमार संगकारा पराग के साथ कमान संभालेंगे, जो फ्रेंचाइजी के लिए एक नया अध्याय होने का वादा करता है।

## जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत भगवानपुर में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में

# 65 शिकायतें हुई दर्ज, 36 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में विकासखंड भगवानपुर के न्याय पंचायत भलस्वागाज राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 1755 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 410 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, इस शिविर में 2165 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 65 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 36 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देशराज कर्णवाल,



उपाध्यक्ष, (राज्यमंत्री स्तर) समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा कुल 65 समस्याएं दर्ज कराई गईं। पानी की टंकी, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि , भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़, साफ-सफाई तथा राजस्व भूमि से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए और जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी,राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति,प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा देवी सिंह राणा,पूर्व सलाहकार सीएम नरेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष संदीप रघुवंशी,मंडल अध्यक्ष विराट गोयल,खंड विकास अधिकारी आलोक गार्गेय सहित समस्त ग्राम प्रधानगण,पंचायत सदस्यगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मसाले की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज प्रात: लगभग 4:16 बजे फायर स्टेशन रुड़की को डीएवी तिराहा, कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही फायर यूनिट रुड़की तत्काल मोटर फायर इंजन के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई और कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया।

घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि "कृष्णा मसाले" नामक दुकान में भीषण आग लगी हुई थी। आग तेजी से फैल रही थी, जिससे आसपास की दुकानों को भी खतरा उत्पन्न हो गया था। फायर कर्मियों ने होज पाइप बिछाकर पंपिंग के माध्यम से कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के साथ आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया तथा आग को अन्य दुकानों तक फैलने से रोक दिया। इस अग्निकांड में दुकान में रखा मसाला एवं अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकान स्वामी श्री विशाल गुप्ता पुत्र श्री कृष्ण कुमार गुप्ता मौके पर उपस्थित थे। उनके अनुसार लगभग 3 लाख रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ है। सौभाग्यवश इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। घटना के दौरान कोतवाली गंगनहर का पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। अग्निशमन कार्य पूर्ण होने के उपरांत घटना की सूचना कंट्रोल रूम रुड़की को प्रेषित कर दी गई। घटनास्थल पर उपस्थित टीम ,लीडिंग फायरमैन ख्र विपिन सैनी,चालक ख्र मोहन सिंह फायरमैन ख्र हरीश राणा,फायरमैन ख्र सुनील बंदोलिया मौजूद रहे। फायर स्टेशन रुड़की की सतर्कता और त्वरित कार्यवाही से एक बड़ा हादसा टल गया।

# ग्राम खेड़ाजट गोलीकांड में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ग्राम खेड़ाजट में 3 फरवरी 2026 की सायं हुई फायरिंग की घटना में फरार चल रहे एक और कुख्यात आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली मंगलौर को फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक स्वयं टीम के साथ सक्रिय हुए और आरोपियों की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए आरोपी के रिश्तेदारों एवं संभावित ठिकानों पर सघन छापेमारी की। लगातार फरारी के चलते न्यायालय से आरोपी के विरुद्ध कुर्की उद्घोषणा वारंट प्राप्त कर चस्पा कराया गया। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस ने 13 फरवरी 2026 को आरोपी को धर दबोचा।गिरफ्तार आरोपी का विवरण-हिमांशु पुत्र रणवीर, निवासी ग्राम खेड़ाजट्ट, कोतवाली मंगलौर, जनपद हरिद्वार।

# ट्रक यूनियन पर शिवभक्तों के लिए भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर ट्रक यूनियन पर 33 वर्षों से शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है ट्रक यूनियन के प्रधान अध्यक्ष चौधरी अरुण कुमार ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवरात्रि पर शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा यह करीब 33 वर्षों से ट्रक यूनियन की ओर से लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमरीश गर्ग ने कहा कि पहले इस भंडारे का आयोजन लक्सर के व्यापारी अशोक आदि के द्वारा किया जाता था करीब 33 वर्षों से ट्रक यूनियन इस भंडारे को लगातार चला रही है उन्होंने कहा अगर किसी की श्रद्धा हो तो वह भंडारे में जो भी श्रद्धा हो दे देता है बाकी पूरा खर्चा ट्रक यूनियन के पदाधिकारी व मेंबर ही वहन करते हैं उन्होंने कहा यह भंडारे का आयोजन आगे भी जारी रहेगा



# पुलिस ने स्मैक के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुड़की क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 6.16 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार अवैध शराब, स्मैक, हेरोइन, चरस व गांजा तस्करों के विरुद्ध अभियान चला रही है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 12 फरवरी 2025 को पुलिस टीम ने रितिक पुत्र अनूप सिंह निवासी ग्राम इब्राहिमपुर, थाना गंगनहर, जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.16 ग्राम अवैध स्मैक तथा 800 रुपये नकद बरामद हुए।। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम में उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह पंवार, हेड कांस्टेबल युनुस बेग, कांस्टेबल अमित, कांस्टेबल प्रदीप डंगवाल एवं कांस्टेबल संदीप चौहान शामिल रहे।

# गन्ने की आवक कम होने से कोल्हू संचालक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**❖झबरेड़ा क्षेत्र में करीब 80 गन्ना कोल्हू पर सैकड़ों मजदूर भी करते हैं काम**

**झबरेडा।** गन्ना कोल्हू में गन्ने के दाम कम होने से गन्ने की आवक कम होने से गन्ना कोल्हू संचालको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कस्बा झबरेड़ा तथा आसपास के क्षेत्र में लगभग 80 गन्ना कोल्हू संचालित है जिनमे गन्ने की पेराई कर गुड बनाने का काम युद्ध स्तर पर किया जाता हैं कुछ समय से गन्ने का खरीद दाम 400 से 470 तक चला तो किसानों द्वारा गन्ना मील में सप्लाई न कर गन्ना कोल्हू में गन्ना सप्लाई किया गया और उस समय शुगर मिल में नो केन होती रही तीन या चार दिन गन्ना इकट्ठा कर मिल को चलाया जा रहा था परंतु फरवरी माह में गन्ना कोल्हू में गन्ने का दाम कम होने से गन्ने की आवक में कमी आई है वही शुगर मिलो द्वारा भी गन्ने के भाव में कुछ बढ़ोतरी की गई है जानकारी मिली है कि देवबंद शुगर मिल द्वारा गन्ने के भाव में 30 रुपए बढ़ोतरी की गई है जिससे उसे क्षेत्र का गन्ना मिल में जाना शुरू हो गया है और गन्ना कोल्हू में गन्ने का दाम 390 से 410 तक ही चल रहा है इसीलिए गन्ना कोल्हू में गन्ने की आवक कम हो रही है गन्ना ठेकेदार मुकीम, पप्पू ,बालू,खजान, मुरसलीन,नौशाद आदि का कहना है कि शुगर मिल द्वारा गन्ने के भाव में बढ़ोतरी करने से गन्ने की आवक में कुछ कमी हुई है परंतु गन्ना कोल्हू में गन्ने की पूर्ति लगभग हो रही है जहां क्षेत्र में गन्ने के भाव गिरे हैं वहीं गुड़ के भाव भी गिरे है। गन्ना ठेकेदारों का कहना है कि गुड़ के भाव गिरने से उनका काफी नुकसान चल रहा है।

# ट्रेन में यात्री का मोबाइल हुआ चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ट्रेन में सफर कर यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। अनिल कुमार निवासी दिल्ली ने दिल्ली जीआरपी को तहरीर देकर बताया कि वह परिजन के साथ देहरादून-दिल्ली मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे थे। ट्रेन के हरिद्वार से रवाना होने के बाद रात के समय किसी ने उनके तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिए। दिल्ली जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला लक्सर जीआरपी को भेज दिया। लक्सर जीआरपी थानाध्यक्ष रचना देवरानी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# नवनिर्मित लाइब्रेरी में 16 फरवरी से पंजीकरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की ब्लॉक स्थित मां भारती लाइब्रेरी में 16 फरवरी से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत छात्रों के लिए पंजीकरण शुल्क 700 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रतिमाह 500 रुपये की फीस रखी गई है।

लाइब्रेरी प्रबंधन रोमा सैनी ने बताया कि सीमित सीटों के कारण केवल 40 विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रबंधन के अनुसार पंजीकरण छात्रों की संख्या और उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा। पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की जाएगी ताकि गंभीर और नियमित अध्ययन करने वाले छात्रों को प्राथमिकता मिल सके। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए शांत और अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, राज्य स्तरीय परीक्षाओं और अन्य शैक्षणिक प्रतियोगिताओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह लाइब्रेरी विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। यहां बैठने की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, पंखे, एसी और स्वच्छ वातावरण का ध्यान रखा गया है। छात्रों को नियमित उपस्थिति और अनुशासन का पालन करना अनिवार्य होगा। रोमा सैनी ने कहा कि क्षेत्र में पढ़ाई के लिए शांत और सुरक्षित स्थान की आवश्यकता को देखते हुए इस लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। सीमित सीटों के कारण इच्छुक छात्र-छात्राओं से समय पर पंजीकरण कराने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी व्यवस्था से युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा और वे अपने लक्ष्य की ओर अधिक एकाग्रता के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

# उत्तराखंड क्रांति दल के नेता कर रहे पहाड़ और मैदान को बांटने का काम : समीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव समीर आलम कहा की उत्तराखंड क्रांति दल के नेता आशीष नेगी पहाड़ और मैदान को बाटने का काम लगातार कर रहे है। मुझे लगता है की आशीष नेगी अपना दिमागी संतुलन खो बैठे है। कभी पहाड़वाद की बात करते है तो कभी मैदानी लोगो को गुरुकुल नरसन के बॉर्डर के बाहर भेजने की बात करते है में ये कहना चाहता हूँ आखिर क्यों आशीष नेगी को इतनी छूत दे रखी है। आज आशीष नेगी प्रदेश के अंदर बिगड़ते कानून व्यवस्था की बात करते है जबकि उनके ऊपर खुद्द 30/35 मुकदमे दर्ज है क्या आशीष नेगी जनता को ये बताने का कष्ट करेंगे की उनके ऊपर ये मुकदमे क्यों दर्ज है जिस आदमी पर इतने मुकदमे हो वो आदमी कानून की बात करता हुआ अच्छा नहीं लगता मुझे लगता है आशीष नेगी जैसे लोग खुद्द पहाड़ मैदान के नाम पर हमारे शांत प्रदेश का माहोल खराब करना चाहते है क्यों आशीष नेगी अपने मुंह से ये नहीं बोलते के पहाड़ के साथ साथ ही हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर को भी परमानेंट मूल निवास प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए लेकिन आज तक इस बात को लेकर या मैदानी क्षेत्रों को लेकर आशीष नेगी और उत्तराखंड क्रांति दल का कोई बयान आज तक नहीं आया मुझे तो ये लगता है कहीं ना कहीं अब आशीष नेगी जैसे लोग आम जनता के साथ साथ पुलिस प्रशासन में भी पहाड़ मैदान करना चाहते है हो सकता है उसी साजिश के तहत देहरादून पुलिस के वर्तमान कप्तान अजय सिंह को भी टारगेट किया जा रहा हो में आशीष नेगी को ये बोलना चाहता हूँ पूरा उत्तराखंड एक है ना कोई पहाड़ी है और ना कोई मैदानी हम सब भाई है ये उत्तराखंड हम सबका है और अपने उत्तराखंड का माहोल हम किसी को भी खराब नहीं करने देंगे।

# पुलिस ने दबोचा जानलेवा हमले का आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** कलियर पुलिस ने नहर पटरी पर जान लेवा हमले के आरोपी को केवल 24 घंटे में दबोच कर जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि बुधवार को धनौरी रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ी पीठ बाजार से आगे नहर पटरी के पास आपसी विवाद के चलते मारपीट हुई।जिसमें आरोपी ने अजय पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।और पीड़ित निल की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर एक टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।गुरुवार को पुलिस टीम ने आरोपी शेख कासिम निवासी लिमोदरा थाना झगड़िया जिला भरूच (गुजरात) को गिरफ्तार कर लिया। और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू भी बरामद कर लिया गया। चाकू बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। टीम में एसएसआई सुनील दत्त पंत, हेड कांस्टेबल रविन्द्र बालियान, जितेन्द्र सिंह और नीरज राणा शामिल रहे।



# श्री साईं सेवा मंडल ने लगाया रक्तदान शिविर

**रुड़की।** श्री साईं सेवा मंडल ट्रस्ट रूडकी द्वारा 10वें रक्तदान शिविर का आयोजन गौशाला में किया गया जिसमें सैकडों रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में सौ युनिट से अधिक रक्त एकत्रित हुआ।

जानकारी के अनुसार रूडकी व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कश्यप ने सभी रक्तवीरों को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान से बडा कोई पुण्य कार्य नहीं है। दान किये गये रक्त से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर चैपियन सूराज रोड, पारस, खुशहाल, नितिन चौहान, जीतेश ग्रोवर, अंकुर आदि मौजूद रहे।

# नए श्रम कानूनों के विरोध में रेलकर्मियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने केंद्र सरकार के औद्योगिक श्रम संहिता कानून को श्रमिकों के हितों के खिलाफ बताया है। यूनियन से जुड़े रेलकर्मियों ने कानून के विरोध और अपनी मांगों को लेकर लक्सर में प्रदर्शन किया। यूआरएमयू के केंद्रीय पदाधिकारियों के आह्वान पर लक्सर शाखा इकाई कार्यालय पर आयोजित गेट मीटिंग में शाखा अध्यक्ष मोहम्मद सुभान खान ने कहा कि सरकार ने 26 श्रम कानूनों को रद्द कर औद्योगिक श्रम संहिता कानून बनाकर श्रमिकों के हितों का हनन किया है। नए कानून में यूनियन को मान्यता देने के लिए 51 फीसदी वोटिंग को अनिवार्य किया जा रहा है। रेलवे कर्मचारी यूनियन इसका पुरजोर विरोध करती है। शाखा सचिव नरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की उपेक्षा कर रही है। नए श्रम कानूनों को वापस नहीं लिए जाने पर कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के हित में नहीं है। सरकार को नई पेंशन योजना वापस लेकर पुरानी पेंशन योजना लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यूनियन कर्मचारियों के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।

# बिजली वसूली को लेकर सख्ती, काटे कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऊर्जा निगम द्वारा बकाया बिजली बिलों की वसूली को लकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चुडियाला बिजली घर की टीम ने सरखेडी और कुजा गांव में बिल वसूली का अभियान चलाया। बिल अदा न करने पर 25 घरेलु उपभोक्ताओं व 13 निजी नलकूपों की कनेक्शन काट दिये गये। जिससे गांव में हडकंप की स्थिति बनी रही। इस दौरान टीम ने करीब तीन लाख की बकाया राशि की वसूली की। अवर अभियंता वसीम ने बताया कि बिलों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## फार्मेसी अधिकारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर

# प्रतिनिधिमंडल की सीएमओ से सकारात्मक वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** जिले के राजकीय फार्मेसी अधिकारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार और जिला मंत्री एस. पी. बडोला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह से शिष्टाचार भेंट कर लंबित मामलों पर समाधान की मांग उठाई।

इस दौरान फार्मेसी अधिकारियों ने सेवा संबंधी विसंगतियों के निस्तारण, लंबित बिलों के शीघ्र भुगतान तथा अस्पतालों में बढ़ते कार्यभार को देखते हुए फार्मेसी अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने और नए पद सृजित करने की मांग प्रमुखता से रखी। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में स्टाफ की कमी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि लंबित बिलों और सेवा संबंधी विसंगतियों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही पदों में वृद्धि के प्रस्ताव को महानिदेशक कार्यालय भेजने पर सहमति बनी, ताकि शासन स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जा सके। डॉ. सिंह ने सरकारी चिकित्सालयों



में कार्यरत फार्मेसी अधिकारियों और मुख्य फार्मेसी अधिकारियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु संचालन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।बैठक के अंत में संघ पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ कोषाध्यक्ष विपिन वर्मा, प्रीति अस्थाना, उमेश मैठाणी, बिंदु गुप्ता, संजीव चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विकास कार्यों की अनदेखी पर पार्षद नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामनगर वार्ड नंबर 25 में जलभराव और गंदगी की समस्या को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड पार्षद पंकज सतीजा ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि समस्याओं के समाधान के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

पार्षद का कहना है कि नगर निगम की ओर से जो टैंकर नाले का गंदा पानी निकालने के लिए भेजा गया, वह सिर्फ दिखावे की कार्रवाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल "फॉर्मेलिटी" निभाई जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस और स्थायी कदम नहीं उठाया जा रहा। उनके अनुसार, नालियों की नियमित सफाई नहीं की जा रही है, जिससे गली-मोहल्लों में गंदगी फैल रही है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बरसात हो या सामान्य दिन, गंदा पानी गलियों में जमा रहता है। इससे आवागमन बाधित होता है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। लोगों का कहना है कि अस्थायी रूप से टैंकर भेजने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। पार्षद पंकज सतीजा ने दोहराया कि उन्होंने



कई बार लिखित शिकायतें की हैं और अधिकारियों से मुलाकात भी की है, लेकिन अब तक स्थिति में कोई बड़ा सुधार देखने को नहीं मिला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।वहीं नगर निगम प्रशासन का कहना है कि समस्या को संज्ञान में लेकर टीम को मौके पर भेजा गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 14 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# चर्चाओं में ट्रेड डील

शुक्रवार को संसद सत्र की कार्रवाई 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 13 दिनों तक चली लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई अधिक समय तक बाधित ही रही और बजट सत्र का 13वां दिन भी अन्य दिनों से इतर नहीं रहा और लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्रवाई जहां करीब दस मिनट तक चल पाई तो वहीं राज्यसभा की कार्रवाई दो घंटे तक चल पाई। वैसे भी अब लोग यह देखने के लिए आदि हो चले हैं। अब संसद में चर्चाएं कम, शोर-शराबा अधिक होता है और इस प्रवृत्ति में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। यह भी समझना मुश्किल है कि आखिर हमारे माननीय चर्चाओं से क्यों बचते हैं। सरकार अपने कार्यों का बखान करती नहीं थकती और विपक्षी दलों को चूका हुआ बताती है। वहीं विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर जनहित कार्यों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाते रहते हैं। जब ये दोनों बातें अगर सही हैं तो फिर चर्चाओं से क्या भागना। माना कि चर्चा संसद में कार्रवाई सुचारू रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी दोनों पक्षों की होती है, लेकिन सरकार को यह मानना ही पड़ेगा कि यह जिम्मेदारी उसके हिस्से में ज्यादा आती है। अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, निश्चित रूप से वह बेहद महत्वपूर्ण समझौता है और सरकार उसकी तारीफ भी कर रही है और बता रही है कि इस समझौते से देश में रोजगार के द्वार खुलेंगे, विशेषकर किसानों को बहुत फायदा होगा, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं मानता। सबसे बड़ी बात यह है कि किसान भी ऐसा नहीं मानते। इस ट्रेड डील को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद व संसद से बाहर भी तकरार जारी है। शुक्रवार को भी दो बयान सामने आए हैं। इसमें एक बयान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का है, जो अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते को किसानों के हित में बता रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर किसानों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया। गोयल के अनुसार अमेरिका से समझौता देश के किसानों को फायदा देगा। खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उत्पादों की मांग बढ़ेगी, जिससे किसानों में ज्यादा खुशहाली आएगी। तो वहीं लोकसभा के परिसर में किसान संगठनों के अनेक नेताओं ने राहुल गांधी से बात की। बताया जा रहा है कि बातचीत में भारत अमेरिका अंतिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने पर चर्चा हुई। किसान नेताओं का कहना था कि मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी रोटी पर इससे प्रभाव पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि अभी तक सरकार की तरफ से भी यह स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया कि वास्तव में यह डील किस तरह हुई है। केवल प्रशंसा ही सामने आ रही है। जाहिर है इससे भ्रम की स्थिति बनेगी, जोकि बन भी रही है और लगता है कि यह ट्रेड डील भारतीय राजनीति में काफी उथल पुथल मचाएगी।

## चंद हाथों की जागीर बन चुका था कानून



आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है, 2017 से पहले सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे, अपराधी, अपराधी होता है, हमारी सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है, पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे, पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी, आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है, 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है, महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है, 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री , उप्र**

# नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि



एम. इमरान

हाल के वर्षों में समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक अद्भुत उपलब्धि सामने आई है, जब प्रशांत महासागर की गहराइयों का अन्वेषण कर रहे शोधकर्ताओं ने लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया। यह खोज केवल वैज्ञानिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की विविधता और उसकी जटिलता को समझने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है और इसका अधिकांश हिस्सा महासागरों से बना है। इनमें भी प्रशांत महासागर, जो विश्व का सबसे बड़ा और सबसे गहरा महासागर है, अपनी रहस्यमई गहराइयों के कारण लंबे समय से वैज्ञानिकों को आकर्षित करता रहा है। अब जब आधुनिक तकनीक, गहरे समुद्र में उतरने वाले स्वचालित यंत्र और उन्नत कैमरों की सहायता से इन गहराइयों तक पहुंचना संभव हुआ है, तब समुद्री जीवन के अनदेखे संसार की परतें खुलनी शुरू हुई हैं।

प्रशांत महासागर की गहराइयों में स्थित समुद्री तल, जिसे सीबेड कहा जाता है, अत्यंत कठोर और चुनौतीपूर्ण वातावरण प्रस्तुत करता है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और जल का दबाव इतना अधिक होता है कि सामान्य जीवों का वहां जीवित रह पाना लगभग असंभव प्रतीत होता है। फिर भी जीवन ने इन विषम परिस्थितियों में भी अपने लिए स्थान बना लिया है। शोधकर्ताओं ने जिन 800 नई प्रजातियों को दर्ज किया है, उनमें विभिन्न प्रकार के स्पंज, कोरल, केंचुए जैसे जीव, अजीब आकार की मछलियां, सूक्ष्म जीव, समुद्री तारे, झींगा और कई प्रकार के अकशेरुकी जीव शामिल हैं। इन जीवों की बनावट, रंग और व्यवहार इतने अनोखे हैं कि वे मानो किसी दूसरे ग्रह से आए हुए प्रतीत होते हैं।

यह खोज मुख्य रूप से गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों की संभावित खोज के दौरान किए गए सर्वेक्षणों के माध्यम से सामने आई। जब वैज्ञानिकों ने समुद्री तल का मानचित्रण करना प्रारंभ किया, तब उन्हें वहां जीवन की अप्रत्याशित विविधता देखने को मिली। इन अभियानों में स्वचालित पनडुब्बियों, रोबोटिक आर्म से युक्त रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स और उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरों का उपयोग किया गया। इन उपकरणों ने हजारों मीटर की गहराई में जाकर तस्वीरें और नमूने एकत्र किए। बाद में प्रयोगशालाओं में इन नमूनों का विश्लेषण कर यह पाया गया कि इनमें से सैकड़ों जीव विज्ञान के लिए पूर्णतः नए हैं।




नई प्रजातियों की खोज का महत्व केवल इस बात में नहीं है कि हमने पृथ्वी पर जीवन के नए रूप देखे हैं, बल्कि इस तथ्य में भी है कि ए प्रजातियां समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गहरे समुद्र के जीव कार्बन चक्र, पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण और समुद्री खाद्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि इन क्षेत्रों में बिना पर्याप्त अध्ययन के खनन या अन्य औद्योगिक गतिविधियां आरंभ की जाती हैं, तो इससे इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इसीलिए वैज्ञानिक समुदाय अब यह आग्रह कर रहा है कि गहरे समुद्र में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि से पहले व्यापक पर्यावरणीय आकलन किया जाए।

इन खोजों ने यह भी सिद्ध किया है कि पृथ्वी पर जैव विविधता का एक विशाल हिस्सा अभी भी हमारे ज्ञान से परे है। वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं कि समुद्र की गहराइयों में लाखों प्रजातियां ऐसी हो सकती हैं, जिनका अभी तक कोई रिकॉर्ड नहीं है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल पर पाए गए जीवों की अनुकूलन क्षमता अद्भुत है। कुछ जीवों के शरीर पारदर्शी हैं, ताकि वे अंधेरे में छिपे रह सकें। कुछ के शरीर पर ऐसे रासायनिक यौगिक होते हैं, जो उन्हें अत्यधिक दबाव और कम तापमान में जीवित रहने में सहायता करते हैं। कई जीव जैव-दीप्ति का उपयोग करते हैं, जिससे वे स्वयं प्रकाश उत्पन्न कर सकते हैं। यह प्रकाश उन्हें शिकार आकर्षित करने, साथी को पहचानने या शत्रुओं से बचने में मदद करता है।

समुद्री तल पर पाए गए नए कोरल और स्पंज की प्रजातियां विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। कोरल संरचनाएं समुद्री जीवन के लिए आश्रय स्थल का कार्य करती हैं। हालांकि अधिकांश लोग कोरल को उथले जल में पनपते हुए देखते हैं, परंतु गहरे समुद्र में भी ठंडे पानी के कोरल पाए जाते हैं, जो हजारों वर्षों तक जीवित रह सकते हैं। ए कोरल संरचनाएं अत्यंत धीमी गति से बढ़ती हैं, इसलिए यदि इन्हें कोई क्षति पहुंचती है तो उनका पुनर्निर्माण बहुत लंबा समय लेता है। नई प्रजातियों की खोज ने यह स्पष्ट किया है कि गहरे समुद्र का पारिस्थितिकी तंत्र उतना ही समृद्ध और जटिल है जितना कि स्थल पर स्थित वर्षावन। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू औषधीय अनुसंधान से भी जुड़ा है। समुद्री जीवों में पाए जाने वाले रासायनिक यौगिक कई बार औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। पहले भी समुद्री स्पंज और अन्य जीवों से कैंसर रोधी तथा संक्रमण-रोधी दवाओं के लिए प्रेरणा मिली है। अब जब सैकड़ों नई प्रजातियां सामने आई हैं, तो संभावना है कि इनमें से कुछ भविष्य की दवाओं के विकास में सहायक सिद्ध हों। इस प्रकार समुद्री जैव विविधता का संरक्षण मानव स्वास्थ्य के लिए भी अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण है।

वैज्ञानिकों ने यह भी रेखांकित किया है कि समुद्र की गहराइयों का अध्ययन जलवायु परिवर्तन को समझने में सहायक हो सकता है। समुद्री तल पर जमा अवसाद और वहां रहने वाले सूक्ष्म जीव पृथ्वी के जलवायु इतिहास का रिकॉर्ड संजोए रखते हैं। इनके अध्ययन से यह जाना जा सकता है कि अतीत में पृथ्वी का तापमान कैसे बदलता रहा और समुद्री जीवन ने उन परिवर्तनों के साथ कैसे अनुकूलन किया। यह ज्ञान भविष्य में संभावित जलवायु परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने में सहायक हो सकता है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल की यह खोज हमें यह भी याद दिलाती है कि मानव ज्ञान अभी भी सीमित है। अंतरिक्ष की खोज जितनी रोमांचक है, उतनी ही रहस्यमई हमारे अपने ग्रह की गहराइयां भी हैं।

समुद्र की अंधेरी, ठंडी और उच्च-दबाव वाली दुनिया में जीवन की इतनी विविधता का मिलना इस बात का प्रमाण है कि प्रकृति कितनी सृजनशील और अनुकूलनशील है। यह खोज वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और आम जनता सभी के लिए एक संदेश है कि हमें महासागरों के संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज जब विश्वभर में समुद्री संसाधनों के दोहन की होड़ लगी हुई है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करें। यदि गहरे समुद्र में खनन की अनुमति दी जाती है, तो उससे पहले वहां के जैव विविधता का विस्तृत अध्ययन और संरक्षण रणनीतियों का निर्माण अनिवार्य होना चाहिए। लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण इस दिशा में पहला कदम है, परंतु यह यात्रा अभी लंबी है। आने वाले वर्षों में और भी अनगिनत खोजें सामने आ सकती हैं, जो हमें जीवन के मूलभूत प्रश्नों के उत्तर खो. जने में सहायता करेंगी। अंततः प्रशांत महासागर की गहराइयों में हुई यह खोज मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक समर्पण का परिणाम है। यह हमें सिखाती है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, जीवन अपना रास्ता खोज लेता है। यह खोज न केवल विज्ञान की जीत है, बल्कि प्रकृति की अदम्य शक्ति और विविधता का उत्सव भी है। महासागरों के संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह उपलब्धि एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी बनेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**कीटों का प्रकाश की ओर आकर्षण अब तक एक रहस्य है किंतु हमें समझना होगा कि कीट-पतंगे मिट्टी को उपजाऊ बनाने में, परागण में व खाद्य उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । मल एवं लाशों का सफाया करने में भी कीटों का बड़ा योगदान है । हम कई मामलों में इनकी 9 लाख प्रजातियों पर निर्भर हैं । इसलिए इन्हें बचाने के लिए हमें कृत्रिम प्रकाश का उपयोग कम करके अन्य विकल्प खोजने होंगे ।**

# इनसेक्ट्स के लिए घातक हर वक्त रोशनी

जंतु जगत के संघ आर्थोपोडा के वर्ग इंसेक्टा में विचित्र प्रकार के कीट शामिल हैं और उनके क्रियाकलाप भी विचित्र होते हैं। इसलिए इन कीटों का अध्ययन, शोध और इनके रहस्यमय जीवन की जानकारियां पाना अत्यधिक रूचिकर व मजेदार होता है। सामान्यतः जंतु और पौधे प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देते हैं। पौधों में प्रकाशानुवर्तन और गुरुत्वानुवर्तन के गुण विद्यमान हैं। कीटों में भी प्रकाशानुवर्तन होता है। प्रकाशानुवर्तन में कीट प्रकाश स्रोत की ओर गमन करते हैं। यह प्रवृत्ति धनात्मक प्रकाशानुवर्तन कहलाती है। कीटों का प्रकाश के प्रति आकर्षण भिन्न-भिन्न होता है। कॉकरोच Periplaneta americana रोशनी से दूर अंधेरे की तरफ भागते हैं। इस प्रवृत्ति को ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन कहते हैं। कई कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत से आकर्षित होकर इनके करीब आते हैं। उदाहरण के लिए, बारिश के मौसम में जलते हुए बल्ब के चारों तरफ हमें ढेरों कीट-पतंगों के झुंड देखने को मिलते हैं। कीट-पतंगे रोशनी के स्रोत के इर्द-गिर्द भिनभिनाते रहते हैं और अंत में प्रकाश स्रोत से टकराकर उसकी गर्मी से मर जाते हैं।

वैज्ञानिकों ने इनकी इस प्रवृत्ति पर कई शोध किए हैं और तर्क, अवधारणाएं व सिद्धांत दिए हैं किंतु पूरी तरह से सटीक रूप से आज भी इसका जवाब विवादास्पद है। बायोलोजिकल कंजर्वेशन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 30 में से 10 कीट बल्ब को चांद समझकर रात भर बल्ब के चक्कर लगाते हैं व सुबह तक मर जाते हैं। एक प्रसिद्ध परिकल्पना के अनुसार जब पूर्व में कृत्रिम प्रकाश स्रोत नहीं थे, तब कीट पतंगे



चांद का अनुगमन किया करते होंगे ताकि वे अपनी दिशा का निर्धारण कर सकें। चूंकि चांद से इनकी दूरी बहुत अधिक है इसलिए इनके द्वारा गति करने पर बनाया गया कोण हमेशा ही एक समान बना रहेगा, लेकिन अब कृत्रिम प्रकाश स्रोत के होने से उन्हें यह आभास होने लगा कि चांद धरती पर आ गया है। इस परिकल्पना के मुताबिक वे अपने और कृत्रिम प्रकाश स्रोत (जिसे वे चांद समझ रहे हैं) के बीच समान कोण बनाए रखना चाहते हैं, किंतु प्रकाश स्रोत करीब होने से ऐसा संभव नहीं हो पाता और वे उसी से टकराकर मर जाते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि केवल नर कीट ही प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं जबकि मादा नहीं। ज्ञात हुआ है कि नर कीट-पतंगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मादा कीट-पतंगे विशेष प्रकार की गंध छोड़ते हैं। यह गंध वैसी ही होती है जैसी गंध जलते हुए प्रकाश स्रोत से निकलती है। इस कारण से नर कीट को आभास होता है कि वहां कोई मादा है और वह उसकी खोज में प्रकाश के करीब पहुंच जाते हैं एवं प्रकाश स्रोत से टकराकर मर जाते हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार 60 प्रतिशत कीटों को कृत्रिम प्रकाश में दिखना भी बंद हो जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि कीट-पतंगे रोशनी के संपर्क में आने के बाद जब उससे दूर होते हैं तब इन्हें करीब आधे घंटे तक कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस वजह से अंधेपन से बचने के लिए वे प्रकाश स्रोत के चारों ओर मंडराते रहते हैं। जब अचानक से ये स्रोत के बहुत करीब पहुंचकर उससे टकराते हैं तब उसकी गर्मी से इनकी मौत हो जाती है। परीक्षणों द्वारा यह भी पता चला है कि कुछ मादा पतंगे अपने शरीर से अवरक्त प्रकाश (इंफ्रारेड) उत्पन्न करती हैं जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। ठीक उसी तरह का अवरक्त प्रकाश आग या जलती हुई चीजों से उत्पन्न होता है जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। यही कारण है की कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत के आसपास मंडराते रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक जर्मनी में गाड़ियों की हेडलाइट से सालाना करीब 120 करोड़ से ज्यादा कीट मारे जाते हैं। रात में कीट सफेद व पीले रंग के कपड़ों में चिपकने लगते हैं क्योंकि इन्हें पराबैंगनी प्रकाश और कम तरंग दैर्घ्य के रंग अत्यधिक आकर्षित करते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदी होते हैं। स्पष्ट है कि अब तक कीटों के प्रकाश के प्रति आकर्षण के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा कोई ठोस व एकमेव सिद्धांत नहीं दिया गया है। **...साभार**


# वर्ल्ड रेडियो डे : एक दौर था जब रेडियो का हर कोई दीवाना था



राधा नामदेव

राधा नामदेव के नाम से मुझे रेडियो से पहचान मिली है और मैं एक व्यवसाई महिला हूं और रेडियो मेरा जीवन साथी 1985 से मैं 8 साल की उम्र से रेडियो सुनती आ रही हूं या यूं कहें मेरी जिंदगी में एक अहम भूमिका रेडियो ने निभाई है। विश्व रेडियो दिवस के विषय में बहुत लिखने का मन है, रेडियो दिवस की अधिकारिक घोषणा 2011 में की गई थी और 2012में 13 फरवरी को पहली बार विश्व रेडियो दिवस मनाया गया, तब से हम रेडियो प्रेमी हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाते आ रहे हैं, रेडियो दिवस हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है।

रेडियो का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है हम सभी रेडियो प्रेमी एक परिवार की तरह रहते हैं। रेडियो 90के दशकों में जितना दुर्लभ था। आज के टाइम में उतना ही आसान है। वो वक्त था जब हम रेडियो सिर्फ घर में ही सुन सकते थे आज के टाइम में हम रेडियो हर वक्त अपनी जेब में रखते हैं और कोई प्रोग्राम नहीं छूटता। बड़ा ही सरल है आज के टाइम में



रेडियो सुनना महत्वपूर्ण जानकारियां, समाचार गीत संगीत का एक ऐसा भंडार जो आज भी लोगों के दिलों पर राज करता है। एक बार फिर से विश्व रेडियो दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## सितारों ने रूपहले पर्दे पर दी रेडियो को आवाज



**मुंबई।** बॉलीवुड के कई सितारों ने रूपहले पर्दे पर रेडियो को आवाज़ दी है। हर साल 13 फरवरी को वर्ल्ड रेडियो डे मनाया जाता है। रेडियो आज भी ऐसा माध्यम है जो दूरियों को मिटाता है, लोगों को जोड़ता है और भावनाओं को आवाज़ देता है। पॉडकास्ट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से बहुत पहले, रेडियो ही बातचीत, संगीत और खबरों का सबसे भरोसेमंद ज़रिया था। बॉलीवुड ने रेडियो को हमेशा सिर्फ़ एक पेशे के रूप में नही, बल्कि लोगों को जोड़ने वाले एक भावनात्मक सहारे के रूप में दिखाया है। सिर्फ यही नही, हिदी फिल्मों ने रेडियो के इस असर को कई यादगार किरदारों के ज़रिए भी दिखाया है। सलाम नमस्ते 2005 में प्रीति जिंटा ने रेडियो जॉकी अम्बर एम्बी मल्होत्रा का किरदार निभाया था। यह किरदार आत्मनिर्भर, बेबाक और मॉडर्न था। उस समय जब एफएम रेडियो युवाओं में लोकप्रिय हो रहा था, एम्बी ने दिखाया कि आरजे सिर्फ़ गाने नहीं बजाते, बल्कि श्रोताओं के दोस्त भी होते हैं। लगे रहो मुन्नाभाई 2006 में विद्या बालन यानी जान्हवी एक रेडियो शो होस्ट थी, जो अपने शो के ज़रिए गांधीजी के विचार आम लोगों तक पहुंचाती हैं। इस फिल्म ने दिखाया था कि रेडियो कैसे समाज में सकारात्मक सोच और बदलाव ला सकता है। लगे रहो मुन्नाभाई में संजय दत्त का किरदार रेडियो जॉकी नहीं था, लेकिन रेडियो की भूमिका कहानी में बहुत अहम थी। रेडियो के ज़रिए गांधीगिरी लोगों तक पहुंची और यह साबित हुआ कि यह माध्यम किसी की भी सोच को प्रभावित करने की जबरदस्त ताक़त रखता है। गुजारिश 2010 ऋतिक रोशन ने ईथन मैस्करेनहास का किरदार निभाया था, जो हादसे के बाद रेडियो जॉकी बन जाता है। उनका लेट-नाइट शो भावनाओं और शायरी से भरा होता है। यह किरदार दिखाता है कि रेडियो आवाज़ के ज़रिए दिलों से कैसे जुड़ता है। तुम्हारी सुलु 2017 में विद्या बालन एक साधारण गृहिणी सुलु के रूप में नज़र आती हैं, जो लेट-नाइट रेडियो जॉकी बन जाती है। उनका किरदार रेडियो की सादगी और अपनापन दिखाता है, जहां श्रोता खुलकर अपनी बातें साझा करते हैं।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा व अन्य विपक्षी सांसद।

## दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय में गोलीबारी, दो की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय के परिसर में हुई गोलीबारी की एक घटना में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। 'फॉक्स न्यूज' ने शुक्रवार को यह जानक.ारी साझा की। यह घटना गुरुवार शाम 'ह्यूजाइन सूट्स' छात्र आवासीय परिसर में हुई। घटना के बाद विश्वविद्यालय ने परिसर में 'लॉकडाउन' लागू कर दिया है। दक्षिण कैरोलिना कानून अनुपालन विभाग इस मामले की जांच कर रहा है।

## भारतीय वायुसेना ने थाईलैंड वायु सेना के साथ अभ्यास में साझा किए रणकौशल के गुर

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में थाईलैंड की वायु सेना रॉयल थाई वायुसेना के साथ तीन दिन तक एक अभ्यास में हिस्सा लिया जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ हुआ और पारस्परिक समझ में वृद्धि हुई। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 9 से 12 फरवरी तक हुए इस युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास में द्विपक्षीय सहभागिता पर जोर दिया गया। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 बहुउद्देश्ईय लड़ाकू विमान और रॉयल थाई वायुसेना के साब ग्रिपेन जेट ने अपने रण कौशल का प्रदर्शन किया। समुद्री क्षेत्र के उपर वायु सेना के विमानों की विस्तारित दूरी की उड़ानों के लिए आईएल-78 आकाश में ईंधन भरने वाले टैंकरों द्वारा सहायता प्रदान की गई।


# इमरान की एक आंख की 85 प्रतिशत रोशनी खत्म

## कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच, पूर्व पाक पीएम इमरान बोले: प्राइवेट इलाज की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85 प्रतिशत रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे।

अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डाक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15 प्रतिशत रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डाक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है। इमरान खान को अगस्त 2023 में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे तब

■ अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई



से जेल में बंद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए। 73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डाक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डाक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके परिवार और वकीलों से मिलने पर भी पाबंदियां लगाई गईं। अदालत के आदेश के बावजूद उनकी बहनों को नियमित रूप से मिलने नहीं दिया गया। हालांकि हाल ही में जेल प्रशासन बदलने के बाद अब उन्हें अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार 30 मिनट मिलने की इजाजत मिली है। उनके बेटों कासिम और सुल.मान से 2025 में सिर्फ दो बार फोन पर बात करने दी गई। पिछले पांच महीनों से उन्हें अपने मुख्य वकील और कानूनी टीम से भी मिलने नहीं दिया गया। रिपोर्ट के अंत में चेतावनी दी गई है कि अगर तुरंत बेहतर मेडिकल जांच, साथ ही परिवार और वकीलों से मिलने की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो उनकी सेहत को और गंभीर खतरा हो सकता है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने पिछले महीने बताया था कि इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्लूजन (सीआरवीओ) नाम की बीमारी पाई गई है। पार्टी ने कहा था कि मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय में सही इलाज नहीं मिलने पर इमरान की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है।

# बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत

## बीएनपी + गठबंधन ने 299 में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए 150 के आंकड़े को पार किया

■ जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक की गणना में 77 सीटें मिली हैं

■ हिंदू वोट बीएनपी को मिले बीएनपी ने मोदी को धन्यवाद कहा रिश्ते मजबूत करने की उम्मीद जताई



**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के वोट खासकर हिंदू वोटर बीएनपी में शिफ्ट हो गए। बीएनपी को अवामी लीग के गढ़ रहे गोपालगंज के अलावा खुलना, सिलहट, चटगांव, ठाकुरगंज में जीत मिली है।

जमात का अतीत आड़े आ गया, लोगों को याद रहा कि उसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। जमात इस दाग को नहीं धो पाई। स्टूडेंट्स की नेशनल सिटीजन पार्टी को आपसी फूट और जमात से गठबंधन करना भारी पड़ा। उन्हें लोगों ने पूरी तरह खारिज कर दिया। बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बीएनपी ने पीएम मोदी के बधाई पोस्ट का जवाब दिया। बीएनपी के चुनाव प्रबंधन कमिटी के चेयरमैन नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि हम भी मोदी जी का धन्यवाद देते हैं। हमारा मानना है कि तारिक रहमान के नेतृत्व में दोनों देशों के रिश्ते और लोगों के बीच का बंधन और मजबूत होगा। चीन ने बांग्लादेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण आम चुनाव की तारीफ की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव ठीक तरह से हुए और बीएनपी को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि चीन, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक फैसलों का समर्थन करता है और ढाका के साथ मिलकर चीन-बांग्लादेश रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने और ज्यादा निवेश लाने की कोशिश की थी। अब बीएनपी की सरकार से भी उम्मीद है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखेगी, क्योंकि चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। देश के इतिहास में चौथे जनमत संग्रह में 60.26 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 48074429 वोट हां के पक्ष में पड़े, जबकि 22565627 वोट नहीं के पक्ष में पड़े। गुरुवार को 13वें संसदीय चुनाव के साथ आयोजित जनमत संग्रह में कुल 70640056 लोगों ने मतदान किया। यह परिणाम जुलाई के राष्ट्रीय चार्टर में शामिल संवैधानिक सुधार के 48 बिंदुओं को लागू करने के लिए जनता की सहमति को दर्शाता है।

### बांग्लादेश के साथ मिलकर काम करने का उत्सुक: शहबाज

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को प्रचंड बहुमत मिला है। 300 सीटों में 200 से ज्यादा सीटें जीतकर बीएनपी सत्ता में आ रही है। ऐसे में तारिक रहमान प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। इस बीच भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी बीएनपी की जीत पर बधाई दी है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने शुक्रवार को बीएनपी और पार्टी नेता तारिक रहमान को संसदीय चुनावों में भारी बहुमत हासिल करने पर बधाई दी। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने एक बयान में बांग्लादेश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए इस्लामाबाद के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व्यापार, रक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ढाका में नया राजनीतिक वातावरण पूरे क्षेत्र में अधिक संतुलित, स्वतंत्र और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक जुड़ाव में योगदान देगा। इसी के साथ बांग्लादेश की निरंतर स्थिरता, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी बीएनपी को 'शानदार जीत' दिलाने पर तारिक रहमान को बधाई भी दी।

## ढाका-3 से अल्पसंख्यक हिंदू नेता गायेश्वर राय जीते

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र राय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है।

■ राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया

राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को परा.जित किया। शाहिनुर इस्लाम जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार थे। यह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। राय की जीत ऐसे समय में आई है जब देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित हमलों और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं। दिसंबर में कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद कई स्थानों पर तनाव की स्थिति बनी थी। भारत ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ऐसे माहौल में एक हिंदू नेता का राजधानी क्षेत्र से जीतना राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बदलाव की संभावना का प्रतिनिधित्व करते तारिक रहमान

**नई दिल्ली।** लंदन में 17 साल के स्व-निर्वासन से लौटने के लगभग दो महीने बाद सभी उम्मीदों को धता बताते हुए तारिक रहमान ने बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को एक निर्णायक जीत दिलाई है। इस शानदार जीत में बीएनपी ने दो-तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा किया और अवामी लीग पर लगे विवादास्पद प्रतिबंध के बाद बने शून्य को भर दिया। इस जीत ने शासन का कोई पिछला अनुभव न रखने वाले व्यक्ति को 17 करोड़ लोगों के राष्ट्र के प्रमुख के पद पर पहुंचा दिया है। विरासत की राजनीति के अभ्यस्त इस देश में, रहमान का उत्थान अपरिहार्य और असंभव दोनों ही महसूस हुआ। वह जियाउर रहमान के सबसे बड़े बेटे हैं, वही पूर्व सैन्य अधिकारी जिन्होंने 1971 में बंगलादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की थी।

## भारत जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं: डा. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिह ने जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नई गति देने के उद्देश्य से एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाच.ार पहल के तहत दो हजार करोड़ रुपये के बीआईआरएसी-आरडीआई फंड की पहली राष्ट्रीय घोषणा की। डॉ. जितेंद्र सिह ने आज यहां इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भारत अब जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ चुका है। यह पहल विज्ञान-आधारित विकास की दिशा में भारत के दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला से उद्योग तक के अंतर को पाटने के लिए यह फंड एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

## सोवियत युग के आलोचक राय मेदवेदेव का निधन

**मास्को।** सोवियत युग के प्रमुख आलोचक और लेखक राय मेदवेदेव का शुक्रवार को 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया, इसकी जानकारी रूस के राज्य मीडिया ने दी। मेदवेदेव स्टालिन और बाद के सोवियत नेताओं की नीतियों के आलोचक के रूप में जाने जाते थे।

मेदवेदेव ने सोवियत युनियन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएसयू) द्वारा अपनाई गई मार्क्सवादी नीतियों की आलोचना की। उनके किताब 'लेट हिस्ट्री जज' के पश्चिम में प्रकाशित होने के बाद उन्हें 1969 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उनके पिता अलेक्जेंडर, जो रेड आर्मी में कमिसर थे, स्टालिन की शुद्धिकरण नीतियों के दौरान गिरफ्तार हुए और जीयूएलएजी श्रम शिविर में मृत्यु हो गई। मेडवेदेव का नाम उनके पिता ने भारतीय कम्युनिस्ट नेता एम एन राय के नाम पर रखा था। 1960 के दशक में सोवियत बुद्धिजीवियों में उदित हुए सुधारवादी समाजवाद के विचारों को उनके कार्यों में देखा जा सकता है। 1970 में, उन्होंने एंड्रेई सखारोव और अन्य के साथ मिलकर सोवियत नेतृत्व को खुला पत्र लिखा। मेदवेदेव ने अपने जुड़वां भाई झोरेस के साथ मिलकर लिखी किताब 'ए क्वेश्चन आफ मैडनेस' में झोरेस के कालुगा मनोवैज्ञानिक अस्पताल में अनैच्छिक बंदीकरण का वर्णन किया। 1989 में, मिखाइल गोर्बाचेव की पेरिस्ट्रोइका और ग्लासनास्ट सुधारों के दौरान मेदवेदेव ने कम्युनिस्ट पार्टी में फिर से प्रवेश किया।

## मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित चार प्रांतों को आपदा क्षेत्र किया घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम (32.79 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निक.ाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार बारिश और बाढ़ से 110000 हेक्टेयर से अधिक का क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

# चीनी प्रभुत्व को रोकने को मजबूत भारत जरूरी: कपूर

## दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान टिप्पणी की

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है।

मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाए रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला



■ सुनवाई के दौरान व्यापार कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे

कैसे करना चाहिए और दक्षिण एवं मध्य एशिया में तेजी से बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सत्र की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष और प्रतिनिधि बिल हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया उपसमिति की कार्यवाही शुरू की जाती है। इस सुनवाई का उद्देश्य दक्षिण मध्य एशिया में अमेरिका की विदेश नीति की जांच करना है। उन्होंने इस क्षेत्र को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक बताया और कहा कि वहां अमेरिकी रणनीति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और हमारी वैश्विक उपस्थिति की कुंजी है। हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया लगभग दो अरब लोगों, गतिशील अर्थव्यवस्थाओं और रणनीतिक जलमार्गों का घर है जो भारत-प्रशांत में शक्ति संतुलन को आकार देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि हमारा जुड़ाव आने वाले दशकों के लिए एशिया में अमेरिका की भूमिका को परिभाषित करेगा। अध्यक्ष ने आगाह किया कि चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड' पहल के माध्यम से अपने सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के लिए 'दमनकारी ऋण' देता है और छोटे देशों को कर्ज के जाल में फंसाता है।' उन्होंने यह भी कहा कि चीन ने अपनी सैन्य आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करते हुए भारत, नेपाल और भूटान के साथ अपनी सीमाओं को मजबूत किया है।

# ट्रम्प ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

## ईरान से तनाव के बीच अमेरिका की बड़ी तैयारी, नए फैसले ने दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक नए फैसले ने दोनों देशों के बीच इस कड़वाहट को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

दरअसल ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। इस खबर को सबसे पहले द न्यूयार्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया था। ट्रम्प के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वारशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। सैन्य गति.विधियों की जानकारी देने वाले व्यक्ति ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह बातें साझा की हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रायर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। यूएसएस फोर्ड के लिए यह एक अचानक बदलाव है। पिछले साल अक्टूबर में ट्रम्प ने इसे भूमध्य सागर से कैरेबियन भेजा था। उस समय वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए वहां बड़ी सैन्य मौजूदगी तैयार की गई थी। यह कदम ट्रम्प की उस सुरक्षा रणनीति से अलग नजर आता है, जिसमें उन्होंने दुनिया के दूसरे हिस्सों के बजाय पश्चिमी गोलार्ध पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही थी। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने एक्सियोस को बताया था कि वह मध्य पूर्व में एक और युद्धपोत भेजने के बारे में सोच रहे हैं। फिलहाल व्हाइट हाउस ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।



■ इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा, स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

